श्री शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित


# विकसित भारत समाचार


राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 330 | गुवाहाटी | गुरुवार, 29 जून, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/



अल्लापुर के विधायक निजामुद्दीन चौधरी गिरफ्तार — पेज 3
पमर विशिष्ट सेवा मेडल से विभूषित ले. जनरल ( रिटायर्ड ) डिमरी को सरकार ने... — पेज 4
विद्यार्थियों को व्यवस्थित दिनचर्या की शिक्षा के साथ-साथ सेवाभाव भी... — पेज 5
खान कालोनी के हिंदू परिवारों को सुरक्षा नहीं मिली तो करेंगे पलायन — पेज 8



পূর্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771



door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


### सुप्रभात

*सत्य भी यदि अनुचित है तो उसे नहीं कहना चाहिए।*
– आचार्य चाणक्य

*सरकार का पहल इंडिया फाउंडेशन के साथ समझौता*

# एमओयू प्रशासन और शासन को बदलने में मदद करेगा : सीएम




**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के विकास के दृष्टिकोण को तेजी से साकार करने के लिए राज्य सरकार ने पॉलिसी थिंक टैंक पहल इंडिया फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। जिसमें मौजूदा अंतर और सकल घरेलू उत्पाद के अनुमान सहित जिले के विकास में नए क्षेत्रों का अध्ययन किया जाएगा। बुधवार को यहां जनता भवन में आयोजित कार्यक्रम में असम सरकार की ओर से अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवर्तन और विकास विभाग आशीष भूटानी और पहल इंडिया फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक रवि पोखरना ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि पहल इंडिया फाउंडेशन के साथ समझौते की मदद से राज्यभर के जिला प्रशासन को जिला स्तर पर राजस्व के नए क्षेत्रों की पहचान करने में अधिक रास्ते मिलेंगे, जिससे सकल घरेलू उत्पाद में सुधार हो सकता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि आर्थिक विकास के हमारे दृष्टिकोण में हमारी सरकार ने जिला नेतृत्व वाले आर्थिक विकास की पहल की है। इसलिए, यह समझौता ज्ञापन जिले को प्रशासन के आधार और राज्य के विकास के केंद्र के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेगा। डॉ. शर्मा ने कहा कि इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए जिला सकल घरेलू उत्पाद के आकलन के लिए जिला स्तर पर व्यापक शोध की आवश्यकता है, जो बदले में जिला दृष्टि दस्तावेज तैयार करने में मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम आज सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्यों में से एक है। राज्य का सकल घरेलू उत्पाद बढ़ रहा है जो राज्य की आर्थिक और वित्तीय वृद्धि का प्रतिबिंब है। डॉ. शर्मा ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों की क्षमता का एहसास करने के लिए, उनकी सरकार ने जिलों को प्रशासनिक और आर्थिक गतिविधियों के आधार के रूप में बदलने पर जोर दिया है। प्रस्तावित सेट अप में, कामकाज के -शेष पृष्ठ दो पर

# गुवाहाटी में भिखारियों के पुनर्वास का मुख्यमंत्री ने दिया आदेश



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री के आदेश के अनुसार, जिला प्रशासन के सदस्यों ने गुवाहाटी के फ्लाईओवर के पास से भिखारियों को स्थानांतरित करने के लिए मंगलवार देर रात एक अभियान चलाया। ऑपरेशन में असम के कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिले के जिला आयुक्त पल्लव गोपाल झा भी शामिल हुए। उन्होंने शहर के उलुबाड़ी फ्लाईओवर का दौरा किया और यह सुनिश्चित किया कि वहां रहने वाले लोगों को स्थानांतरित कर दिया जाए। उन्होंने उल्लेख किया कि शहरवासियों की विभिन्न समस्याओं की जांच के लिए मुख्यमंत्री -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम ने प्रगति के 42वें संस्करण की अध्यक्षता की

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र और राज्य सरकारों को शामिल करते हुए प्रो-एक्टिव गवर्नेंस और समय पर कार्यान्वयन के लिए आईसीटी आधारित मल्टी-मॉडल प्लेटफॉर्म, प्रगति के 42वें संस्करण की बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने बैठक में 12 राज्यों में फैली 1,21,300 करोड़ रुपए से अधिक की संचयी लागत वाली 12 प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने सभी हितधारकों -शेष पृष्ठ दो पर

## उलटा रथ यात्रा : करंट लगने से छह की मौत



**अगरतला ( हि.स. )।** त्रिपुरा में उल्टा रथ यात्रा के दौरान आज बड़ा हादसा हो गया। इस्कॉन की उल्टा रथ यात्रा के दौरान रथ 33 केवी ट्रांसमिशन लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे करंट लगने से छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई। कई अन्य लोगों की हालत गंभीर है, जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। फिलहाल करंट लगने से झुलसे -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### संसद का मानसून सत्र 17 जुलाई से

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र जुलाई के तीसरे हफ्ते सुरू होने की संभावना है। संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए) की बैठक अगले कुछ दिनों में होने वाली है, जिसमें इसे लेकर फैसला होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सीसीपीए की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वहीं सूत्रों के मुताबिक 2023 का मानसून सत्र 17 जुलाई से शुरू हो सकता है और इसके 10 अगस्त तक चलने की संभावना है। बीते साल 2022 में संसद का मानसून सत्र 18 जुलाई को शुरू हुआ था। मानसून सत्र की एक खासियत यह भी होगी कि नए संसद भवन में होने जा रहा ये पहला सत्र होगा। नया संसद भवन इसकी मेजबानी के लिए तैयार -शेष पृष्ठ दो पर

### जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रेशन के लिए अब आधार कार्ड नहीं

**नई दिल्ली।** जन्म-मृत्यु के रजिस्ट्रेशन के लिए अब आधार कार्ड की जरूरत नहीं पड़ेगी। लोगों को बड़ी राहत देते हुए सरकार ने रजिस्ट्रार जनरल के कार्यालय को बिना आधार पंजीकरण करने की अनुमति दे दी है। यानि अब पंजीकरण के लिए आधार नंबर की जरूरत नहीं होगी। दरअसल, 27 जून को अधिसूचना रिलीज में कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी -शेष पृष्ठ दो पर

### राहुल आज मणिपुर में

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मणिपुर दौरे पर जाएंगे। वह 29-30 जून को मणिपुर में रहेंगे। इस दौरान वह राहत शिविरों का भी दौरा करेंगे। यह जानकारी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को दी। वेणुगोपाल ने कहा कि मणिपुर के हालात अभी भी ठीक नहीं हैं। राहुल गांधी वहां जाकर लोगों से मिलेंगे और शांति की अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि यह राहुल गांधी के लिए एक शांति मिशन है। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में -शेष पृष्ठ दो पर

## चंद्रयान-3 की लांचिंग 13 जुलाई को



**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। इसकी लॉन्चिंग की तारीख भी सामने आ चुकी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 13 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-3 को लॉन्च करेगा। लॉन्चिंग किस वक्त होगी? इसकी जानकारी भी सामने आ गई है। बता दें कि चंद्रयान-3 श्रीहरिकोटा से 13 जुलाई को दोपहर 2 बजकर 30 मिनट बजे लॉन्च किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग 13 जुलाई को दोपहर ढाई बजे निर्धारित की गई है। यह चंद्रमा की -शेष पृष्ठ दो पर

## बाढ़ की स्थिति में हो रही तेजी से सुधार



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम में बाढ़ की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक अभी भी राज्य के 11 जिलों के 1 लाख 21 हजार 247 से अधिक नागरिक बाढ़ से प्रभावित हैं। सभी नदियां खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। बाढ़ की वजह से कई नदियों के तटबंध टूट गए हैं और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। प्रशासन लोगों को राहत पहुंचाने के लिए जरूरी कदम उठा रहा है। असम राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के मंगलवार देरशाम जारी आंकड़ों के मुताबिक बाढ़ प्रभावित 11 जिलों में बजाली, बाक्सा, बरपेटा, बिश्वनाथ, दरंग, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कामरूप (ग्रामीण), लखीमपुर, नलबाड़ी और तामुलपुर शामिल हैं। बाढ़ से 22 राजस्व सर्किल अंतर्गत 514 गांवों के 1 लाख 21 हजार 247 लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ से कुल 2389.63 हेक्टेयर फसल अभी भी प्रभावित है। बाढ़ प्रभावितों के लिए नौ राहत शिविर स्थापित किए गए हैं जबकि 106 राहत वितरण केंद्र खोले गए हैं। राहत शिविरों में कुल 713 लोग आश्रय लिए हुए हैं। बाढ़ की वजह से मंगलवार को बरपेटा जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। बाढ़ से राज्य के कुल 84 हजार 697 पशु धन प्रभावित हुए हैं। इनमें बड़े पशुओं की कुल संख्या 40 हजार 391 और छोटे पशुओं की 24 हजार 748 है। 19 हजार 558 कुक्कुट भी प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के चलते बाक्सा और कामरूप (ग्रामीण) जिले में कुल 40 कच्चे घरों को आंशिक रूप से -शेष पृष्ठ दो पर

## अरुणाचल : पूर्व मंत्री की कांग्रेस में वापसी

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन कांग्रेस के लिए बुधवार को बड़ी खुशखबरी सामने आई। दरअसल, अरुणाचल प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री कुमार वाई ने 26 जून को कांग्रेस में वापसी कर ली। उन्होंने दिल्ली मुख्यालय में कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थामा। वहीं खांडू कैबिनेट के एक अन्य मंत्री, राजेश ताचो, बुधवार को यहां सबसे पुरानी पार्टी -शेष पृष्ठ दो पर

## कंगना कामाख्या मंदिर में



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** अंबुवासी के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने बुधवार को गुवाहाटी के नीलाचल पहाड़ी पर स्थित विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ कामाख्या मंदिर के दर्शन किए। पुरोहितों के मंत्रों के बीच उन्होंने पूजा-अर्चना और यज्ञ करके मां का आशीष लिया। बॉलीवुड एक्ट्रेस *इमरजेंसी* हिरोइन कंगना रनौत बीती रात गुवाहाटी पहुंचीं। मंदिर परिसर में स्थित राज्य सरकार के गेस्ट हाउस में रात बितायी। मां कामाख्या की पूजा करने पहुंची एक्ट्रेस के आने की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई, जिसके चलते मंदिर परिसर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मीडिया के साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस बीच कंगना ने कुछ पल के लिए पत्रकारों से भी रूबरू हुईं। कंगना ने मुस्कुराते हुए सभी सवालों के संक्षिप्त जवाब -शेष पृष्ठ दो पर

## वर्सोवा-बांद्रा सी लिंक का नाम वीर सावरकर सेतु

**मुंबई ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कैबिनेट की बैठक में वर्सोवा-बांद्रा सी लिंक का नाम बदलकर वीर सावरकर सेतु और मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक का नाम भी बदलकर अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति न्हावा शेवा अटल सेतु करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने पिछले महीने वीर सावरकर जयंती के दिन इसकी घोषणा की थी, जिसे आज कैबिनेट ने एकमत से मंजूरी दी है। मुंबई में सह्याद्रि गेस्ट हाउस में बुधवार को कैबिनेट -शेष पृष्ठ दो पर

## पाक बना रहा जीरो रेंज परमाणु हथियार




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अब जीरो रेंज के परमाणु बम पर काम करने का खुलासा हुआ है। पाकिस्तान के परमाणु बम का विकास करने वाली संस्था एनसीए के सलाहकार रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल खालिद किदवई ने खुलासा किया है कि उनका देश अब जीरो मीटर रेंज से लेकर 2,750 किमी तक मार करने वाले परमाणु हथियारों पर काम कर रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह जीरो रेंज वेपन पाकिस्तान की परमाणु रणनीति में नाटकीय और खतरनाक बदलाव का संकेत है। खालिद किदवई ने यह भी बताया किया कि पाकिस्तान के पास समुद्र, जमीन और हवा से परमाणु हथियार गिराने की क्षमता है। पाकिस्तान का उद्देश्य भविष्य में भारत को सर्जिकल स्ट्राइक या जमीनी हमला करने से रोकना है। किदवई ने खुलासा किया कि पाकिस्तान की इस न्यूक्लियर ट्रायड नीति में जीरो मीटर रेंज से लेकर 2750 किमी तक परमाणु हमला करने की क्षमता और विनाशकारी परमाणु बम शामिल है। इसमें रणनीतिक, ऑपरेशनल और टैक्टिकल परमाणु बम शामिल हैं। फॉरेन पॉलिसी ने -शेष पृष्ठ दो पर

# समान नागरिक संहिता बना विपक्ष के गले की फांस



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले मोदी सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मुद्दे पर कदम बढ़ाने जा रही है। पीएम मोदी ने भोपाल की रैली में साफ शब्दों में कह दिया है कि देश को दो कानून से नहीं चलाया जा सकता है। इसे लागू करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दबाव उन पर है, लेकिन विपक्ष भ्रम फैला रहा है। प्रधानमंत्री के यूसीसी पर दिए गए बयान के बाद देशभर की सियासत गरमा गई है। पीएम मोदी का यूसीसी पर बयान ऐसे समय आया है, जब विपक्षी दल एकजुट होकर 2024 के आम चुनाव में भाजपा के खिलाफ उतरने की कवायद कर रहे हैं। पटना में विपक्षी दलों की बैठक में गठबंधन के लिए सहमति भी काफी हद तक बन गई है। ऐसे में पीएम मोदी ने समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठाकर बड़ा सियासी दांव चल दिया है। इसे भाजपा का मास्टर स्ट्रोक बताया जा रहा है तो विपक्ष के लिए ये गले की फांस बन सकता है। बता दें कि विधि आयोग ने यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर 30 जून तक देश की जनता और तमाम धार्मिक संगठनों से उनके विचार मांगे हैं। ऐसे में पीएम मोदी ने भोपाल की रैली में यूसीसी को लेकर पहली बार बयान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वोटबैंक के चलते विपक्षी दलों ने मुसलमानों को यूसीसी के मुद्दे पर भड़काने और भ्रम फैलाने का काम किया है। सुप्रीम कोर्ट इसे लेकर हमसे लगातार पूछ रहा है कि कब लागू कर रहे हैं, लेकिन विपक्षी पार्टियां इसे लागू नहीं होने देना चाहती हैं। पीएम मोदी का साफ-साफ कहना है कि यूसीसी की राह में विपक्ष बाधा बन रहा है, जिसके चलते ही लागू नहीं हो पा रहा। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर सियासत तेज हो गई है। -शेष पृष्ठ दो पर

## चंद्रशेखर पर जानलेवा हमला



**सहारनपुर ( हि.स. )।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद में आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर बुधवार को कार सवार अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग की। गोली आजाद के कमर को छूते हुए निकल गई। हमले के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल वह ठीक हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन ताड़ा ने बताया कि डॉक्टरों से मिली जानकारी के मुताबिक हमले में एक गोली चंद्रशेखर आजाद को छूते हुए निकल गई, फिलहाल वह ठीक हैं। प्राथमिक जांच में पता चला है कि आजाद के काफिले पर कार सवार हथियारबंद अज्ञात लोगों ने फायरिंग की। नाकेबंदी कर बदमाशों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। चौराहे पर लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक गांधी कॉलोनी में कार्यक्रम से लौट रहे चंद्रशेखर आजाद -शेष पृष्ठ दो पर

## रंगिया : एसएसबी ने मनाया मुख्यालय स्थापना दिवस



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया के मोरानजना स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के क्षेत्रक मुख्यालय द्वारा 28 जून को मुख्यालय का 10वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत गार्ड ऑफ ऑनर प्रदर्शन और सैनिकों के भाषण के साथ की गई। वहीं मुख्यालय के उप-महानिरीक्षक जगदीप पाल सिंह ने सैनिकों को सेवा, सुरक्षा और भाईचारे के मूलमंत्र पर चलते हुए हर परिस्थिति में देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में हर आंगन योग विषय पर आयोजित अंतर-विद्यालय निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों को स्थानीय गैर सरकारी संगठन आरनायक के सहयोग से सहायता प्रदान की गई। क्षेत्र और उसके आसपास वृक्षारोपण के अलावा कार्यक्रम के अंतर्गत शहीद नकुल की मां चौ. मेधी के परिवार के सदस्यों का स्वागत और विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

# अल्गापुर के विधायक निजामुद्दीन चौधरी गिरफ्तार

**हैलाकांदी ( हिंस )।** एआईयूडीएफ नेता और हैलाकांडी जिले के अल्गापुर के विधायक निजामुद्दीन चौधरी को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। विधायक चौधरी पर आरोप है कि बीते मंगलवार की रात उन्होंने अताउर्रहमान लश्कर नामक शख्स की कार में तोड़फोड़ की और उन्हें जान से मारने की कोशिश की। अताउर्रहमान की शिकायत के बाद चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। अताउर्रहमान की लिखित शिकायत के आधार पर पांचग्राम पुलिस ने मामला संख्या 59/23 दर्ज किया और बुधवार को विधायक चौधरी को गिरफ्तार कर हैलाकांदी सदर पुलिस स्टेशन ले आई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना के संबंध में विधायक चौधरी से हैलाकांदी सदर पुलिस स्टेशन में पूछताछ की जा रही है।



## सिलिंडर के ट्रक पर बर्मीज सुपारी की बोरियां जब्त, दो गिरफ्तार

**हैलाकांदी ( हिंस )।** बर्मीज सुपारी के खिलाफ हैलाकांदी पुलिस का अभियान जारी है। जिले की पांचग्राम पुलिस ने सुपारी से लदे दो ट्रकों को जब्त किया है। पंचग्राम पुलिस द्वारा नाका चेकिंग में 197 बोरी बर्मीज सुपारी से लदे दो ट्रक जब्त किए गए। सिलेंडर लाने वाले दो ट्रकों के अंदर छिपाकर तस्कर बर्मीज सुपारी की आपूर्ति कर रहे थे। तस्कर ने ट्रक के ऊपर गैस सिलेंडर और नीचे बर्मीज सुपारी की बोरियां छिपा दी थीं। मिजोरम से हैलाकांदी होते हुए कछार जिले तक इसे जाना था। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि दोनों ट्रकों (एएस-11ई-0404 और एएस-01एनसी-3059) से 227 सिलिंडर गैस भी जब्त की। इस सिलसिले में दो व्यक्तियों, जुहुर उद्दीन लस्कर और ताबिर अहमद को पांचग्राम पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी अर्पण ने श्रद्धालुओं को बांटीं खाद्य सामग्री



**गुवाहाटी ( विभास )।** लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी अर्पण ने अंबुबासी मेले में आए हुए श्रद्धालुओं के मध्य खाद्य सामग्री का वितरण किया। 24 जून 2023 में जिसमें चिड़वा बिस्किट दो तरह के जुसेज्, पानी आदि जीवनोपयोगी खाद्य पदार्थों का वितरण किया। विभिन्न वितरण स्थलों पर भरालुमुख बस स्टैंड, लाचितघाट, महावीर उद्यान, शुक्रेश्वर घाट आदि शामिल हैं। करीब 1100 सौ लोग लाभान्वित हुए। सेवा कार्य में अध्यक्ष मंजू चौधरी, सीता गोयनका सरिता मोर, किरण तापड़िया, गौरी अग्रवाल सहित सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा।

## विश्व बैंक की टीम पहुंची रंगिया

**कामरूप ( हिंस )।** विश्व बैंक की एक टीम बुधवार को जिले के रंगिया टाउन पहुंची। रंगिया में सोनाली एफपीसी कार्यालय में आयोजित एक बैठक में टीम ने किसानों के वित्तीय लेनदेन से संबद्ध विभिन्न पहलुओं पर किसानों के साथ बातचीत की। विश्व बैंक के वाशिंगटन डीसी के वित्त अधिकारी तोशियाकी ओनो ने किसानों से विस्तार से पूछा कि वे खेती के लिए धन कैसे जुटाते हैं। खासकर किसान बीज, उर्वरक और कीटनाशक खरीदने के लिए पूंजी कैसे जुटाते हैं। भविष्य में किसानों को वित्तीय राहत प्रदान करने के लिए, अधिकारी विश्व बैंक की विभिन्न योजनाओं को शुरू करने के उद्देश्य से असम में विभिन्न स्थानों पर सर्वेक्षण कर रहे हैं। बैठक के अंत में जिला नोडल आफिसर मानस प्रतिम महंत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि किसानों को विभिन्न बैंकों के साथ-साथ सरकार द्वारा दिए गए केसीसी ऋण की प्राप्ति के संदर्भ में बहुत सारे दस्तावेज प्रस्तुत करने पड़ते हैं। उच्च ब्याज दरों का भुगतान करना पड़ता है। इस संबंध में, यदि विश्व बैंक किसानों को एफपीसी के माध्यम से कम ब्याज दरों पर किफायती ऋण प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है, तो भविष्य में किसानों को बहुत लाभ होगा।

## टीवी रियेलिटी शो तीसरा स्थान पाने वाली जानी डे सम्मानित



**कोकराझाड़ ( विभास )।** जिले के माइनगुड़ी गांव के निवासी मानिक दे एवं जयमाती नाथ की पुत्री जानी दे ने कोलकाता के चंडीपुर में आयोजित इंडियन डांसिंग स्टार टीवी रियेलिटी शो में तीसरा स्थान हासिल किया। उनकी इस सफलता पर आज सारा असम बंगाली युवा छात्र फेडरेसन की जिला समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत देबनाथ के नेतृत्व में स्वागत समारोह का आयोगन किया गया। सम्मान समारोह आयोजक मानिक दे के घर पर किया गया। उक्त समारोह में जानी दे को मानपत्र, डायरी, कलम और फुलाम गामोछा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सारा असम बंगाली फेडरेशन के राज्य स्तरीय उपाध्यक्ष गोपाल घोष, कोकराझाड़ जिला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष श्यामल दे, उपाध्यक्ष पानेश सरकार, सह सचिव नेपाल बर्मन, गौतम मंडल, सांगठनक सचिव अजय सरकार, तुलसीबील आंचलिक समिति के अध्यक्ष प्रकाश विश्वास, कोषाअध्यक्ष प्रमिल देबनाथ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने होजाई गर्ल्स कॉलेज को *बी* ग्रेड प्रदान किया



**होजाई ( निसं )।** सन 1991 ई. नारी शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु तत्कालीन होजाई क्षेत्र के विधायक तथा असम सरकार के मंत्री डॉ. अर्धेन्दु कुमार दे के प्रयास एवं लोगों के सहयोग से स्थापित होजाई गर्ल्स कॉलेज को विगत 13 और 14 जून 2023 को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक)जो भारत के उच्च शिक्षा, अन्य शिक्षा संस्थानों का आकलन तथा प्रत्यायन का कार्य करती है। उस पैयर टीम के चेयरमैन तथा दक्षिण दिनाजपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संचारी राय मुखर्जी, टीम के समन्वयक तथा श्रीशंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय के आचार्य प्रोफेसर श्रीकला एम नायर और टीम के सदस्य तथा सेंट सोल्जर शिक्षा कॉलेज के अध्यक्ष अल्का गुप्ता ने होजाई गर्ल्स कॉलेज का मूल्यांकन किया। वस्तुत: नैक पैयर टीम ने कॉलेज के प्राचार्य, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक, छात्राओं के अभिभावकों, पूर्व छात्राओं, छात्राओं के साथ कॉलेज में शैक्षिक मानदंड एवं उच्च शिक्षा की आवश्यकता आदि विषय पर विस्तृत चर्चा किया। इस चर्चा के अंतराल और एसएसआर रिपोर्ट के आधार पर 24 जुन 2023 को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने होजाई गर्ल्स कॉलेज को *बी* ग्रेड प्रदान किया। इस ग्रेडिंग से होजाई गर्ल्स कॉलेज के संपूर्ण परिवार हर्ष से उन्माद हैं। कॉलेज प्रशासन, अध्यापक-अध्यापिका, कर्मचारी, छात्राओं तथा होजाई के प्रत्येक नागरिक के लिए यह गर्व का विषय हैं। इसके लिए होजाई गर्ल्स कॉलेज के अध्यक्ष दीपक कुमार हजारिका की एकनिष्ठता एवं लगन प्रियता, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. हादिउर रहमान की सहनशीलता और मेहनत तथा सभी अध्यापक- अध्यापिकाओं एवं कर्मचारियों के सम्मिलित प्रयासों से यह सफलता मिली है।

## दोहरे हत्याकांड में 23 साल बाद 10 को उम्रकैद

**-अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुकुल चेतिया ने सुनाया फैसला**

**धुबड़ी ( हिंस )।** बिलासीपाड़ा के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुकुल चेतिया ने बुधवार को ऐतिहासिक फैसला में दोहरे हत्याकांड के 10 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। 23 साल के लंबे अंतराल के बाद पीड़ित परिवार को न्याय मिला है। दरअसल, वर्ष 1999 में बिलासीपाड़ा के चांदीरपाड़ा तारांगापुर खंड 1 गांव में जमीन के विवाद में दो भाइयों जहर अली और शहर अली का सिर कलम कर मौत के घाट उतार दिया था। परिजनों ने चापर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पुलिस ने 14 आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। पुलिस की चार्जशीट पर सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई थी। बुधवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुकुल चेतिया ने इस दोहरे हत्याकांड में इस्माइल शेख, सैयद अली, हबीबर रहमान, इज्जत अली, लालसान अली, अब्दुल वहाब, जमालउद्दीन, अखेर अली, हसेन अली और सिराजुल हक को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। घटना के लगभग 23 साल बाद इस मामले में बिलासीपाड़ा जिला न्यायालय के फैसले पर परिजनों में खुशी का माहौल व्याप्त है।

## बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर के साथ दो ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

**धुबड़ी ( हिंस )।** धुबड़ी पुलिस का ड्रग्स निरोधी अभियान जारी है। आज पुलिस की कार्रवाई में भारी मात्रा में ब्राउन शुगर के साथ दो ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार किए गए। जानकारी के अनुसार धुबड़ी के वार्ड नंबर 9 स्थित बहु बाजार में एक चिकन की दुकान पर रात में छापा मारा गया। धुबड़ी के वार्ड नंबर 7 का रहने वाला कुख्यात ड्रग्स माफिया अब्दुल समीर कई सालों से नशीले पदार्थों का जमकर रैकेट चलाता था। बीते कुछ दिनों से वह पुलिस के हाथों गिरफ्तारी के डर से छिपा हुआ था।

## सीआरपीएफ के 152वें बटालियन ने लगाएं 2000 पौधे

**ग्वालपाड़ा।** ग्वालपाड़ा जिले के शास्त्री नगर स्थित 152 बटालियन सीआरपीएफ की ओर से आज पुन: भारत सरकार के वृहद पौधारोपण 2023 के तहत 2000 पौधारोपण किया गया। राकेश रंजन तिवारी द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों एवं जवानों द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। सीआरपीएफ सूत्रों के अनुसार विशेष मेघा अभियान के अवसर पर श्री तिवारी के नेतृत्व में ग्वालपाड़ा आई टी आई कालेज, व अन्य इलाकों में पौधारोपण कर प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एकता की महत्वपूर्ण मिसाल कायम की। सीआरपीएफ 152वी वाहिनी के जवानों एवम ग्वालपाड़ा आईटीआई कॉलेज के छात्र- छात्राओं व शिक्षकों के सहयोग से कुल 2000 पौधारोपण किया गया। उन्होंने बताया कि 152वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा 20 हजार वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

## केंद्रीय कारागार परिसर में लायंस व लियो उमंग ने बनाई लाइब्रेरी

### धार्मिक, बौद्धिक, साहित्यिक सहित ज्ञानवर्द्धक किताबें मौजूद




**गुवाहाटी ( विभास )।** लोखरा स्थित केंद्रीय कारागार परिसर में बंद कैदियों के लिए लायंस व लियो क्लब ऑफ गुवाहाटी उमंग ने सराहनीय पहल करते हुए महिला वार्ड में लाइब्रेरी स्थापित की। जोन चेयरपर्सन तथा कार्यक्रम संयोजिका रितु बंका ने बताया कि क्लब की ओर से बनाई गई लाइब्रेरी में धार्मिक, बौद्धिक, साहित्यिक सहित ज्ञानवर्द्धक किताबें मौजूद है। उन्होंने बताया कि महिला वार्ड में लाइब्रेरी स्थापित करने के पीछे क्लब का मुख्य उद्देश्य विभिन्न अपराधों में सजा काट रही महिलाएं इन किताबों के माध्यम से एक बेहतर नागरिक बन सके और जेल से निकलने के बाद वे लोग अपने जीवन की नई तरह से शुरुआत कर सके। इस दौरान क्लब की ओर से सैकड़ों कैदियों के लिए जूस व बिस्कुट भी उपलब्ध कराया गया। बंका परिवार की ओर से स्व. श्यामसुंदर बंका की स्मृति में बनाई गई लाइब्रेरी के शुभारंभ के मौके पर लायंस जिलापाल प्रथम श्रीमती सीमा गोयनका, जिलापाल द्वितीय पंकज पौद्दार, पूर्व जिलापाल सुधीर चौधरी, लायंस उमंग के अध्यक्ष सीमा सोनी, सचिव कंचन पौद्दार, कोषाध्यक्ष कुसुम जैन, कार्यक्रम संयोजिका रितु बंका, प्रभा बुड़ाकिया, नीलम जालान, रेनु अग्रवाल, पूनम तोदी, सुखबिंदर कौर, निभा सराफ के अलावा लियो उमंग की ओर से अध्यक्ष अनिष मोर, सचिव प्रतीक किल्ला, कोषाध्यक्ष मोहित जैन, पूर्व अध्यक्ष मयंक सुरेका, दीपक शर्मा, अमित शर्मा आदि सदस्य मौजूद थे। वहीं केंद्रीय कारागार गुवाहाटी के जेलर कल्याण चक्रवर्त्ती व महिला वार्ड की जेलर पर्णिता दास ने लायंस उमंग के इस कार्य की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए आशा जताई कि इन किताबों के माध्यम से जेल में बंद महिलाएं भविष्य में एक अच्छा नागरिक होने के अलावा राज्य व राष्ट्र के हित में कार्य करेंगे।

## अंबुबासी मेले में पंजाबी सभा, गुवाहाटी का चार दिवसीय जल सेवा शिविर




**गुवाहाटी ( विभास )।** पंजाबी सभा गुवाहाटी के सौजन्य से अंबुबासी में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सेवा करते हुए निलांचल पहाड़ी के बीच रास्ते में चार दिवसीय पेयजल सेवा शिविर लगाया।जिसमे पंजाबी सभा गुवाहाटी के समन्वयक विपन शर्मा, प्राग राज सिंगला और संदीप आनंद के नेतृत्व में मां कामाख्या धाम में अंबुबाची मेले के दौरान चार दिवसीय जल सेवा का समापन किया। मुख्य सलाहकार टीके चावला, अध्यक्ष हर्ष आर्य, महासचिव कविता सेठी, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा और आयोजन सचिव पिंकी अरोड़ा, कार्यकारी समिति के सदस्यों के सक्रिय सहयोग के साथ विपिन नंदा, अमरजीत वर्मा, ईशा आनंद, सुमन सूद, पल्लवी सिंगला ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर साहिल शर्मा, अभिषेक सिंगला, मयंक आनंद, अनिल दलुजा, जयदीप अरोडा,अंजू शर्मा, बेबी कौर, मीनू बेरी, माधुरी शर्मा, शिवानी वर्मा और कई पंजाबी परिवारों ने सक्रिय सहयोग दिया।

## कछार में दो ट्रक मवेशी जब्त, चार लोग गिरफ्तार

**कछार ( हिंस )।** कछार पुलिस और ग्राम सुरक्षा वाहिनी (वीडीपी) की संयुक्त टीम द्वारा मवेशी तस्करों के खिलाफ की गई छापेमारी के दौरान तस्करी की गायों से भरे दो ट्रक जब्त किए गए। जिले के उदारबंद थाने की पुलिस के नेतृत्व के गुप्त सूचना के आधार पर यह अभियान चलाया गया। दो ट्रकों से तस्करी की छह गायों को जब्त किया गया। हैलाकांदी जिले के बंदूकमारा चाय बागान से मवेशियों से लदे इन ट्रकों को कछार लाए जाने के रास्ते में जब्त कर लिया गया। पुलिस ने गायों के साथ दोनों वाहनों के चालकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रेडिसन ब्लू होटल के वेस्ट एशिया रेस्तरां पुन: खुला



**गुवाहाटी ( विभास )।** शहर के प्रतिष्ठित पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू के वेस्ट एशिया रेस्टोरेंट्स को पुन: आम लोगों के लिए खोल लिया गया है ज्ञात हो कि कोविड-19 से पहले नेक्स्ट एशिया रेस्टोरेंट का लोगों में जबरदस्त क्रेज था जो कि कोरोना गाइडलाइन को देखते हुए बंद कर दिया गया था, आज पुन: इसे विश्वस्तरीय सेफ की टीम द्वारा पुरी सावधानी तथा हाइजीन के साथ कई नई नई एशियाई स्वादों जैसे कुंग पाओ चिकन, सिचुआन चिली बिन पेस्ट मे एग प्लांट, लेमन ग्रास, प्रॉन और वेज एवं अन्य जायकेदार व्यंजनों का सामंजस्य है, रेस्तरां के एक प्रवक्ता ने बताया कि नेस्ट एशिया रेस्तरां नए लुक कलात्मकता और बेहतरीन स्वाद के साथ ही हम अपने सम्मानित मेहमानों के सुरक्षा और सेहत को प्राथमिकता देते हैं इसी लिए हमने सुरक्षित और सुखद अनुभव सुनिश्चित करने के लिए परिसर में कई स्वच्छता प्रोटोकाल लागू किए हैं, नेस्ट एशिया रेस्तरां में अग्रिम बुकिंग के लिए, प्रबंधन ने एक नंबर 8811099397 भी जारी किया है

**NIT NO. DDI/Tech/216/ 3030**

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender affixing non-refundable court fee stamp of Rs. 8.25 (Rupees Eight & Paisa Twenty Five) only in prescribed form subsequently to be drawn in A.P.W.D. F-2 form of Tender Agreement are hereby invited from the Registered Contractor/Firm of Irrigation Department for the following 2 (Two) groups of work for Sonapur ELIS (5 Points) under SOPD for the year 2019-20 :

| Group No. | Name of Scheme | Estimated Cost | EMD |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of New Branch Canal (BC 1) at Chainage 0.00M to 85.00M at Tuparpathar ELIS for ELIS at Sonapur (5 points namely at Dhipuji ELIS, Garanga ELIS, Tuparpathar ELIS, Dumdung ELIS, Ghuramara jan pam ELIS under SOPD for the year 2019-20). | Rs. 9,96,400.00 | 2% for General and 1% for SC/ ST/ OBC |
| 2 | Construction of New Branch Canal (BC 1) at Chainage 85.00M to 120.00M at Tuparpathar ELIS for ELIS at Sonapur (5 points namely at Dhipuji ELIS, Garanga ELIS, Tuparpathar ELIS, Dumdung ELIS, Ghuramara jan pam ELIS under SOPD for the year 2019-20). | Rs. 4,14,865.00 | |

The bids will be received in the office of the undersigned upto 2:00 PM on 04/07/2023 and opened on the same day at 3:00 PM in the same place and date by the undersigned or his representatives in presence of the intending tenderers or their authorized agents. Detailed particulars of the tender including the terms and conditions etc. may be seen in the office of the Executive Engineer, Dispur Division (1), Sonapur on all working days. Tender Papers may be obtained on written request from the office of the undersigned on payment of Rs.100.00 (Rupees One Hundred) only in the form of IPO pledged in favour of the Executive Engineer, Dispur Division (I), Sonapur during office hours upto 12 Noon on 04/07/2023.

In the event of non functioning of office on the date due to some reasons, the next working day of office will be the date of receiving and opening of Tenders.

**Note: The rate should be quoted as Percentage rate basis (as per/ percentage above/ percentage below)**

Executive Engineer
Dispur Division (Irrigation)
Sonapur

*-- Janasanyog /C/5292/23*

# परम विशिष्ट सेवा मेडल से विभूषित ले. जनरल (रिटायर्ड) डिमरी को सरकार ने दो लाख की धनराशि भेंट की



**जोशीमठ, (हि.स.)।** परम विशिष्ट सेवा मेडल से विभूषित लेफ्टिनेंट जनरल योगेन्द्र डिमरी कोर ऑफ इंजीनियर्स (सेवानिवृत्त सेना) को उत्तराखंड सरकार ने सम्मान स्वरूप दो लाख रुपये की धनराशि भेंट की है।भारतीय सैन्य बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह (चरण-द्वितीय) के दौरान सशस्त्र बलों और भारतीय तटरक्षक बल के 84 सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों को विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने असाधारण क्रम की विशिष्ट सेवा के लिए 52 अति विशिष्ट सेवा पदक, तीन उत्तम युद्ध सेवा पदक और 28 परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया। परम विशिष्ट सेवा पदक से नवाजे जाने वालों में पूर्व सैन्य अधिकारी डिमरी भी शामिल हैं। वो सीमांत जनपद चमोली के जोशीमठ नगर के रविग्राम के मूल निवासी हैं। इनके पिता स्वर्गीय मेजर बीसी डिमरी सेना की गढ़वाल राइफल्स एवं ऑर्डिनेंस कोर मे रहे हैं। छोटे भाई नौ सेना एवं बहन सेना में चिकित्सक पद पर सेवारत थे। बहनोई सेना में चिकित्सक के पद पर सेवारत हैं। करीब 40 वर्ष तक मातृभूमि की सेवा करने वाले डिमरी ने 17 दिसंबर 1983 को द बंबई सैपर्स में कमीशन प्राप्त किया था। राष्ट्रीय सैन्य अकादमी पुणे एवं भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में प्रशिक्षण के दौरान ऑर्डर ऑफ मेरिट मे सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर राष्ट्रपति स्वर्ण पदक से नवाजे गए। लेफ्टिनेंट जनरल (रिडायर्ड) योगेन्द्र डिमरी ने पश्चिमी बॉर्डर असाल्ट इंजीनियर रेजीमेंट, इंजीनियर ब्रिगेड, लाइन ऑफ कंट्रोल पर इन्फेंट्री ब्रिगेड, काउंटर इन्फिल्टरेशन एवं काउंटर इंसर्जेन्सी ऑपरेशन मे काउंटर इंसर्जेन्सी फोर्स के साथ रेगिस्तान मे स्ट्राइक कोर का नेतृत्व किया। कंबोडिया के यूएस मिशन मे मिलिट्री ऑब्जर्वर के रूप मे कार्यरत रहे। उन्होंने ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से बीएससी, मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा अध्ययन में स्नातकोत्तर और राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ढाका से रक्षा एवं युद्ध नीति विषय से पीजी किया। मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा अध्ययन में एमफिल की उपाधि भी हासिल की। उनकी मां दमयंती डिमरी

# हौज खास स्थित डियर पार्क की मान्यता रद्द, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने लिया फैसला

अजय त्यागी




**नई दिल्ली।** केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने हौज खास स्थित एएन झा डियर पार्क की मान्यता रद्द कर दी है। डियर पार्क के सारे जानवरों को स्थानांतरित किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार डीडीए के अधिकार क्षेत्र में आने वाले इस भूमि का उपयोग हरित संरक्षित वन के रूप में किया जाएगा। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने अपनी बैठक में कई सालों से चले आ रहे डियर पार्क को बंद करने का फैसला लेते हुए इसे हरित संरक्षित क्षेत्र के रूप में विकसित करने का फैसला किया है। डियर पार्क के तकरीबन 600 से अधिक हिरणों को असोला भाटी माइंस, राजस्थान और हरियाणा में शिफ्ट करने का निर्देश दिया है। प्राधिकरण के अनुसार डियर पार्क की मान्यता अगस्त 2021 तक वैध थी, और मान्यता के नवीनीकरण के लिए डीडीए से सितंबर 2021 में एक आवेदन प्राप्त हुआ था। मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकरण ने अप्रैल 2022 में चिड़ियाघर का मूल्यांकन करने के लिए एक अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की थी। पार्क का सभी पहलुओं का मूल्यांकन सितंबर 2022 में किया गया। शिफारिशों के आधार पर प्राधिकरण ने पार्क की मान्यता रद्द करते हुए पार्क के सारे जानवरों को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए।

# अमरनाथ यात्रा : शिवभक्तों के लिए बालटाल व चंदनबाड़ी में अस्पताल शुरू

**-दोनों जगहों पर सौ-सौ बिस्तर के अस्पतालों को उपराज्यपाल ने किया उद्घाटन**



**जम्मू, (हि.स.)।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को बालटाल और चंदनबाड़ी में सौ-सौ बिस्तर वाले अस्पताल का वर्चुअली उद्घाटन किया। यह दोनों अस्पताल अमरनाथ यात्रा पर आने वाले शिव भक्तों की सुविधा के लिए स्थापित किए गए हैं। यहां शिवभक्तों को चौबीस घंटे चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इस मौके पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि इन अस्पतालों में यात्रियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने के साथ यात्रा में सुविधा देने वाले लोगों की भी देखभाल की जाए। अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध हैं और डॉक्टरों और अन्य स्टाफ एवं चिकित्सा कर्मियों की भी तैनाती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में यात्रा के लिए तैनात कर्मचारियों को आवास सुविधाएं भी उपलब्ध करायी गई हैं। इनमें लैब, रेडियो डायग्नोसिस, स्त्री रोग, आईसीयू, हाइपरबेरिक ऑक्सीजन चैंबर सहित निदान और उपचार की सभी सुविधाएं होंगी। इन अस्पतालों को एक स्वतंत्र ट्रामा यूनिट के साथ विशेषज्ञ डाक्टर संचालित करेंगे।

इस मौके पर जम्मू-कश्मीर स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा सचिव भूपिंदर कुमार ने कहा कि प्रशासन ने प्रत्येक अस्पताल के निर्माण के लिए 13 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने कहा कि 15 दिन में बालटाल और चंदनबाड़ी में अस्पतालों की स्थापना करना अद्भुत कार्य है। मैं उन सभी का आभारी हूं, जिन्होंने सबसे कम समय में यह काम पूरा किया है। उल्लेखनीय है कि अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 1 जुलाई से शुरू हो रही है। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था 30 जून को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से रवाना होगा। यहां से पहलगाम और बालटाल में पूर्व निर्धारित आधार शिविरों तक पहुंचने से पहले जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करेंगे।

# पीएम मोदी ने विशेष ओलंपिक ग्रीष्मकालीन खेलों में पदक जीतने वाले एथलीटों को दी बधाई




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उन एथलीटों को बधाई दी जिन्होंने बर्लिन में विशेष ओलंपिक ग्रीष्मकालीन खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 76 स्वर्ण पदक सहित 202 पदक जीते। भारत ने इन खेलों में 76 स्वर्ण, 75 रजत और 51 कांस्य पदक जीते। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, "हमारे अविश्वसनीय एथलीटों को बधाई, जिन्होंने बर्लिन में विशेष ओलंपिक ग्रीष्मकालीन खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 76 स्वर्ण पदक सहित 202 पदक जीते। उनकी सफलता में, हम समावेशिता की भावना का जश्न मनाते हैं और इन उल्लेखनीय एथलीटों के दृढ़ता की सराहना करते हैं।" बता दें कि बर्लिन में रविवार को विशेष ओलंपिक विश्व खेल 2023 का समापन हुआ। भारतीय एथलीटों ने ट्रैक स्पधाओं में छह पदक (2 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य) जीते। स्वर्ण पदक विजेता आंचल गोयल (400 मीटर, लेवल बी महिला) और रविमथी अरुमुगम (400 मीटर, लेवल सी महिला) ने अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। साकेत कुंडू, जिन्होंने पहले मिनी भाला फेंक लेवल बी में रजत पदक जीता था, ने लेवल बी 400 मीटर में कांस्य पदक जीता, जो ट्रैक और फील्ड में एक रिकॉर्ड है।

# कांग्रेस का आरोप- चार गुना अधिक दाम पर अमेरिका से हुआ ड्रोन सौदा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार गुना अधिक दाम देकर अमेरिका से ड्रोन डील की है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि अमेरिका से प्रीडेटर ड्रोन की खरीद में जरूर कुछ गड़बड़ी हुई है। यह समझौता देश हित में नहीं है। खेड़ा ने कहा कि प्रीडेटर ड्रोन को दूसरे देशों ने इसी कंपनी से चार गुना कम दाम में खरीदा है जबकि भारत को ये ड्रोन बहुत महंगे पड़े हैं। उन्होंने कहा कि हम 31 ड्रोन के लिए 25 हजार करोड़ देने जा रहे हैं। खेड़ा ने कहा कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ड्रोन की खरीद से पहले सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीएस) की बैठक भी नहीं की गई थी। हालांकि रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा था कि अभी ड्रोन की कीमत पर अंतिम मुहर नहीं लगाई गई है।

# केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम प्रणाम योजना को मंजूरी दी

अजय कुमार




**नई दिल्ली।** बुधवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पीएम प्रणाम योजना को मंजूरी दे दी गई। पीएम प्रणाम योजना का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी के बोझ को कम करने के साथ साथ वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ाना देना है। इसके साथ केन्द्र सरकार अगले तीन साल में किसानों के कल्याण के लिए 3 लाख 70 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि जो राज्य केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग कम करेंगे, उन राज्यों को केन्द्र सरकार की तरफ से सहायता दी जाएगी यानी जो केमिकल फर्टिलाइजर में सब्सिडी में कटौती करेंगे, उसका 50 फीसदी ग्रांट के तौर पर उन्हें वापस कर दिया जाएगा। इसके साथ इस योजना के तहत जैविक खेती और वैकल्पिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि धरती को केमिकल से बचाने के उद्देश्य से बनाई गई योजना के तहत नैनो यूरिया और सल्फर कोटेड यूरिय़ा के भी इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ जैविक खेती के उत्पाद को मार्केटिंग को भी बढ़ावा दिया जाएगा ताकि किसानों की आय में बढ़ोतरी हो सके।

# गन्ना किसानों को मोदी सरकार का तोहफा, खरीद मूल्य 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने 2023-24 सीजन के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 315 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने चीनी सीजन 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) के लिए 10.25 प्रतिशत की मूल रिकवरी दर के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को 315 रुपये प्रति क्विंटल पर मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि 10.25 प्रतिशत से अधिक वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत वृद्धि के लिए 3.07 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम और वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की कमी के लिए एफआरपी में 3.07 रुपये प्रति क्विंटल की कमी को भी मंजूरी दी गई। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों को हमेशा प्राथमिकता दी है। उसी के तहत आज गन्ने के मूल्य में वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि आज गन्ना किसानों को पूरा भुगतान हो रहा है। ठाकुर ने कहा कि इस फैसले से 5 करोड़ गन्ना किसानों और उनके आश्रितों के साथ-साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत 5 लाख श्रमिकों को लाभ होगा।

# भाजपा की कथनी, करनी के कारण देश विभाजित है : पी. चिदंबरम

**– पीएम मोदी के यूसीसी को लागू करने की बात पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का पलटवार**



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने भाजपा की कथनी और करनी में अंतर को देश में विभाजन का जिम्मेदार ठहराया है। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की वकालत करने के एक दिन बाद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने बुधवार को पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा की कथनी और करनी के कारण आज देश बंटा हुआ है। सरकार अपनी असफलताओं को छिपाने और मतदाताओं के लिए ध्रुवीकरण करने के लिए यूसीसी को लागू कर रही है। पीएम मोदी पर हमला करते हुए पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की वकालत करते हुए एक राष्ट्र को एक परिवार के बराबर बताया है। हालांकि अमूर्त अर्थ में उनकी तुलना सच लग सकती है, लेकिन वास्तविकता में यह बहुत अलग है। पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि परिवार खून के रिश्तों से एक सूत्र में बंधा होता है। एक राष्ट्र को एक संविधान द्वारा एक साथ लाया जाता है, जो एक राजनीतिक-कानूनी दस्तावेज है। यहां तक कि एक परिवार में भी विविधता होती है। भारत के संविधान ने भारत के लोगों के बीच विविधता और बहुलता को मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि यूसीसी एक आकांक्षा है। इसे थोपा नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम ऐसा दिखावा कर रहे हैं कि यूसीसी एक साधारण प्रक्रिया है, उन्हें पिछले विधि आयोग की रिपोर्ट पढ़नी चाहिए, जिसमें बताया गया था कि इस समय यह संभव नहीं है। चिदंबरम ने बताया कि भाजपा की कथनी और करनी के कारण आज देश विभाजित है। लोगों पर थोपा गया यूसीसी विभाजन को और बढ़ाएगा। चिदंबरम ने आरोप लगाया कि यूसीसी के लिए प्रधानमंत्री की वकालत का उद्देश्य मुद्रास्फीति, बेरोजगारी, घृणा अपराध, भेदभाव और राज्यों के अधिकारों को नकारने से ध्यान भटकाना है। लोगों को सतर्क रहना चाहिए। सुशासन में विफल होने के बाद, भाजपा मतदाताओं के ध्रुवीकरण व अगला चुनाव जीतने के लिए यूसीसी लागू कर रही है। उनकी टिप्पणी मोदी द्वारा मध्य प्रदेश में भाजपा बूथ कार्यकताओं को संबोधित करने के एक दिन बाद आई है, इसमें उन्होंने कहा था कि यूसीसी के नाम पर मुसलमानों को गुमराह किया जा रहा है।

# कावंड़ लेकर आने वाले शिवभक्तों को अब भटकना नहीं पड़ेगा, एप करेगा मदद

**गाजियाबाद(ईएमएस)।** हरिद्वार से कांवड़ लेकर आने वाले शविभक्तों को इस बार रास्ता ढूंढ़ने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। कांवड़ियों की सुविधा के लिए एक एप बनाया गया है, इस एप को मोबाइल में लोड कर मदद ली जा सकेगी। प्रशासन के अनुसार इस बार कांवडियों को पुलिस, स्वास्थ्य पिकेट, भोजन के लिए भंडारा और शिवालयों की तरफ जाने वाले मार्ग की जानकारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, मोबाइल पर एप खोलते ही कांवड़ियों को सभी सुविधाओं की जानकारी मिल जाएगी। एप पर ही सीमा क्षेत्र के संबंधित अधिकारी के नाम और मोबाइल नंबर भी मिलेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन कांवड़ यात्रा शुलभ के नाम से एप तैयार करा रहा है। इससे शिवभक्त अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर सभी सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। शिवभक्तों को मार्ग में कोई दिक्कत न हो, जरूरत पड़ने पर सुविधाएं मिल जाएं। इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी कांवड़ियों को मोबाइल एप से जोड़ने का निर्णय लिया है। मोबाइल एप से स्वास्थ्य शिविर और भंडारे की जानकारी ली जा सकती है। यदि मार्ग में कांवड़ियों को असामाजिक तत्वों से दिक्कत या किसी अपराधिक घटना की संभावना हो तो वह एसडीएम, सीओ, इंस्पेक्टर के मोबाइल नंबर पर फोन करके इसकी सूचना दे पायेंगे।

# हिमाचल में लगेंगे 5 ई-चार्जिंग स्टेशन, जारी किए 3.63 करोड़ रुपये

**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार सूबे में इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए जरूरी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है। शिमला शहर में हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा संचालित 70 ई-बसों के लिए पांच नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। राज्य सरकार ने इन चार्जिंग स्टेशनों के लिए 3.63 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की 1500 से अधिक बसों के बेड़े को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बसों से बदला जाएगा और इसके लिए पर्याप्त चार्जिंग और अन्य संबद्ध बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शिमला में तारादेवी, टूटीकंडी क्रॉसिंग, लालपानी, जुन्गा और ठियोग में नए चार्जिंग प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे। इससे शिमला शहर के 40 किलोमीटर के दायरे में संचालित की जा रही बसों को पर्याप्त चार्जिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, ढली में स्थापित 1,000 केवीए चार्जिंग स्टेशन की क्षमता को भी बढ़ाकर 2,000 केवीए किया जाएगा। राज्य बिजली बोर्ड अब इन सभी चार्जिंग स्टेशनों के लिए ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाएगा। ट्रांसफार्मर स्थापित होते ही ई-बस चार्जर स्थापित कर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित होने के बाद शहर के 40 किलोमीटर के दायरे में ई-बसों का संचालन सुचारू हो जाएगा।

# मुंबई समेत महाराष्ट्र के 9 जिलों में मूसलाधार बारिश, पेड़ गिरने से एक शख्स की मौत



**मुंबई, (ईएमएस)।** बुधवार सुबह से मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई इलाकों में मूसलाधार बरसात शुरू है. मुंबई-ठाणे और इसके आसपास के इलाकों में भी जोरदार बारिश हो रही है. इससे कई जगहों में जलजमाव हो गया है और ट्रैफिक की रफ्तार धीमी पड़ गई है. रायगढ़ जिले के पोलादपुर में आंबेनली घाट में रात से लेकर सुबह तक दो बार चट्टान खिसकने की खबर है. इस वजह से यह रास्ता बंद कर दिया गया है. खास तौर से राज्य के 9 जिलों में मूसलाधार बरसात शुरू है. इनमें मुंबई, ठाणे, पुणे, नासिक, सातारा, रायगढ़, रत्नागिरी, कोल्हापुर और पालघर जिले हैं. मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. बरसात का आलम यह है महाराष्ट्र के कई निचले इलाकों में पानी भरने का अनुमान जताया गया है और लोगों से पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने की सलाह दी गई है. तेज हवाओं के साथ होने वाली मूसलाधार बरसात में कई जगहों पर पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आई हैं. मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन-चार दिनों तक राज्य के इन 9 जिलों में मानसून पूरे जोर से सक्रिय रहेगा. इस वजह से इन इलाकों में मूसलाधार और अत्यधिक मूसलाधार बरसात होने का अनुमान है.

**पेड़ गिरने से एक शख्स की मौत –** मुंबई के पश्चिमी उपनगर मालाड में पेड़ गिरने से एक 38 साल के कौशल दोषी की मौत होने की खबर है. बताया गया है कि मलाड पश्चिम के मामलेदार वाडी इलाके में मणिभाई मुंजी चाल में लगभग 35 फीट लंबा और चार फीट चौड़ा एक पिंपल पेड़ गिर गया।

बुधवार सुबह कौशल चाली में शौच के लिए गया था। पेड़ का भारी हिस्सा कौशल के सिर पर गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कांदिवली के लालजी पाड़ा इलाके में दस मिनट की बारिश में ही सड़कें नदी बन गईं. लालजी पाड़ा के इंदिरानगर से रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क पर पानी जमा होने से आवाजाही में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा. इस सड़क से हर रोज हजारों लोग रेलवे स्टेशन तक पैदल जाते हैं. इनमें से स्कूल जाने वाले बच्चों की तादाद भी बहुत ज्यादा है. उधर बोरिवली, मालाड, अंधेरी, गोरेगांव और दहिसर जैसे इलाकों में बारिश का जोर ज्यादा है और जगह-जगह पानी भर गया है. सड़कों और गलियों में गटर से निकले शौच का पानी सड़कों पर बह रहा है. हर साल मुंबई मनपा की ओर से नाले सफाई और मानसून में होने वाली बरसात से निपटने की तैयारियों के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं. सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन मनपा के अधिकारियों, कर्मचारियों का रवैया नहीं बदलता. मुंबई की सड़कों पर जल जमाव की समस्या नहीं सुलझती. इस समस्या को सुलझाने के लिए खर्चों का बजट हर साल बढ़ता रहता है.

# अमेरिकी प्रीडेटर ड्रोन सौदे से बढ़ेगी देश की सैन्य क्षमता : नौसेना प्रमुख

**– देश में नौसेना का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए शुरू किया गया आउटरीच मिशन**

**– लद्दाख और पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए होगी अग्निवीरों की भर्ती**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया दौरे के समय भारत और अमेरिका के बीच हुए एमक्यू-9 रीपर सशस्त्र ड्रोन के सौदे को भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने देश की सैन्य क्षमता बढ़ाने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि इससे तीनों सेनाओं की निगरानी क्षमता बढ़ने के साथ ही इससे 'इकोसिस्टम' भी तैयार होगा। भारत को नवाचार के लिए वैश्विक मानव रहित हवाई प्रणाली केंद्र में बदलने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका से तीन अरब डॉलर में 31 प्रीडेटर एमक्यू-9 रीपर ड्रोन खरीदने के सौदे को मंजूरी दी थी। अब इसे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की ओर से मंजूरी दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा पर एमक्यू-9 रीपर सशस्त्र ड्रोन की खरीद पर बड़ा सौदा किया गया है। इसी को लेकर एडमिरल आर हरि कुमार ने बुधवार को पत्रकारों से मुलाकात में कहा कि अमेरिका से रीपर ड्रोन मिलने के बाद तीनों सेनाओं की निगरानी क्षमता बढ़ेगी। नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है। इस ड्रोन के आने के बाद हिंद महासागर पर चीन के खिलाफ घेराबंदी और मजबूत हो सकेगी। तटीय सुरक्षा और निगरानी के लिए भारतीय नौसेना को 15 और आठ-आठ रीपर ड्रोन वायुसेना एवं थल सेना को मिलेंगे। एडमिरल आर हरि कुमार ने पत्रकारों से भारतीय नौसेना के आउटरीच मिशन पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हमने अग्निवीर योजना के साथ आउटरीच मिशन शुरू किया है। इस समय नौसेना का देश के लगभग 656 जिलों में प्रतिनिधित्व है, जिसे हम इसे 100 फीसदी करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि नौसेना में लद्दाख और पूर्वोत्तर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। इसलिए हम मणिपुर और अन्य राज्यों में जाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने नौसेना में लद्दाख और पूर्वोत्तर क्षेत्र से अग्निवीरों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए मणिपुर और अन्य राज्यों की यात्रा की योजना का उल्लेख किया। नौसेना अग्निवीरों का पहला बैच इस साल 28 मार्च को नौसेना में शामिल होने के बाद नाविकों के प्रारंभिक प्रशिक्षण के लिए नौसेना के प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान आईएनएस चिल्का से पास आउट हुआ। पीओपी ने करीब 2,600 अग्निवीरों के प्रशिक्षण के सफल समापन को चिह्नित किया, जिसमें 273 महिला अग्निवीर भी शामिल थीं। यह देश के किसी भी प्रशिक्षण संस्थान से अग्निवीरों का पहला पासिंग आउट था। अग्निवीरों ने भारतीय नौसेना के प्रमुख नाविकों के प्रशिक्षण प्रतिष्ठान आईएनएस चिल्का में 16 सप्ताह का प्रारंभिक प्रशिक्षण लिया। सफल प्रशिक्षुओं को उनके समुद्री प्रशिक्षण के लिए अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों पर तैनात किया गया। नौसेना प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के लिए भारतीय नौसेना भी कई दूर-दराज के इलाकों में तैनात है। हर कोई स्वतंत्र और सुरक्षित इंडो-पैसिफिक की बात कर रहा है। भारत के व्यापार का अधिकांश हिस्सा समुद्र के रास्ते जाता है, इसलिए भारत के लिए समुद्र बहुत महत्वपूर्ण है।

# कालपी के कागज उद्योग को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सौंपा, जीआई टैग का प्रमाण पत्र



**जालौन, (हि.स.)।** बुंदेलखंड इलाके का पिछड़ापन दूर करने के लिए भाजपा सरकार लगातार प्रयास कर रही है। यहां के कुछ प्रमुख उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत कालपी के कागज उद्योग को शामिल कर उसे मंगलवार को जीआई टैग का प्रमाण पत्र सौंपा है। इस प्रमाण पत्र के मिलने के बाद उद्योग अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकेंगे। बता दें कि, बुंदेलखंड को नई पहचान दिलाने के लिए भाजपा सरकार ने यहां पर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरि-डोर और हर घर नल योजना के साथ कई उद्योगों को गति दिलाने का काम किया है। इसी कड़ी में वर्षों पुराने कालपी के कागज उद्योग को मंगलवार को आयोजित हुए एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीआई टैग का प्रमाण पत्र सौंपा है। कालपी के कागज उद्योग का इतिहास 1000 वर्ष पुराना है। वर्ष 2018 में इसे 'एक जिला एक उत्पाद' योजना में शामिल किया गया था। कालिंजर के चंदेलकालीन राजा परमादि देव परमार्थ के दरबारी कवि जगनिक ने अपने ग्रंथ 'आल्ह खंड' में भी कालपी के हाथ कागज का उल्लेख किया है। इससे यह प्रमाणित होता है कि हाथ कागज कालपी का एक हजार साल पुराना है। कालपी के कागज उद्योग की मांग विदेशों तक रही है। इस उद्योग से जुड़ी हुई तकरीबन 55 फैक्ट्रियां यहां पर संचालित हो रही हैं और 5 हजार मजदूर यहां पर काम कर रहे हैं।

# विद्यार्थियों को व्यवस्थित दिनचर्या की शिक्षा के साथ-साथ सेवाभाव भी सिखायें : आनंदीबेन पटेल

**– राज्यपाल ने सिटी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों से मिलकर कहा, नई शिक्षा नीति रुचिपूर्ण शिक्षा पर बल देने वाली**



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल से बुधवार को राजभवन में बालागंज के सिटी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधन को बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य सामाजिक स-रोकारों से जुड़ी गतिविधियों में भी शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे केवल होम वर्क पर ही आश्रित न रहें बल्कि उनकी सहभागिता पौधरोपण, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा विभिन्न प्रकार के हुनर से जुड़ी गतिविधियां में भी होनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति में 5वीं क्लास तक की शिक्षा मातृभाषा में देने की व्यवस्था है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति जितनी अच्छी तरह से अपनी मातृभाषा में समझ सकता है, उतना किसी अन्य भाषा में नही। उन्होंने कहा कि छठी क्लास से बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार कुटीर उद्योग, खेती-किसानी, पौधरोपण, संगीत, पेंटिंग, योग आदि की शिक्षा भी देनी चा-हिए, क्योंकि नई शिक्षा नीति रुचिपूर्ण शिक्षा पर बल देती है। राज्यपाल ने शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों को व्यवस्थित दिनचर्या की भी शिक्षा दें तथा सेवाभाव सिखाएं ताकि वे अपना कार्य स्वयं करें और अपने माता-पिता के कार्यों में भी सहयोगी बनें। सिटी इंटरनेशनल स्कूल के प्रबन्धक शहाब हैदर ने राज्यपाल जी को बताया कि बालागंज शाखा ने अपनी स्थापना के 10 उत्कृष्ट वर्ष पूरे कर लिये हैं। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न वैश्विक मुद्दों जैसे ग्लोबल वार्मिंग, बाघ संरक्षण, पक्षी संरक्षण, वृक्षारोपण जैसे कार्यों में सक्रिय भाग लिया है और विद्यालय उन्हें भविष्य के समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि हर बच्चे में एक महान व्यक्ति बनने की क्षमता है जो दुनिया में कुछ भी कर सकता है। इसलिए हम बच्चों को बेहतर प्रदर्शन प्रदान कर उनमें सर्वश्रेष्ठ लाने का पूरा प्रयास करते हैं। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने राज्यपाल के साथ अपने अनुभव भी बांटे। कक्षा आठ की वर्णिका गुप्ता ने बताया कि उन्होंने किस तरह से एक पर्यावरण कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया है। उनका लक्ष्य व्यापक स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन लाना है। कुमारी आराध्या ने बताया कि भ्रमण पर बॉटेनिकल गार्डेन का भ्रमण करने के बाद उन्हें पौधों की विविधता के बारे में ज्ञान हुआ और उनकी रुचि पौधरोपण एवं पौधों के संरक्षण में बढ़ी। इस अवसर पर सिटी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे, शिक्षकगण तथा प्रधानाचार्य मौजूद थे।

# कंपोजिट विद्यालय हरहुआ में परिवर्तन मुहिम के तहत कराये गये कार्यों का कमिश्नर ने किया उद्घाटन



**वाराणसी, (हि.स.)।** वाराणसी प-रिक्षेत्र के कमिश्नर कौशलराज शर्मा ने बुधवार को कंपोजिट विद्यालय हरहुआ में परिवर्तन मुहिम के तहत कराये गये कार्यों का उद्घाटन किया। एचडीएफसी बैंक की ओर से वाराणसी के हरहुआ सहित 30 कंपोजिट विद्यालयों में मिशन परिवर्तन के तहत 10 प्रकार की सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। जिसमें स्मार्ट क्लास रूम, लाइब्रेरी, विज्ञान लैब शामिल है। हरहुआ में भी बैंक तथा अंबुजा सीमेंट के प्रयासों से बच्चों के विकास के लिए स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी तथा साइंस लैब बना है। कमिश्नर ने एचडीएफसी बैंक तथा अंबुजा सीमेंट के प्रयासों की सराहना कर कहा कि इस प्रकार के परिवर्तन से निजी व सरकारी विद्यालयों में मौजूद लर्निंग गैप को खत्म किया जा सकता है। मंडलायुक्त ने विद्यालय के अध्यापकों से स्मार्ट क्लास में प्रयुक्त ऐप्लिकेशन को अच्छे से सीखने को कहा, ताकि बच्चों को उसके बारे में अच्छे से जानकारी दी जा सके। उन्होंने बच्चों की कॅरियर काउंसलिंग कराने को कहा ताकि बच्चे अपने भविष्य के प्रति अग्रसर हो सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों को सप्ताह में एक बार लाइब्रेरी जरूर ले जाएं। जिससे बच्चों में पढ़ने की आदत का विकास हो। कमिश्नर ने एचडीएफसी बैंक द्वारा विश्वनाथ परिसर में कराये गए कार्यों की भी सराहना की। मंडलायुक्त ने विद्यालयों के कायाकल्प को लेकर लगातार चलाये जा रहे अभियान के लिये सीडीओ हिमांशु नागपाल के प्रयासों की भी सराहना की।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने कहा कि जिम्मेदारी अब अध्यापकों की है कि किस प्रकार वो इस सुविधा का उचित लाभ बच्चों को दे सकते हैं। उन्होंने विद्यालयों के कायाकल्प को लेकर चलाये जा रहे अभियान में लगातार सहयोग देने के लिये बैंक के प्रति आभार भी जताया। बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविंद पाठक ने पढ़ेगा भारत तभी बढ़ेगा भारत की बात की। कार्यक्रम में बैंक के मंडल प्रमुख मनीष टण्डन ने बताया कि बनारस के 35 गांवों को गोद लेते हुए उनके नवीनीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं। जिसमें स्वच्छता, शौचालय, पीने का पानी, दिव्यांग को नौकरी, वर्मी कंपोस्ट से जैविक खेती शामिल हैं। आगे भी 30 विद्यालयों में इस प्रकार के परिवर्तन बैंक कराएगा। कार्यक्रम की शुरूआत में मंडलायुक्त तथा मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विद्यालय की छात्र-ाओं ने सरस्वती वंदना, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ऐरोबिक के माध्यम से योग की प्रस्तुति की। विद्यालय की बालिका आयुषी पाल ने शिवतांडव स्तोत्र प्रस्तुत किया, तो विद्यालय के कक्षा आठ के छात्र रोहित कुमार ने जेसीबी मशीन के मॉडल को प्रस्तुत किया। माडल देख मंडलायुक्त समेत सभी ने छात्र को सराहा।

# ट्रिपल आईटी में साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**प्रयागराज, (हि.स.)।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) में अत्याधुनिक प्रयोगात्मक और सिमुलेशन तकनीकों में व्यावहारिक अनुभव के विशेषज्ञता से परिचित कराने के उद्देश्य से सामग्री विज्ञान के लिए प्रयोगात्मक और सिमुलेशन तकनीक पर एक सप्ताह तक चलने वाला उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम भारत सरकार की स्तुति-ड-ीएसटी योजना के तहत वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान और एप्लाइड साइंसेज विभाग, ट्रिपल आईटी इलाहाबाद द्वारा संयुक्त रूप से संस्थान की अत्याधुनिक सुविधाओं में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ उपेन्द्र कुमार ने कहा कि छात्रों, पेशेवरों और शोधकताओं सहित विविध पृष्ठभूमि के प्रतिभागियों को क्षेत्र में उनके ज्ञान और कौशल बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए एक व्यापक पाठ्यक्रम में शामिल किया गया था। कार्यक्रम में प्रयोगात्मक डिजाइन, डेटा संग्रह, सिमुलेशन मा-ॅडलिंग, सांख्यिकीय विश्लेषण और परिणामों की व्याख्या जैसे विभिन्न विषयों पर केंद्रित किया गया। डॉ.सतीश कुमार सिंह, कुलसचिव, ट्रिपल आईटी इलाहाबाद ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम व्याख्यान और व्यावहारिक प्रदर्शन सत्रों सहित काफी उपयोगी रहा है। जिसके फलस्वरूप 40 प्रतिभागियों के भविष्य के सहयोग के लिए कई दरवाजे खोले हैं।

डॉ. अखिलेश तिवारी ने कहा कि यह व्यापक कार्यक्रम प्रतिभागियों को प्रयोग और सिमुलेशन आयोजित करने, विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और विशेषज्ञता को बढ़ावा देने के लिए उन्नत कौशल और तकनीकों से समझाने के लिए डिजाइन किया गया था। डॉ पंकज मिश्र ने बताया कि समापन सत्र में डॉ. पवन चक्रवर्ती और डॉ. संजय सिंह ने भी प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। बाद में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

# गन्ना मूल्य की बढ़ोतरी ऊंट के मुंह में जीरा : मनजीत सिंह

**– रालोद कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, गन्ना किसानों के साथ केन्द्र सरकार ने किया धोखा**



**लखनऊ, (हि.स.)।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में गन्ने पर बढ़ाये गये एफआरपी 10 रुपये को गन्ना किसानों के साथ धोखा बताया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जो गन्ना मूल्य की बढ़ोतरी की गयी है, वह ऊंट के मुंह में जीरा है। मनजीत सिंह ने कहा कि सरकार से उम्मीद लगाये बैठे किसानों को सिर्फ निराशा ही हाथ लगी है। सरकार ने राहत देने के बजाए आस लगाये गन्ना किसानों के साथ फिर मजाक किया है। क्योंकि इतनी बेतहाशा बढ़ती हुई महंगाई के बीच गन्ना खरीद के लिए प्रति कुंतल में 10 रुपये की बढ़ोतरी नाकाफी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2023-24 सत्र के लिए गन्ने का एफआरपी 10 रुपये प्रति कुन्तल बढ़ाकर 315 रुपये प्रति कुन्तल कर दिया है जो कि गन्ना किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि गन्ना किसान को आशा थी कि गन्ने का रेट बढ़ने से वह अपनी बेटियों की शादी, बच्चों की पढ़ाई का खर्चा आसानी से उठा पायेगा और अपने कर्ज की अदायगी भी सुगमतापूर्वक कर सकेगा, लेकिन सरकार ने उनकी उम्मीदों पर सिर्फ पानी फेरने का काम किया है। राज्य सरकार की भांति केन्द्र सरकार ने भी गन्ना किसानों के लिए कुछ नहीं किया। रालोद के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा लगातार किसानों की उपेक्षा की जा रही है। सरकार को इस-ाका खामियाजा भुगतना पड़ेगा क्योंकि सरकार किसान विरोधी आचरण अपनाए हुए है और देश-प्रदेश का किसान अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है। मनजीत सिंह ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में इन सबका बदला किसान जरूर लेगा और केन्द्र सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखायेगा।

# मुख्यमंत्री आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की आज करेंगे समीक्षा



**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की आज समीक्षा करेंगे। इस दौरान इस योजना से कितने लोगों को लाभ मिला और आगे कितने लोगों तक लाभ पहुंचाया जा सकता है, इसकी चर्चा की जाएगी। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के अलावा विभिन्न विभागों के सचिव रहेंगे। बैठक में जिला स्तर पर समीक्षा करने के लिए सभी डीसी ऑनलाइन जुड़ेंगे। सरकार का मानना है कि इस कार्यक्रम से आम लोगों को सरकारी योजना का लाभ मिलने में सहायता मिली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यह अभियान ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में है, जिसके माध्यम से बड़ी संख्या में आवेदन निष्पादित हुए हैं और लोगों को लाभ मिला है। सरकारी कार्यालयों से जुड़ी आम लोगों की छोटी-मोटी समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से हेमंत सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत पिछले वर्ष 12 अक्टूबर से की गई थी। इस अभियान के तहत राज्य सरकार के द्वारा राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, विकलांगता, बिजली संबंधी समस्या, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का उद्देश्य था। इसके लिए बड़ा अभियान शुरू किया गया था। आंकड़ों के मुताबिक, इस अभियान के तहत 55,44,554 आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित सरकार को प्राप्त हुए, जिसमें से 55,36,636 आवेदन निष्पादित कर दिए गए हैं। वहीं 7,918 आवेदन अभी प्रक्रियाधीन है। इस अभियान के तहत नया राशन कार्ड बनाना, वृद्ध-ावस्था पेंशन, पुराने हैंडपंप की मरम्मत, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, धोती साड़ी लूंगी योजना, राशन डीलर संबंधित शिकायतें, विधवा पेंशन, पेंशन शिकायतें, विभिन्न तरह के प्रमाणपत्रों से संबंधित शिकायतें, किसान क्रेडिट कार्ड छात्र-ावृत्ति योजना से संबंधित आवेदन का निष्पादन किया जाता है।

# झारखंड युवा आयोग के अध्यक्ष बने कुमार गौरव

**रांची, (हि. स.)।** झारखंड सरकार ने झारखंड युवा आयोग का अध्यक्ष कुमार गौरव को बनाया है। इस संबंध में बुधवार को पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।



जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य सरकार ने झारखंड युवा आयोग के गठन करते हुए प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुमार गौरव को युवा आयोग का नया अध्यक्ष बनाया है जबकि विशाल तिर्की और सुनील टुडू को आयोग का सदस्य बनाया गया है। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। कुमार गौरव को झारखंड युवा आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत, डॉ. अजय कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, गीता कोड़ा, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष र-विंद्र सिंह, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद सहित अन्य नेताओं ने बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि कुमार गौरव फिलहाल कांग्रेस के प्रदेश महासचिव के पद पर हैं। कांग्रेस के संगठनात्मक दायित्वों में गिरिडीह जिले के प्रभारी भी हैं।

# रांची एयरपोर्ट विस्तारीकरण में 20 लाख से अधिक गबन के आरोपित को नहीं मिली राहत

**रांची, (हि.स.)।** रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए जमीन के बदले फर्जी तरीके से 20 लाख से अधिक मुआवजा राशि भुगतान प्राप्त करने के मामले के आ-रोपित पदाधिकारी और योजना सह वित्त विभाग के तत्कालीन आप्त सचिव दीपक कुमार वर्मा को राहत नहीं मिली। दीपक कुमार अभी सूचना जनसंपर्क विभाग के अंतर्गत राज्यपाल सचिवालय में निजी सहायक के पद पर प्रतिनियुक्त हैं। सरकार ने उनके अपील अभ्यावेदन को खारिज कर दिया है। साथ ही उन्हें दिए गये दंड को यथावत रखा है। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्तारीकरण परियोजना के अंतर्गत हेथू ग्राम में खाता संख्या-14, खेसरा-1300 में 0.24 एकड़ भूमि में अवैध तरीके से घोखाधड़ी कर केनरा बैंक के ड्राफ्ट के माध्यम से बीस लाख छत्तीस हजार चार सौ अठारह रुपये का भुगतान दीपक कुमार वर्मा ने उठा लिया। हेथू ग्राम में शिविर लगाकर 26 मार्च, 2015 को चेक दिया गया था। बाद में यह पता चला कि इतनी बड़ी राशि धोखाधडी करके उन्होंने ली, जिसके वे हकदार भी नहीं थे।

पूरे मामले पर सरकार आचरण नियमावली के तहत कार्रवाई शुरू हुई। रांची डीसी ने कार्रवाई की अनुशंसा की थी, जिसके बाद विभागीय कार्यवाही चली। प्रथम द्दष्टया आरोप भी प्रमाणित पाये गये। जांच में यह बात सामने आयी कि उन्होंने धोखाधडी करके राशि प्राप्त की, जिसके बाद उपायुक्त रांची ने दीपक कुमार वर्मा से सूद की राशि चक्रवृद्धि ब्याज के साथ 28 मार्च, 2015 से 25 मार्च, 2018 तक 18 प्रतिशत व 26 मार्च, 2018 से 10 मई, 2018 तक 10.5 प्रतिशत की दर से राशि वसूली का प्रतिवेदन दिया। इसके तहत वसूली की राशि 37, 00,850.33 रुपये की गणना की गयी। मूल राशि 20, 38,418 रुपये के अतिरिक्त सूद की राशि 16,62, 433 रुपये की वसूली का प्रतिवेदन दिया गया। इसके बाद उन्हें निजी सहायक के पद पर डिमोट भी कर दिया गया।यह डिमेशन सात साल तक प्रभावी है। पूरे मामले के पकड़ में आने के बाद आरोपित पदाधिकारी ने मूल राशि 20,38,418 रुपये को वापस सरकारी कोष में जमा कर दिया। सूद की राशि उनके द्वारा जमा नहीं की गयी। इस मामले में फिर से रांची उपायुक्त से सरकार को पत्र लिखा गया है और कहा कि सूद की रकम बढ़ जायेगी। ऐसे में सरकार के स्तर पर निर्णय लिया जाये।

# बिहार के लखीसराय में अमित शाह की जनसभा की सभी तैयारियां पूरी



**पटना, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 जून को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के गढ़ मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के लखीसराय में जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बिहार भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। 25 हजार कार्यकताओं के आने की व्यवस्था की गई है। उनके लखीसराय दौरे को ऐतिहासिक बनाने के लिए बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी मंगलवार और बुधवार दो बार लखीसराय आ चुके हैं। उन्होंने तैयारियों को जायजा लिया। इस दौरान सम्राट चौधरी ने कहा कि 29 जून को गृहमंत्री अमित शाह का गांधी मैदान में होने वाली सभा भी ऐतिहासि-ाक होगी। सम्राट चौधरी ने लखीसराय में कार्यकताओं का उत्साह वर्धन किया और कहा कि कल होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। लखीसराय के अशोक धाम स्थित मंदिर से सटे बाहरी परती खेत में गृहमंत्री अमित शाह का हेलिकॉप्टर उतरने के लिए हेलिपेड निर्माण कराया जा रहा है। निमार्णाधीन हेलिपैड के बगल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का हेलिकॉप्टर उतरा। प्रदेश अध्यक्ष का हेलिकॉप्टर आते ही अशोकधाम में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ लग गई। हेलिकॉप्टर से उतरने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सड़क मार्ग से बाइपास रोड के रास्ते सभा स्थल गांधी मैदान पहुंचे। वहां उन्होंने नेता प्रतिपक्ष और अन्य पार्टी नेताओं के साथ सभा मंच और अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर मीडिया से बात करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि लखीसराय ऐतिहासिक धरती है और 29 जून को गृहमंत्री अमित शाह का गांधी मैदान में होने वाली सभा भी ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि मुंगेर सहित बिहार के सभी 40 सीटों पर लोकसभा चुनाव की तैयारी भाजपा कर रही है। मुंगेर में हमारी जीत होगी और कमल खिलेगा।

# भारतीय भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त है जिला ताइक्वांडो संघ : रजनीश रंजन



**बेगूसराय, (हि.स.)।** बेगूसराय जिला ताइक्वांडो संघ की बैठक जिलाध्यक्ष रजनीश रंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मे संघ के पदाधिकारी एवं कोच शामिल हुए। बैठक में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेगूसराय के चैम्पियन बनने पर सभी कोच एवं खिलाड़ियों को बधाई दी गई। जिलाध्यक्ष रजनीश रंजन ने कहा कि बेगूसराय जिला ताइक्वांडो संघ, बिहार ताइक्वांडो से जुड़ा है। जबकि बिहार ताइक्वांडो संघ, ताइक्वांडो फे-डरेशन ऑफ इंडिया और भारतीय भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त है। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से सम्बद्ध है। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो के नाम पर बने शेष संगठन जैसे ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बेगूसराय जैसा संगठन केवल खिलाड़ियों को दिग्भ्रमित करता है। ऐसे संगठनों का उद्देश्य खेल एवं खिलाड़ियों का विकास करना नहीं, बल्कि इसके नाम पर अपनी रोटी सेंकना है। सचिव नन्दु कुमार ने कहा कि जिला ताइक्वांडो संघ विगत 25 वर्षों से सक्रिय है। यह जिले मे ताइक्वांडो खेल के प्रचार-प्रसार के लिए संकल्पित है। बेगूसराय जिला संघ विगत 21 वर्ष से जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करता आ रहा है। बिहार ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष शशिबला बदानी और राज्य सचिव राजेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में मे जिला ताइक्वांडो संघ अपने क्रियाकलापों का आयोजन करती है। इस बैठक में उपाध्यक्ष साइमन मूर्मू, संयुक्त सचिव अनिल कुमार तांती, कोषाध्यक्ष राधास्वामी, तकनीकी कोच मणिकांत, कार्यकारिणी सदस्य वागीश आनंद, मो.फुरकान, कोच सौरभ कुमार एवं नीरज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचारी को सदाचारी बनाने की मशीन है भाजपा : श्रवण कुमार



**पटना, (हि.स.)।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने केन्द्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने में निष्पक्षता नहीं बरतती है, केंद्रीय एजेंसियों के सहारे सिर्फ देश के विपक्षी नेताओं को तंग किया जाता है। प्रधानमंत्री जी भ्रष्टाचारियों पर का-र्रवाई करने की बात करते हैं तो उससे पहले उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि क्या उनकी केंद्रीय एजेंसियां निष्पक्ष तरीके से कार्य करती है। वह बुधवार को जदयू मुख्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। श्रवण कुमार ने कहा कि आज देश में गरीबी और महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर है मगर प्रधानमंत्री जी मुद्दों पर बात करने के बजाए अनावश्यक बयानबाजी करना पसंद करते हैं। जनता इनकी नीतियों से त्रस्त है, बिहार और देश की जनता 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा का पूरी तरह से सफाया कर देगी। जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने कहा कि भाजपा दलित, पिछड़ा और अति-पिछड़ा विरोधी है, इन लोगों ने साजिश के तहत बिहार में जातीय गणना पर रोक लगाने का काम किया है। विपक्षी पार्टियों की बैठक से भाजपा घबराई हुई है लिहाजा ये लोग अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। जनता 2024 में भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगी। मंत्री जयंत राज ने कहा कि भाजपा दलित, पिछड़ा और अति-पिछड़ा विरोधी है, इन लोगों ने साजिश के तहत बिहार में जातीय गणना पर रोक लगाने का काम किया है। आगे उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों की बैठक से भाजपा घबराई हुई है लिहाजा ये लोग अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। जनता 2024 में भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगी। गृहमंत्री अमित शाह के बिहार दौरे को लेकर मंत्री जयंत राज ने कहा कि बिहार में उनका स्वागत है परंतु वह बिहार आ रहे हैं उन्हें कम से कम बिहार की जनता से किए गए अपने पुराने वादों का हिसाब देना चाहिए। अमित शाह जी आ रहे हैं तो प्रत्येक बिहारियों के लिए 15-15 लाख रुपए साथ लेते हैं जैसा कि उन्होंने बिहार की जनता से 2014 के चुनाव में वादा किया था और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की घोषणा भी इस बार उन्हें करना चाहिए। शिक्ष-ाक नियमावली में बदलाव को लेकर उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग के जो भी अभ्यर्थी होते हैं उन्हें किसी भी प्रदेश में सरकारी नौकरी के लिए आवेदन देने का अधिकार है सरकार ने जो भी निर्णय लिया है वह संविधान के अनुसार है इसे लेकर विवाद नहीं होना चाहिए।

## संपादकीय

# व्यवस्था का कहर

**मानसून** का बरसना सुखद भी है और तबाही भी है। किसानों के 15 करोड़ से अधिक परिवारों के लिए 'संजीवनी' भी है, क्योंकि आज भी खेती बरसात की धार पर आश्रित है। किसान अक्सर आसमान की ओर टुकुर-टुकुर देखता रहता है, जब मानसून देरी से आता है। मानसून का मानवीय आयाम बेहद भयावह भी है। अब बरसात के मौसम में पहाड़ टूटते हैं। भू-स्खलन होते हैं, तो प्रलय-सा सैलाब भी आता है। आपदा के साथ विनाश भी बरसता है। सड़कें तालाब बन जाती हैं। पानी के जबरदस्त बहाव से घर टूट जाते हैं या कच्चे, पुराने मकान सैलाब में बह जाते हैं। राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर, बरसात के पानी में, करंट दौड़ने लगता है, नतीजतन एक 35 वर्षीय महिला की वहीं मौत हो जाती है। एक घर अनाथ हो गया! मानसून ने तो नहीं चाहा था। वह तो हर साल बरसता है। महानगरों में जल-भराव इतना हो जाता है कि सड़क और गड्ढे का फर्क गायब हो जाता है। दुर्घटनाएं और मौत बिन बुलाए आती हैं। जिंदगी और रवानगी ठहर जाती हैं। अब मानसून मूसलाधार बरसता है, लिहाजा असम राज्य में 2 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ की चपेट में हैं। करीब 5 लाख लोग बारिश और बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। वहां 1200 से अधिक गांव डूब चुके हैं। चारों ओर तबाही का मंजर है। यह असम की नियति है, जो कई दशकों से जारी है। साल में छह माह असम बाढ़ग्रस्त रहता है। शेष छह माह खुद को संभालने, जीवन को पटरी पर लाने की मशक्कत में गुजर जाते हैं, लेकिन उसके बाद भी बर्बादी और बिखरना... ! बाढ़ और आपदा राहत के नाम पर बजट खर्च कर दिया जाता है और फिर अगली तबाही का इंतजार किया जाता है। यही हमारी सरकारी व्यवस्था है। मानसून की अभी तक की बारिश में, देश भर में, 30-35 मौतें हो चुकी हैं। यह आंकड़ा घोषित है, अघोषित यथार्थ की कोई जानकारी नहीं है। अब मूसलाधार बारिश ऐसी होती है मानो मानसून तीन महीने का नहीं, कुछ ही दिनों के लिए बरसेगा! फिर बहुत कुछ तबाह कर, बिखेर कर या विनाश कर लौट जाएगा। ऐसे मौसम की जरूरत क्या है? यह जलवायु-परिवर्तन का असर है। बेशक आप मौसम की इस अवधारणा को स्वीकार न करें, लेकिन पूरा विश्व चिंतित है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भयातुर विमर्श किए जा रहे हैं। भारत में मानसून की अभी तो शुरुआत है, लेकिन मौसम विभाग ने 11 राज्यों-पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, हरियाणा, पश्चिमी उप्र, राजस्थान, मप्र, छत्तीसगढ़, केरल, महाराष्ट्र और गुजरात-में अलग-अलग स्तर के अलर्ट जारी किए हैं। कुछ भी अनहोनी, अनिष्ट घट सकता है! इन राज्यों में मध्यम से भारी बारिश हुई, तो तबाही के नए मंजर सामने आएंगे। दुर्भाग्य है कि हमारी व्यवस्था, सरकारों, अधिकारियों ने बारिश और बाढ़ के कहर से कोई सबक नहीं सीखा है। व्यवस्था बारिश को कुदरत का प्रकोप मान कर अपना दायित्व निभा लेती है। 'आपदा' करार देकर बचने की कोशिश की जाती है। शहरों और गांवों में ड्रेनेज बंद पड़े रहते हैं। उनकी सफाई सालों-साल नहीं की जाती, अलबत्ता उसके नाम के मोटे-मोटे खर्च दिखा दिए जाते हैं। आखिर भ्रष्टाचार भी तो होना चाहिए न! महानगरों में भी गली-सड़ी व्यवस्थाएं हैं। आखिर कब तक हमारे शहर-गांव डूबते रहेंगे? क्या ऐसे मुद्दे पर कभी, कोई चुनावी शोर सुना है? क्या इन समस्याओं पर कोई जनादेश दिया गया है? बारिश और बाढ़ हर साल आती हैं। फिर उन्हें रोकने के बंदोबस्त क्यों नहीं किए जाते? देश में विकास के नाम पर राजनीति की जाती रही है, लेकिन हमारी सरकारों, दलों और नेताओं को शायद यह जानकारी नहीं है कि बेलगाम बारिश और बाढ़ विकास को औसतन 3 फीसदी सालाना पीछे धकेल देती हैं! शायद इसीलिए बारिश और बाढ़ के प्रबंधन पर कोई सार्थक काम नहीं किया जाता। अभी मानसून देश के पूर्वी, मध्य, उत्तर-पश्चिम और पश्चिमी राज्यों में 5 दिन लगातार सक्रिय रहेगा, जाहिर है कि बरसात भी होगी।

मानसून का मानवीय आयाम बेहद भयावह भी है। अब बरसात के मौसम में पहाड़ टूटते हैं। भू-स्खलन होते हैं, तो प्रलय-सा सैलाब भी आता है। आपदा के साथ विनाश भी बरसता है। सड़कें तालाब बन जाती हैं। पानी के जबरदस्त बहाव से घर टूट जाते हैं या कच्चे, पुराने मकान सैलाब में बह जाते हैं। राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर, बरसात के पानी में, करंट दौड़ने लगता है, नतीजतन एक 35 वर्षीय महिला की वहीं मौत हो जाती है। एक घर अनाथ हो गया! मानसून ने तो नहीं चाहा था। वह तो हर साल बरसता है। महानगरों में जल-भराव इतना हो जाता है कि सड़क और गड्ढे का फर्क गायब हो जाता है।

## कुछ अलग

# मानसून की घंटियां

**पहाड़ों** पर चैन का अभिलषित व्याकरण पैदा ही नहीं हुआ और न ही विकास इसका पर्यायवाची ढूंढ पाया। यह सूचना ही काफी है कि हिमाचल को हर साल बरसात के महीनों को लांघना सबसे बड़ी परीक्षा है। फिलहाल विकास का ऐसा कोई मॉडल नहीं, जो इंतजामों को पुख्ता कर दे। पहले बादल पहाड़ से टकरा कर नदी, नाले या प्राकृतिक निकासी में बहकर निकल जाते थे, लेकिन अब हर बरसात बहते आंसुओं की निशानी भी छोड़ जाती है। पहाड़ अब एक महीना नहीं, साल भर चलने का कारवां है, इसलिए मौसम से लड़ता आधुनिक इतिहास की शिकायत करता है। अभी मानसून ने घंटी भी नहीं बजाई कि भारी बारिश में मकान गिरने लगे, विकास का सीमेंट सरिया ढहने लगा और जनजीवन असामान्य होने लगा है। हर बार पर्यटक सीजन का बरसात से मिलन इस कद्र कराह जाता कि सुरक्षा के लिहाज से सैलानी भी कांप जाते। कुछ अनहोनियों के बीच बरसात की शहादत में हमारी व्यवस्था के पहरे उजड़ गए। यह बाढ़ का मंजर है या जल निकासी की घुटन कि चंद घंटों की बारिश ने मौसम की विकरालता को पेश करते हुए 102 करोड़ लील दिए। पहले बारिश के साथ जीते थे, अब बरसात के खिलाफ जीने के कारण हर बूंद का अपना दरिया है। हर बूंद का अपना हिसाब है। कहीं बादलों की ओट से फिर समुद्र निकल आया। भागती जिंदगी के बीच मानसून की दस्तक अगर इतनी घातक है, तो इस दर्द को समझे बिना दवा नहीं मिलेगी। हिमाचल के वही रास्ते क्यों टूटे जहां विकास चल रहा था। विकास को फुर्सत नहीं और जल निकास को सोहबत नहीं। कहीं डंगे गिरे तो इसके साथ विकास के वे मंच भी ध्वस्त हुए, जिनके ऊपर एक हसरत भरे हिमाचल को बार-बार मापा जाता रहा है। क्या बरसात हमारे खोट को छुपाने का दरिया है या पाप को बहाने का जरिया है। हर साल तबाही के आलम की रिपोर्ट बन जाती है, लेकिन इस बर्बादी से सबक कौन लेता। न जनता और न ही सरकार। कुल्लू के मौहल में खड्ड हर बार फुंफकारे मारती हुई सामने खड़ी हर बाधा को साफ कर देती है। इस बार कई वाहन निकल लिए, तो कहीं ऐसे ही मंजर में जोगिंद्रनगर संपर्क मार्ग के पुल ने प्राण त्याग दिए। इस बीच पुलियों का ढहना आधुनिक विकास की सर्कस सरीखा हो गया। सार्वजनिक निर्माण के रेत और सीमेंट के बीच इतना भी तालमेल नहीं कि ये बरसात का मुकाबला कर सकें। अब बाढ़ की गंगा में सरकारी निर्माण अपने हाथ धोने लगा है। बहरहाल त्रासदी सिर्फ नाम की नहीं, हर साल अपने काम की भी है। हमारा ढांचा अगर बार-बार एक ही जगह टूट रहा है, तो मौसम से जिरह क्यों करें। अगर धर्मपुर का बस स्टैंड फिर बहने के कगार पर पहुंच गया, तो कितनी बार बरसात को कोसते रहेंगे। बस स्टैंड के साथ 2015 में भी सोन खड्ड बहती थी और 2023 में भी इसी खड्ड की छाती पर मूंग दलता वही बस स्टैंड खड़ा है। विकास की ऐसी जिद्द का परिणाम पूर्व घोषित है, लेकिन हमें अपने डिजाइन, साइट प्लान और भूमि चयन में वैज्ञानिक तर्क तो चाहिए ही नहीं। कहीं तो मानसून हमारे विकास को असफल करार दे रही है। यह केवल सार्वजनिक नहीं, निजी क्षेत्र की बदौलत भी है कि हम अपने जीवन का अंदाज भूलकर भौतिक उपलब्धियों की रफ्तार में खोने लगे हैं। जिस तरह पारंपरिक जल निकासी को रोककर जनता अपने बीच सरहदें खड़ी कर रही है, उससे गांव का घराट भी अब बाढ़ का दरिया है। अतिक्रमण से सिकुड़ती कूहल, खड्ड व नालों के किनारे उभरती इमारतें इनसान को कितनी भी शाबाशी दे दें, लेकिन पानी को ऐसी सरहद मंजूर नहीं। यह हमारे जल और आपदा प्रबंधन के बीच की दूरी भी है कि गर्मियों में सूखे की मांग में बंजर होने की सजा और बारिश में बह जाने की हद से परे हो जाने की आफत खड़ी रहती है। हिमाचल के हर महकमे की औकात में बारिश अपने नथने फुलाती है या बादल फुंफकारते हैं, लेकिन हम वही ढाक के तीन पात, हर साल मानसून से पानी मांगते और साथ ही रहम मांगते रह जाते।


## जनवरी-मार्च 2023 की चौथी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी

# प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान सम्पन्न हुए समझौतों से तेज होगी भारत के विकास की रफ्तार

**प्रहलाद सबनानी**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत की रही है एवं जनवरी-मार्च 2023 की चौथी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी है। जबकि अक्टोबर-दिसम्बर 2022 की तृतीय तिमाही में आर्थिक विकास दर 4.5 प्रतिशत की रही थी। भारत में आर्थिक विकास दर विभिन्न वित्तीय संस्थाओं द्वारा पूर्व में किए गए अनुमानों से कहीं अधिक रही है। निश्चित ही, वित्तीय वर्ष 2022-23 के आर्थिक विकास सम्बंधी आंकडें बेहद उत्साहजनक रहे हैं। भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर विश्व की अन्य समस्त बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर रही है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था बनी रही है।

**वित्तीय** वर्ष 2022-23 एवं चतुर्थ तिमाही के हाल ही में जारी किए गए भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास सम्बंधी आंकड़ों से यह आभास हुआ है कि भारत में आर्थिक विकास दर उम्मीद से कहीं अधिक रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत की रही है एवं जनवरी-मार्च 2023 की चौथी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी है। जबकि अक्टोबर-दिसम्बर 2022 की तृतीय तिमाही में आर्थिक विकास दर 4.5 प्रतिशत की रही थी। भारत में आर्थिक विकास दर विभिन्न वित्तीय संस्थाओं द्वारा पूर्व में किए गए अनुमानों से कहीं अधिक रही है। निश्चित ही, वित्तीय वर्ष 2022-23 के आर्थिक विकास सम्बंधी आंकडें बेहद उत्साहजनक रहे हैं। भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर विश्व की अन्य समस्त बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर रही है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था बनी रही है। भारत ने आर्थिक विकास के मामले में चीन से दुगुनी रफ्तार हासिल कर ली है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकर अब 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऊपर निकल चुका है। हर्ष का विषय यह है कि कृषि के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 में विकास दर 4.5 प्रतिशत की रही है जो वित्तीय वर्ष 2021-22 की 3.5 प्रतिशत की विकास दर से कहीं अधिक है। कृषि के क्षेत्र में तेज हो रही आर्थिक विकास दर से सीधे सीधे किसानों को लाभ हो रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों के रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं, ग्रामीण इलाकों से शहरों की ओर पलायन कम हो रहा है एवं किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, जिससे भारत में उत्पादित होने वाले उत्पादों का एक नया बाजार तैयार हो रहा है। इसी प्रकार सेवा क्षेत्र में भी आर्थिक विकास की दर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 11 प्रतिशत की रही है जो वित्तीय वर्ष 2021-22 की विकास दर 9 प्रतिशत की तुलना में कहीं अधिक है। सेवा क्षेत्र में तेज हो रही विकास दर के चलते शहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर अधिक निर्मित हो रहे हैं। हां, अभी भी विनिर्माण क्षेत्र में विकास की दर को तेज होना शेष है। वर्तमान में देश के सकल घरेलू उत्पाद में उद्योग क्षेत्र का योगदान 17 प्रतिशत है, इसे 24 से 25 प्रतिशत तक आगे ले जाना आवश्यक है। यदि उद्योग क्षेत्र के योगदान को 25 प्रतिशत तक लाने में सफलता हासिल हो जाती है तो देश में भारी भरकम वेतन वाले रोजगार के करोड़ों नए अवसर पैदा हो सकते हैं। इस दृष्टि से ही भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अमेरिका की यात्रा की है। इस यात्रा में उन्हें बहुत बड़ी सफलता भी हासिल हुई है। भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिका में कई



बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के कार्यपालन अधिकारियों से उनके द्वारा भारत में निवेश किये जाने के सम्बंध में सीधी बातचीत की है। गूगल कम्पनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुंदर पिचाई ने घोषणा की है कि गूगल कम्पनी भारत में 1,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। साथ ही, टेस्ला कम्पनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एलन मस्क ने भी भारतीय प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद दिए गए अपने एक बयान में बताया है कि उनकी कम्पनी भारी भरकम राशि का निवेश शीघ्र ही भारत में करने जा रही है एवं इस सम्बंध में वे स्वयं भी वर्ष 2024 में भारत की यात्रा करने वाले हैं। अमेरिकी एयरोस्पेस कम्पनी बोईंग ने भी शीघ्र ही भारत में 800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की घोषणा की है। इस निवेश से भारतीय इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार और पायलट ट्रेनिंग का काम किया जाएगा। दरअसल, भारत में स्किल्ड पायलटों की मांग लगातार बढ़ रही है और अगले 20 वर्षों में देश में करीब 31,000 नए पायलटों की आवश्यकता होगी। इस कमी की पूर्ति करने में बोईंग द्वारा किए जा रहे निवेश से भारत को बहुत सहायता मिलेगी। अमेरिकी ई-कामर्स कम्पनी अमेजन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एंडी जैसी ने भी घोषणा की है कि अमेजन कम्पनी शीघ्र ही भारत में 1,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। कम्पनी पहिले ही भारत में 1,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश कर चुकी है, अब कम्पनी का भारत में कुल निवेश बढ़कर 2,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। इसी प्रकार, भारत और अमेरिका के बीच जेट इंजन के निर्माण की इकाई स्थापित करने पर भी सहमति बन गई हैं। इस सम्बंध में भारत की ओर से हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स कम्पनी ने एवं अमेरिका की ओर से जनरल इलेक्ट्रिक कम्पनी ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये है। इससे भारत में ही निर्मित हो रहे तेजस विमान के इंजन को भी अपग्रेड किया जा सकेगा। अमेरिका भारत को अतिआधुनिक एवं शक्तिशाली एमक्यू-9बी ड्रोन भी उपलब्ध कराने को तैयार हो गया है। अमेरिका 60,000 भारतीय इंजीनियरों को सेमीकंडकर सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से ट्रेनिंग देने के लिए भी सहमत हो गया है। अर्थात, इस सम्बंध में उच्च तकनीकी भारतीय इंजीनियरों को उपलब्ध करायी जाएगी। मैक्रोन नामक कम्पनी भारत में ही ड्रोन निर्माण हेतु एक इकाई की स्थापना भी करने जा रही है, इसके निर्माण पर मैक्रोन कम्पनी द्वारा भारी भरकम राशि का निवेश भारत में किया जाएगा। अमेरिका ने भारतीय स्टील एवं अल्यूमिनियम के आयात पर लगने वाले अतिरिक्त शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया है। इससे अब अमेरिकी बाजार में भारतीय स्टील और अल्यूमिनियम पहले की तुलना सस्ते हो जाएंगे एवं इससे भारत में निर्मित स्टील उत्पादों की मांग अमेरिकी बाजार में बढ़ जाएगी। भारतीय स्टील उद्योग को इससे बहुत फायदा होने की सम्भावना बन गई है। अमेरिका की विभिन्न कम्पनियों द्वार भारत में किये जाने वाले उक्त वर्णित भारी भरकम राशियों के निवेश से भारत में विनिर्माण क्षेत्र में विकास दर को निश्चित ही बल मिलेगा एवं भारत के कुल सकल उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की भागीदारी में सुधार होगा। भारत में जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में सकल स्थायी पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) की दर भी उत्साहजनक स्तर 35 प्रतिशत रही है एवं पूरे वित्तीय वर्ष 2022-23 में 29 प्रतिशत रही है। इसका आशय यह है कि भारत में निवेश के क्षेत्र में सुधार दृष्टिगोचर है, जो आगे आने वाले समय के लिए आर्थिक विकास दर को और अधिक तेज करने में सहायक होने जा रहा है। वर्तमान में पूंजी निवेश की दर में वृद्धि केंद्र सरकार द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में किए जा रहे भारी भरकम राशि के निवेश के चलते हो रही है परंतु अब चूंकि औद्योगिक इकाईयों की कुल उत्पादन क्षमता का 74 प्रतिशत से अधिक उपयोग होने लगा है अतः अब निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा भी भारत में अपने निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा, इससे शीघ्र ही सकल स्थायी पूंजी निर्माण की दर में और अधिक सुधार दिखाई देने लगेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह भी एक संतोष का विषय है कि भारत में मानसून पिछले 4 – 5 वर्षों में लगातार अच्छा बना रहा है एवं इस वर्ष भी भारत में सामान्य बारिश होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत होने के कारकों में शामिल हैं, केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लागू किए गए विभिन्न सुधार कार्यक्रम, भारत में निवेश के लिए बेहतरीन माहौल तैयार करना, भारत में 130 करोड़ से अधिक नागरिकों का उपभोक्ता बेस उपलब्ध होना अर्थात विशाल घरेलू मार्केट, जिसके चलते भारतीय अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ती जा रही है।

# विद्यार्थियों को यौन शिक्षा क्यों?

स्कूलों और कॉलेजों में यौन शिक्षा को शामिल करने को लेकर कोर्ट की यह टिप्पणी एक याचिका की सुनवाई के दौरान सामने आई। केस कुछ इस तरह से था कि एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी की गर्भावस्था खत्म करने को लेकर याचिका दायर की थी। बता दें कि मासूम को उसके अपने भाई ने ही गर्भवती कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि इसमें माता-पिता को कोई दोष नहीं दे सकता, बल्कि इसके लिए समाज ही जिम्मेदार है। भाई का बहन के साथ ऐसा करना परिवार में एक अच्छे माहौल की कमी है। सुरक्षित यौन संबंध के बारे में ज्ञान की कमी इसका सबसे बड़ा कारण है। माननीय कोर्ट ने कहा कि समाज को एक बेहतर माहौल देने के लिए स्कूलों और कॉलेजों को उचित यौन शिक्षा की आवश्यकता के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। कोर्ट ने स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में सुरक्षित यौन शिक्षा को शामिल करने के मुद्दे का अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाने को कहा है।

**हमारी** संस्कृति में किसी भी शिक्षाविद के लिए स्कूल और कॉलेज के छात्रों को सुरक्षित यौन शिक्षा का विचार स्वीकार्य नहीं होगा, लेकिन इसके विपरीत जाते हुए केरला हाई कोर्ट ने सरकार से स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में सुरक्षित यौन शिक्षा को शामिल करने की आवश्यकता पर विचार करने को कहा है। स्कूलों और कॉलेजों में यौन शिक्षा को शामिल करने को लेकर कोर्ट की यह टिप्पणी एक याचिका की सुनवाई के दौरान सामने आई। केस कुछ इस तरह से था कि एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी की गर्भावस्था खत्म करने को लेकर याचिका दायर की थी। बता दें कि मासूम को उसके अपने भाई ने ही गर्भवती कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि इसमें माता-पिता को कोई दोष नहीं दे सकता, बल्कि इसके लिए समाज ही जिम्मेदार है। भाई का बहन के साथ ऐसा करना परिवार में एक अच्छे माहौल की कमी है। सुरक्षित यौन संबंध के बारे में ज्ञान की कमी इसका सबसे बड़ा कारण है। माननीय कोर्ट ने कहा कि समाज को एक बेहतर माहौल देने के लिए स्कूलों और कॉलेजों को उचित यौन शिक्षा की आवश्यकता के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। कोर्ट ने स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में सुरक्षित यौन शिक्षा को शामिल करने के मुद्दे का अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाने को कहा है। माननीय कोर्ट ने किन बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए स्कूल और कॉलेज में सुरक्षित यौन शिक्षा की जरूरत महसूस की है, इस बात पर विचार किया जाना चाहिए। हमें तार्किक होते हुए इस विषय को अपनी संस्कृति पर कुठाराघात समझते हुए इसे सिरे से नकार नहीं देना चाहिए। विद्वान मानते हैं कि यौन शिक्षा एक शैक्षिक सिद्धांत है जो शरीर में विभिन्न यौन परिवर्तनों और प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इसका लक्ष्य यौन संचारित रोगों और सुरक्षित यौन संबंधों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। स्कूलों में यौन शिक्षा आवश्यक है क्योंकि यह छात्रों को प्रजनन स्वास्थ्य, संबंधित अंगों, किशोरावस्था और यौन संचारित रोगों के बारे में जानकारी देती है। यह लोगों को विभिन्न यौन-संबंधी मुद्दों के बारे में गलत धारणाओं से बचाने के लिए जागरूकता भी बढ़ाती है। यह छात्रों को यौन संचारित रोगों और उनकी रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाती है। यौन संचारित रोग वे हैं जो संक्रमित लोगों के साथ यौन संपर्क से फैलते हैं। स्कूलों में यौन शिक्षा शुरू करके छात्रों को विभिन्न प्रकार के एसटीडी और उनके कारण होने वाले रोगों के बारे में जागरूक किया जा सकता है। यौन शिक्षा से बाल शोषण को कम किया जा सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कई दुव्यवहार करने वाले बच्चे इस बात से अनजान हैं कि उनके साथ क्या हो रहा है। उन्हें उचित रूप से शिक्षित करने से उन्हें अच्छे और बुरे स्पर्श के बारे में पता चलेगा, जिससे संभवतः बाल शोषण के मामलों में उल्लेखनीय कमी आएगी। यौन शिक्षा शरीर और यौवन के दौरान होने वाले परिवर्तनों के बारे में जागरूकता बढ़ाती है। कई माता-पिता को अपने बच्चों को यह समझाने में कठिनाई होती है और वे अक्सर इसे छोड़ देते हैं। परिणामस्वरूप, यौन शिक्षा से माता-पिता और बच्चों दोनों को लाभ हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि यौन रूप से जागरूक छात्र असुरक्षित यौन संबंध को न कहने की सबसे अधिक संभावना रखते हैं। यौन शिक्षा के माध्यम से किशोरों को सेक्स के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष सिखाए जा सकते हैं। समय-समय पर, शोध से पता चला है कि मानव कामुकता के बारे में सटीक और उचित जानकारी के साथ सिखाई जाने वाली यौन शिक्षा, जिसमें जोखिमों को कम करने के कदम भी शामिल हैं, छात्रों के लिए फायदेमंद रही है। अक्सर एक बच्चा जो अपने शारीरिक विकास से अनजान होता है, उसे शरीर में बदलाव महसूस करना पूरी तरह से परेशान करने वाला लगता है। वे अलग और टूटा हुआ महसूस करते हैं। यौन शिक्षा बच्चे को जीवन के दौरान मानव शरीर में होने वाले परिवर्तनों के बारे में मानसिक और भावनात्मक रूप से तैयार करती है। जब एक छोटे बच्चे को बदलावों के बारे में सिखाया जाता है और बताया जाता है कि कैसे हर किसी के जीवन में अलग-अलग संघर्ष होते हैं, तो वह बड़ा होकर अधिक जिम्मेदार बनता है। यदि वे अपने साथियों में किसी शारीरिक परिवर्तन से गुजर रहे हों या लड़कियों को मासिक धर्म हो रहा हो तो वे उनका मजाक नहीं उड़ाते। वे इस अवधारणा के अनुरूप ढलना सीखते हैं और एक-दूसरे का मजाक उड़ाने के बजाय एक-दूसरे के लिए मौजूद रहना कितना महत्त्वपूर्ण है, यह सीखते हैं। यौन शिक्षा बच्चों, किशोरों को पुरुषों और महिलाओं के शरीर को समझने और यौन व प्रजनन स्वास्थ्य व्यवहार के प्रति उनके दृष्टिकोण में सुधार करने में मदद करती है। यौन शिक्षा व्यक्ति के मन में अपने साथ-साथ दूसरों के प्रति भी जिम्मेदारी का बीज बोती है। यौन स्वास्थ्य छात्रों की शैक्षणिक सफलता को प्रभावित कर सकता है। अच्छी यौन शिक्षा युवा पीढ़ी को सिखाती है कि यौन हिंसा क्या होती है। कभी-कभी बच्चे अपने साथ होने वाले यौन शोषण से अनजान होते हैं, वे अपने माता-पिता को इसके बारे में बताने से झिझकते हैं क्योंकि उन्हें इसकी जानकारी नहीं होती है। नाबालिगों के साथ बढ़ रहे यौन अपराधों के लिए इंटरनेट पर मौजूद सामग्री भी जिम्मेवार है। इंटरनेट पर सेक्स पहले से ही खराब तरीके से सिखाया जाता है। बच्चे जिज्ञासु होते हैं, वे माता-पिता के सोचने से पहले ही सेक्स के बारे में जानकारी इक_I कर लेते हैं। इसलिए माता-पिता को अपने बच्चों को छोटी उम्र से ही यौन शिक्षा सिखाने की पहल करनी चाहिए और बच्चे के बड़े होने पर शिक्षा जारी रखनी चाहिए। इससे बच्चे और माता-पिता के बीच सुरक्षा की भावना भी पैदा होती है। यौन शिक्षा के बारे में माता-पिता का चुप रहना खतरनाक हो सकता है क्योंकि बच्चा अंततः इसके बारे में अपने साथियों और इंटरनेट से सीखेगा। माता-पिता वे मुख्य लोग हैं जो बच्चे के बड़े होने पर उसका साथ देते हैं। उन्हें निरंतर मार्गदर्शन और परामर्श की आवश्यकता है। यौन शिक्षा तब सबसे अच्छा काम करती है जब आपस में आपसी विश्वास, आराम और सुरक्षा हो। यौन शिक्षा बच्चे की उम्र और विकास की अवस्था के अनुसार सिखाई जानी चाहिए। भारत के वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए, भारतीय समाज को हर बच्चे के जीवन में इसके महत्त्व को समझने और स्वीकार करने के मामले में यौन शिक्षा को अभी और अधिक दूरी तय करनी है। अधिकांश स्कूलों में यौन शिक्षा अभी भी कहीं देखने को नहीं मिलती। छात्र अभी भी सडक़ों और इंटरनेट से ज्ञान इक_I करते हैं। क्या यह ठीक है, सोचना होगा। यह ठीक है कि शिक्षा संस्थानों में यौन शिक्षा के विचार का विरोध होगा, लेकिन एक बार इसकी कमी से होने वाले नाबालिगों के शोषण पर विचार करना होगा।

## नागरिक बोध

# पसमांदा मुस्लिमों से मोदी का प्रेम देखकर मुहब्बत की दुकान वालों को गुस्सा क्यों आता है?

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अमेरिका गये तो उनसे एक पत्रकार ने भारतीय मुसलमानों की स्थिति को लेकर सवाल कर दिया। प्रधानमंत्री अमेरिका के राजकीय दौरे पर थे तभी पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने सीएनएन को दिये साक्षात्कार के माध्यम से भारत में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले व्यवहार पर सवाल उठा दिया। प्रधानमंत्री मिस्र दौरे के दौरान वहां ऐतिहासिक मस्जिद गये तब भी तमाम तरह के सवाल उठाये गये। दरअसल अल्पसंख्यकों के नाम पर देश-विदेश में जो राजनीति होती है उसमें मोदी और भाजपा का भय दिखा कर वोटों और नोटों का बिजनेस किया जाता है। यह बिजनेस करने वाले तो मालामाल हो जाते हैं लेकिन गरीब मुसलमान वहीं का वहीं रह जाता है। अब प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश में दिये अपने संबोधन में पसमांदा मुस्लिमों की बात की तो मुस्लिम वोटबैंक की राजनीति करने वालों ने यह कहने में जरा भी देर नहीं लगायी कि चुनावी चिंता के चक्कर में भाजपा मुस्लिमों को रिझा रही है। ऐसे लोगों का इस बात पर ध्यान ही नहीं जाता कि प्रधानमंत्री मोदी अपने संबोधनों में एकता और सामाजिक सौहार्द्र पर हमेशा जोर देते हैं। अभी इसी साल जनवरी में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए भी प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया था कि वह अल्पसंख्यकों तक पहुँचें और उनका दिल जीतें। मोदी विरोधियों का ध्यान इस बात पर भी नहीं जाता कि देश को पहली बार ऐसा प्रधानमंत्री मिला जिसने संविधान की मूल भावना से प्रेरित 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देते हुए अपना कामकाज संभाला। प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी ने अपनी सरकार की नीतियों का लाभ पारदर्शिता के साथ समाज के हर वर्ग तक पहुँचाया है जिसका पूरा-पूरा लाभ अल्पसंख्यक समाज को मिला है। साथ ही मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के अभिशाप से मुक्ति भी मोदी ने ही दिलाई। अब मोदी सरकार सरकार ने पसमांदा समाज के उत्थान का जो संकल्प लेकर उसे सिद्ध करने की दिशा में कदम बढ़ाया है उससे मुस्लिम समाज के बीच मोदी और भाजपा का डर दिखा कर राजनीति करने वालों को परेशानी हो रही है। ऐसे लोगों को यह कतई नहीं पच रहा कि मदरसों में योग हो रहा है, पसमांदा समाज ध्यान लगाकर मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुन रहा है। यही नहीं, हाल ही में उत्तर प्रदेश में देखने को मिला कि मुस्लिम समाज 'मन की बात' कार्यक्रम में दिये प्रधानमंत्री के संबोधनों के संकलन को उर्दू किताब की शक्ल देकर उसे मदरसों, उलमा और अन्य इस्लामी विद्वानों के बीच तोहफे के तौर पर बंटवा रहा था। इसके अलावा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुस्लिम बहुल लोकसभा क्षेत्रों में 'स्नेह मिलन— एक देश, एक डीएनए' सम्मेलन में बड़ी संख्या में मुस्लिम शामिल हुए। योगी सरकार में अल्पसंख्यक समाज से जिन दानिश आजाद अंसारी को मंत्री बनाया गया है वह पसमांदा समाज से ही हैं।

## देश दुनीया से

# बस प्रभु! वही सब ऐज यूजुअल!

**आस्था** की फील्ड के दो तरह के भक्त होते हैं। एक वे जिनके कंट्रोल में भगवान होते हैं और दूसरे वे जो भगवान के कंट्रोल में होते हैं। एक वे जिनके इंतजार में भगवान पलक पांवड़े बिछाए बैठे होते हैं तो दूसरे वे जो अपने प्रभु के दर्शन की संशोधित रेट लिस्ट की परवाह किए बिना हाथ में वही आस्था के बीस रुपए और पचासियों बार चढ़ चुका सूखा नारियल लिए घंटों लाइन में एक दूसरे की आस्था को आगे पीछे ठेलते रहते हैं। पहले प्रभु के दर्शन के लिए एक दूसरे की बदतमीजी पूरी आस्था से झेलते रहते हैं। मैं इसी टाइप का भक्त हूं। कल फिर जब भगवान को उन्होंने कुछ देर के लिए अपने से मुक्त किया तो उनका फोन आ गया, 'और दूसरे दर्जे के भक्त! क्या चल रहा है?' उनका फोन आते ही मैं भाव विभोर हो उठा। उल्लू से मोर हो उठा। लगा, गैस सिलेंडर सौ रुपए का हो गया हो ! पेट्रोल मिट्टी का तेल हो गया हो! 'चलना क्या प्रभु! बस, आपकी कद्रदानी है। दूध के भाव मजे से बिक रहा पानी है। व्यवस्था में जिसे देखो वही धोखे, भय, भ्रष्टाचार और नौकरशाही के खिलाफ लड़ रहा है। बावजूद इस लड़ाई के धोखे, भय, भ्रष्टाचार नौकरशाही का ग्राफ दिन दुगना रात चौगुणा ऊपर चढ़ रहा है। कानून की नाक तले फर्जी पासपोर्ट मजे से बन रहे हैं, फर्जी कोर्ट मजे से चल रहे हैं। गुरुदेव अपना रिजल्ट बेहतर दिखाने को बच्चों को परीक्षा में नकल करवा रहे हैं। कंपिटिशनों के पेपर लीक हो रहे हैं। नैतिक मूल्य आलुओं से भी चीप हो रहे हैं। ...मेरे जैसे शरीफ रोगियों को शैतान मानने वाले समर्पित डॉक्टर साहब मेरे जैसे कुत्तों को अपनी कुशल ट्रीटमेंट कला से मृत्यु लोक से भवसागर पार उतार रहे हैं, पर आप तो अंतरयामी हैं प्रभु! हर तबके के सुख दुख जाननहार हैं, ऐसे में मेरे समय के सच मुझसे ही पूछ मुझे क्यों शर्मिंदा करते हो?'

पहले प्रभु के दर्शन के लिए एक दूसरे की बदतमीजी पूरी आस्था से झेलते रहते हैं। मैं इसी टाइप का भक्त हूं। कल फिर जब भगवान को उन्होंने कुछ देर के लिए अपने से मुक्त किया तो उनका फोन आ गया, 'और दूसरे दर्जे के भक्त! क्या चल रहा है?' उनका फोन आते ही मैं भाव विभोर हो उठा। उल्लू से मोर हो उठा। लगा, गैस सिलेंडर सौ रुपए का हो गया हो ! पेट्रोल मिट्टी का तेल हो गया हो! 'चलना क्या प्रभु! बस, आपकी कद्रदानी है। दूध के भाव मजे से बिक रहा पानी है। व्यवस्था में जिसे देखो वही धोखे, भय, भ्रष्टाचार और नौकरशाही के खिलाफ लड़ रहा है। बावजूद इस लड़ाई के धोखे, भय, भ्रष्टाचार नौकरशाही का ग्राफ दिन दुगना रात चौगुणा ऊपर चढ़ रहा है।

'इसलिए कि मैं अपने देखे सचों पर विश्वसनीयता की मोहर लगाना चाहता हूं। गरीब सब कुछ बोलता है, पर झूठ नहीं बोलता। वह किसी से डरे या न, पर मुझसे जरूर डरता है।' मैं भी किसी के लिए विश्वसनीय हूं, यह पता चलते ही मैं बाग बाग हुआ। वर्ना घरवालों को तो छोड़ो, अब तो मुझे मुझ पर से भी विश्वास उठ गया है। कई बार लगता है जैसे मैं अपने से भी सच नहीं कह पा रहा हूं। अपने से भी बच नहीं पा रहा हूं। 'बस प्रभु! वैसा ही प्री सावन फिर से आ गया है। व्यवस्था की सफाई व्यवस्था की पोल वेश्या के घाघरे की तरह खुल रही है। शहर की सारी नालियां बंद हो गई हैं। कूड़ा सडक़ों पर हिलोरे मार रहा है। लोक निर्माण विभाग वालों की पोल खुल रही है। नदी अपना रास्ता छोड़ पब्लिक हो सडक़ पर मचलती हुई चल रही है। ठेकेदार नालियों की सफाई के लिए टेंडर वाले साहब का दफ्तर खंगाल रहा है। नालियों का पानी जनता के घरों में दिन दहाड़े चोरों की तरह घुस रहा है। मानसून से लडऩे की सरकार की चाक चौबंद घोषणा पर से जनता का विश्वास एक बार फिर उठ रहा है। जितनी बार भी जनता सरकार की बातों पर विश्वास करती है, हर बार सरकार का विश्वास औंधे मुंह गिरता है। उसके बाद भी सरकार की चाक चौबंद व्यवस्था पर विश्वास करने के सिवाय जनता के पास और कोई विकल्प नहीं। सावन महीने में प्रभु के दर्शनों की नई रेट लिस्ट आ गई है। प्रभु के सुगम दर्शन सामान्य दिनों में अब चार सौ से पांच हो गए हैं और सोमवार को पांच सौ से बढक़र सात सौ पचास। जो मंगला आरती पहले सामान्य दिनों में एक हजार में होती थी, अब वह बारह सौ की हो गई है। और सोमवार को दो हजार की। जिस रुद्राभिषेक का रेट पहले सामान्य दिनों में एक शास्त्री एक हजार था अब पंद्रह सौ हो गया है। और सोमवार को पंद्रह सौ से बढक़र सीधा दो हजार। एक संन्यासी भोग जो पहले सामान्य दिनों में एक हजार रुपए था अब वह सावन के सामान्य दिनों में एक हजार से बढक़र दो हजार हो गया है और सोमवार को दो हजार से बढक़र तीन हजार। सावन सिंगार तो आप जैसे किस्मत वाले ही कर सकते हैं प्रभु अब।'




# मादक पदार्थों की होली से क्या अपनी नाकामी छिपा पाएंगे म्यांमार के सैनिक शासक

**यंगून।**
म्यांमार के शान प्रांत में सोमवार को एक अजीब उत्सव मनाया गया। वहां बड़े पैमाने पर अफीम और अन्य मादक पदार्थों की होली जलाई गई। यह आयोजन विश्व मादक पदार्थ विरोधी दिवस के मौके पर किया गया। शान प्रांत को म्यांमार में मादक पदार्थों की पैदावार के लिए जाना जाता है। पिछले कुछ समय से वहां नशीली दवाओं के उत्पादकों और तस्करों के खिलाफ कार्रवाई का अभियान छेड़ा गया है। म्यांमार के सैनिक शासकों का दावा है कि उनके इस अभियान को बड़ी सफलता मिली है। सेना स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन काउंसिल (एसएसी) नाम से देश का शासन चला रही है। उसने दावा किया है कि एसएसी ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अपनी अंतरराष्ट्रीय वचनबद्धता को पूरा किया है और आगे भी इसमें सहयोग करती रहेगी। लेकिन कई पर्यवेक्षकों की राय है कि एसएसी ने इस बारे में अपनी सफलता को बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया है। उसी कोशिश में सोमवार को शान प्रांत में पकड़ी गई अफीम की होली जलाई गई। धधकती लपटों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए गए। जबकि पर्यवेक्षकों का आरोप है कि बरामद हुए मादक पदार्थों के बारे में एसएसी ने फर्जी आंकड़े पेश किए हैं। म्यांमार में मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की जिम्मेदारी सेंट्रल कमेटी फॉर ड्रग एब्यूज कंट्रोल (सीसीडीएसी) की है। यह एजेंसी गृह मंत्रालय के तहत आती है। इसी एजेंसी ने बरामद हुए मादक पदार्थों के बारे में सूचना जारी की है। इसमें अफीम, हेरोइन, स्टीमुलेंट टैबलेट्स, क्रिस्टल मेथम्फैटेमाइन, गांजा, क्रेटॉम आदि पदार्थ शामिल हैं। एजेंसी का दावा है कि 2021 में उसने 46 करोड़ 20 लाख अमेरिकी डॉलर कीमत के मादक पदार्थ पकड़े। 2022 में यह बरामदगी 53 करोड़ 30 लाख डॉलर की रही। इस वर्ष मई तक लगभग 18 करोड़ डॉलर के मादक पदार्थ जब्त कर लिए गए थे। लेकिन संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट पर गौर करें, तो म्यांमार सरकार के दावों पर गंभीर सवाल उठते हैं। इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया कि म्यांमार में 2022 में अफीम की खेती में 33 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पाकिस्तान में एक ही फैमिली के 9 लोगों का कत्लः शादी को लेकर विवाद हुआ था, मरने वालों में बच्चे भी शामिल

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा राज्य में मंगलवार रात एक ही परिवार के 9 लोगों की हत्या कर दी गई। मरने वालों में कुछ बच्चे भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- यह मामला एक शादी को लेकर हुए विवाद से जुड़ा है। कातिल एक ही था और इस वक्त फरार है। यह घटना मालकंद जिले की बेटखेला तहसील के बागर डेरा इलाके में हुई। इलाके में काफी तनाव है। इसको देखते हुए बाहरी लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। मीडिया कवरेज पर भी रोक है। खैबर पख्तूनख्वा से जारी लोकल मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक- यह मामला दो परिवारों के बीच एक शादी के विवाद से जुड़ा है। मंगलवार रात यह विवाद काफी बढ़ गया था और कुछ लोगों के दखल के बाद दोनों पक्ष घर लौट गए थे। देर रात एक परिवार का सदस्य राइफल लेकर दूसरे परिवार के घर में घुसा। उस वक्त वहां मौजूद सभी लोग गहरी नींद में थे। इसी दौरान हमलावर ने फायरिंग शुरू की। उसने दो कमरों में सो रहे कुल 9 लोगों को मार डाला। मारे जाने वालों में 6 महिलाएं और 3 पुरुष हैं। इनमें बच्चे भी शामिल हैं, हालांकि उनकी पहचान उजागर नहीं की गई है। बेटखेला के एक पुलिस अफसर ने घटना की पुष्टि की। कहा- यह मामला दो परिवारों के विवाद का है। कुछ खबरों के मुताबिक- आरोपी को उकसाया था। इसके बाद उसने इस हत्याकांड को अंजाम दिया। पुलिस ने अब तक आरोपी का नाम नहीं बताया है। वो फरार है। घटना के बाद इलाके के लोग पहले हॉस्पिटल और बाद में पुलिस स्टेशन पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। इन लोगों ने मृतकों के शव रोड पर रखकर ट्रैफिक जाम भी कर दिया। बाद में पुलिस ने उन्हें हटाया।



### रूस ने छोड़ा तो अमेरिका ने वैगनर पर की कार्रवाई, वित्त पोषित करने वाली अफ्रीकी खदानों पर लगाया प्रतिबंध



**वाशिंगटन।** वैगनर ग्रुप पिछले दिनों रूस से विद्रोह करके काफी चर्चा में रहा। हालांकि, पुतिन ने वैगनर समूह के मुखिया येवगेनी प्रिगोझिन को छोड़ दिया हो लेकिन अमेरिका ने उस बड़ी कार्रवाई की है। अमेरिका ने मंगलवार को वैगनर ग्रुप को धन मुहैया कराने वाली अवैध सोने की अफ्रीकी खदानों पर प्रतिबंध लगा दिया। इसी के साथ येवगेनी प्रिगोझिन से जुड़ी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। इन प्रतिबंधों का पिछले हफ्ते रूस के साथ हुए वैगनर के विद्रोह के साथ कोई संबंध नहीं है। अमेरिका ने पहले भी प्रिगोझिन और वैगनर समूह के खिलाफ कई बार प्रतिबंध जारी किए थे जिसमें यह आरोप भी शामिल है कि उन्होंने 2016 के अमेरिकी चुनाव में हस्तक्षेप करने की कोशिश की थी। लेकिन रूस ने बीच में आकर इसका पक्ष लिया था। वहीं इससे पहले अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने इस संबंध में बताया कि वैगनर के प्रमुख प्रिगोझिन ने पूर्व में जिस तरह कृत्य के किए हैं, उनके लिए उस पर अमेरिका में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि उसने कथित तौर पर जिस तरह के अपराध किए हैं, उनके लिए उस पर मुकदमा चले और हम उसे कटघरे में खड़ा देखना चाहते हैं। बता दें कि रूस छोड़ने के बाद बेलारूस के राष्टपति एलेकजेंडर लुकाशेंको ने वैगनर प्रमुख का अपने देश में स्वागत किया है।

### हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाए जाने पर भड़का आरोपी, कोर्ट में ही वकील को जड़ा घूंसा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मौत की सजा सुनाए जाने पर एक आरोपी इतना भड़क गया कि उसने अदालत में ही वकील को घूंसा जड़ दिया। आरोपी फ्लोरिडा का रहने वाला है जिसको 1990 में एक 11 वर्षीय लड़की और उसकी 32 वर्षीय आया की हत्या का दोषी ठहराया गया। इसके बाद कोर्ट ने उसको मौत की सजा सुना दी। घटना से जुड़ा वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि आरोपी जीलर अपने वकील केविन शर्ली को इशारा करके पास बुलाता है। केविन को लगता है वह उससे कुछ बात करने को बुला रहा है लेकिन जैसे ही वकील जीलर की बात सुनने को नीचे झुकता है तभी जीलर उस पर कोहनी से उसके मुंह पर वार करता है। हालांकि जीलर के हाथ हथकड़ी से बंधे थे और उसके आसपास दो पुलिसवाले भी थे लेकिन उसने फिर भी वकील पर हमला कर दिया। जैसे ही उसने हमला किया तभी पास खड़े पुलिस अधिकारियों ने उसे तुरंत जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद, जज ने वकील से पूछा कि क्या वह ठीक है तो उसने शांति से जवाब दिया, मैं ठीक हूं। मैं बॉक्सिंग करता था, मैंने उससे कहीं बेहतर शॉट लिए हैं। वकील ने कहा कि मुझे नहीं पता था कि वह ऐसा कुछ करने जा रहा है।

## नियम बदलने से साउथ कोरियाई लोगों की उम्र घटी

# बच्चे के जन्म पर ही उम्र 1 साल मानी जाती थी, अब इंटरनेशनल सिस्टम लागू

**सियोल।**
साउथ कोरिया के नागरिकों की उम्र अब 1-2 साल कम हो गई है। यहां उम्र की गणना के लिए देश के ट्रेडिशनल सिस्टम को हटाकर इंटरनेशनल सिस्टम लागू कर दिया गया है। पिछले साल चुनाव के दौरान योल ने वादा किया था कि अगर वह राष्ट्रपति बनते हैं तो इस ट्रेडिशनल सिस्टम को खत्म करेंगे। दुनिया के अन्य देशों की तरह ही साउथ कोरिया के लोगों की उम्र की गणना इंटरनेशनल एज सिस्टम से की जाएगी। साउथ कोरिया की संसद में पिछले साल नए एज सिस्टम लागू करने के लिए बिल पारित हुआ था। ये अब कानून बन गया है। दरअसल, साउथ कोरिया में उम्र की गणना के लिए कोरियन एज का इस्तेमाल किया जाता है। यहां जब कोई बच्चा जन्म लेता है, तो उसी समय उसकी उम्र एक साल मानी जाती है। वहीं नया साल आने पर बच्चे की उम्र में एक साल और जुड़ जाता है यानी वह 2 साल का हो जाता है। आसान भाषा में समझें तो अगर किसी बच्चे का जन्म 31 दिसंबर को हुआ है तो उसकी उम्र 1 साल होगी। वहीं 1 जनवरी को वह बच्चा 2 साल का हो जाएगा। यानी कोरिया में 24 घंटे के अंदर ही उसकी उम्र 2 साल हो जाएगी। दक्षिण कोरिया की जनसंख्या 5.17 करोड़ है। सितंबर 2022 में सरकार ने एक सर्वे करवाया था, जिसमें 86प्रतिशत लोगों ने इंटरनेशनल एज सिस्टम अपनाने को लेकर मंजूरी दी थी। पिछले साल जनवरी में कोविड वैक्सीनेशन के समय ट्रैडीशनल सिस्टम को खत्म करने की मांग ने जोर पकड़ा था। इस दौरान हेल्थ अथॉरिटी ने कोविड वैक्सीनेशन के लिए जारी गाइडलाइन में इंटरनेशनल एज सिस्टम के साथ ही कोरियन एज सिस्टम को भी शामिल किया गया था। इससे उम्र को लेकर लोगों में काफी कंफ्यूजन की स्थिति पैदा हो गई थी। इसी वजह से राष्ट्रपति चुनाव में यह अहम मुद्दा बन गया था। ट्रेडिशनल एज सिस्टम की वजह से साउथ कोरिया के लोगों को विदेश जाने पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। साथ ही इंश्योरेंस और दूसरे सरकारी कामों में भी दिक्कतें आती हैं। नया एज सिस्टम लागू होने पर लोगों ने खुशी जताई है। राजधानी सियोल में काम करने वाले एक वर्कर ने रॉयटर्स से कहा- मैं इस साल 30 साल का होने वाला था लेकिन अब मैं 28 साल का हो गया हूं। मुझे इससे जीवन में बेहतर करने के लिए 2 साल और मिल गए हैं।



### चीन-जापान में भी था ट्रेडिशनल सिस्टम

चीन, नॉर्थ और साउथ कोरिया, जापान और वियतनाम में ट्रेडिशनल तरीके से उम्र की गणना करने की परंपरा है। चीन के अलावा जापान ने 1950 और नॉर्थ कोरिया ने 1980 के दशक में उम्र गिनने के इस तरीके को खत्म कर इंटरनेशनल एज काउंटिंग सिस्टम को लागू कर दिया है। हालांकि, दक्षिण कोरिया और वियतनाम में अभी भी उम्र की गणना के लिए ये ट्रैडीशनल तरीका अपनाया जाता है।

### साउथ कोरिया में उम्र गिनने के 3 तरीके

1962 से लीगल और एडमिनिस्ट्रेटिव कामों के लिए साउथ कोरिया इंटरनेशनल एज काउंटिंग सिस्टम का प्रयोग करता है। दूसरे तरीके के तहत जन्म लेने के समय बच्चे की उम्र जीरो मानी जाती है। हालांकि, नया साल यानी जनवरी आने पर वह बच्चा 1 साल का हो जाता है। इसे ऐसे समझ सकते हैं। यदि कोई बच्चा 1 दिसंबर 2021 को पैदा हुआ है तो वह 1 जनवरी 2022 को 1 साल का हो जाएगा। साउथ कोरिया की सेना में रिक्रूटमेंट, स्कूल में एडमिशन, शराब-धूम्रपान की लीगल एज और अपराधी पर कार्रवाई करने के लिए उम्र गिनने के इसी तरीके को फॉलो किया जाता है। तीसरा और सब पर लागू होने वाला तरीका है- पैदा होते ही बच्चा 1 साल का हो जाता है। उम्र गिनने के इस तरीके के तहत अगर बच्चा दिसंबर में पैदा हुआ है तो वह जनवरी में 2 साल का हो जाता है। फिर चाहे उसकी जन्मतिथि कुछ भी हो। दरअसल, साउथ कोरिया में बर्थ डेट की बजाय नए साल को ही उनका जन्मदिन माना जाता है।

# रूसी सेना ने यूक्रेन के क्रामातोर्स्क शहर में मिसाइल से किया हमला, चार की मौत, कई घायल



**कीव।**
रूस की सेना ने मंगलवार को यूक्रेन के क्रामातोर्स्क शहर में हवाई हमला किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी सेना ने मिसाइल से पूर्वी यूक्रेन के क्रामातोर्स्क शहर में एक भीड़-भाड़ वाले रेस्तरां को निशाना बनाया। इस हमले में चार लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। हमले के फौरन बाद आपातकालीन सेवा घायलों की मदद के लिए घटनास्थल पर पहुंचीं। डोनेट्स्क क्षेत्र के सैन्य प्रशासन के प्रमुख पावलो किरिलेंको के अनुसार, मिसाइल हमला किया गया। उन्होंने कहा कि हम हमले में घायलों और मृतकों की सही संख्या का पता लगा रहे हैं। जिस रेस्तरां पर हमला किया गया वो शहर के केंद्र में स्थित है और वहां भारी भीड़ जमा होती है। अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रूसी सेना ने दूसरा मिसाइल हमला शहर के बाहरी इलाके में एक गांव पर किया। यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री इहोर क्लिमेंको ने एक बयान में कहा कि रूस जानबूझकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों को निशाना बना रहा है। इधर, अमेरिकी रक्षा विभाग ने यूक्रेन की महत्वपूर्ण सुरक्षा और रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अतिरिक्त सुरक्षा सहायता पैकेज की घोषणा की है। सुरक्षा पैकेज में रूस के साथ चल रहे संघर्ष में यूक्रेन के जवाबी आक्रामक अभियानों में सहायता करने और हवाई सुरक्षा को मजबूत करने की महत्वपूर्ण क्षमताएं शामिल हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग ने मंगलवार को एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, रक्षा विभाग (डीओडी) ने यूक्रेन की महत्वपूर्ण सुरक्षा और रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा सहायता की घोषणा की। अमेरिका ने यूक्रेन को 500 मिलियन डॉलर की सुरक्षा सहायता राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ टेलीफोन पर बातचीत के एक दिन बाद दी।

### यूक्रेन की मदद करना जारी रखेगा अमेरिका

विज्ञप्ति में कहा गया, संयुक्त राज्य अमेरिका यूक्रेन को उसकी तत्काल युद्ध की जरूरतों और दीर्घकालिक सुरक्षा सहायता आवश्यकताओं को पूरा करना जारी रखेगा। सुरक्षा सहायता पैकेज में पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियों, स्टिंगर एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम, हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (एचआईएमएआरएस) के लिए अतिरिक्त गोला-बारूद, हाई-स्पीड एंटी-माइन क्लीयरिंग उपकरण शामिल हैं।

# पाकिस्तान के सत्ताधारी नेताओं का आकलन, इमरान खान को निपटाया जा चुका है

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान के सत्ताधारी गठबंधन के नेताओं की दुबई में हुई बैठक में आगे की रणनीति यह मान कर बनाई गई कि पाकिस्तान की सियासत में इमरान खान अब गुजरे समय की बात हो चुके हैं। इसके अलावा विभिन्न दलों के बीच चुनावी गठबंधन या सीटों के तालमेल की संभावना पर भी विचार किया गया। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सुप्रीमो नवाज शरीफ इस बैठक के लिए लंदन से दुबई आए। सत्ताधारी गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के घटक दलों के वरिष्ठ नेता भी राय-मशविरे के लिए वहां पहुंचे। एक खास रिपोर्ट में बताया है कि दुबई बैठक में शामिल नेताओं के बीच यह आम राय थी कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अब सियासी तौर पर खत्म किया जा चुका है। लेकिन बैठक पर पाकिस्तान की जनता में बढ़ते असंतोष की चिंता पर हावी रही। वहां यह महसूस किया गया कि पाकिस्तान में अस्थिरता का खतरा अभी भी मौजूद है। बैठक में शामिल दलों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि हालांकि सत्ताधारी गठबंधन इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कमजोर होने जाने की बात से आश्वस्त है, लेकिन गठबंधन के नेताओं को इस बात का अहसास है कि पूर्व प्रधानमंत्री की लोकप्रियता बनी हुई है। पिछले साल अप्रैल में पीटीआई की सरकार गिराए जाने के बाद से इमरान खान की लोकप्रियता में तेजी से उछाल आया था। उसके बाद देश में हुए कुल 37 उप चुनावों में से 30 में पीटीआई विजयी रही। पाकिस्तान के अखबारों में दुबई बैठक को लेकर कई तरह के कयास लगाए गए हैं। एक विश्लेषण में कहा गया है कि गुजरे महीनों में पीडीएम के भीतर गहतफहमियां बढ़ी हैं। दुबई में नेताओं ने आपसी बातचीत से उन्हें दूर करने की कोशिश की।




# वुहान का रिसर्चर बोला- कोरोना वायरस चीन का बायोवेपनः हमें लैब में 4 स्ट्रेन मिले; टेस्ट करना था, कौन-सा सबसे ज्यादा संक्रामक है

**बीजिंग।**
चीन ने बायोवेपन के तौर पर कोरोना वायरस को तैयार किया था। वुहान लैब में काम करने वाले एक रिसर्चर ने ये दावा किया है। इंटरनेशनल प्रेस एसोसिएशन में रिसर्चर चाओ शाओ ने कहा- मुझे और मेरे साथियों को टेस्टिंग के लिए वायरस के 4 स्ट्रेन्स दिए गए थे, जिससे ये पता चल सके कि कौन सा स्ट्रेन सबसे ज्यादा संक्रामक है। अब सामने आया है। रिसर्चर ने 26 मिनट की बातचीत में कई खुलासे किए। रिसर्चर ने बताया कि कैसे उनके एक साथी शान चाओ को कोरोना के स्ट्रेन्स पर टेस्टिंग करने के लिए कहा गया था। इस जांच का मकसद ये जानना था कि कौन सा स्ट्रेन सबसे जल्दी और सबसे प्रभावी तरह से इंफेक्शन फैला रहा है। साथ ही कौन सा स्ट्रेन इंसानों पर सबसे ज्यादा असरदार है।

### 2019 के मिलिट्री वर्ल्ड गेम्स में वायरस फैलाने गए थे रिसर्चर्स

चाओ शाओ ने बताया, 2019 के मिलिट्री वर्ल्ड गेम्स के दौरान हमारे कुछ रिसर्चर्स साथी लापता हो गए थे। बाद में उनमें से एक ने बताया था कि हमें अलग-अलग देशों से आए खिलाड़ियों की हाइजीन कंडीशन्स चेक करने के लिए होटल भेजा गया था। खिलाड़ियों के हेल्थ चेक-अप के लिए वायरोलॉजिस्ट की जरूरत नहीं होती है। दरअसल, इन लोगों का असली टारगेट कोरोना फैलाना था। ऐसा ही एक और मामला साथी शान चाओ का था। उसे शिनजियांग के री-एजुकेशन कैंप में रह रहे उइगर लोगों के हेल्थ चेक-अप के लिए भेजा गया था। शान चाओ ने अप्रैल 2020 में कोरोना स्ट्रेन पर रिसर्च पर काम किया था। शाओ ने आशंका जताई कि चाओ को असल में या तो कोरोना फैलाने या फिर इंसानों पर ये कैसे रिएक्ट करता है, ये देखने के लिए भेजा गया था।



### अमेरिकी रिपोर्ट का दावा- वुहान से ही लीक हुआ था कोरोना

कुछ दिन पहले ही एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कोरोना वायरस चीन की वुहान लैब से ही लीक हुआ था और बाद में इसने पूरी दुनिया को चपेट में ले लिया। रिपोर्ट के मुताबिक वुहान लैब के तीन वैज्ञानिक सबसे पहले कोरोना इन्फेक्शन का शिकार हुए थे। ये 3 वैज्ञानिक बेन हू, यू पिंग और यान झू थे। तीनों इस लैब के लीड रिसर्चर्स थे। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया था कि चीन की इस हरकत के तमाम सबूत अमेरिकी खुफिया एजेंसी के पास मौजूद हैं। दिसंबर 2019 में कोरोना का पहला केस चीन के वुहान में सामने आया था। चीन से ही कोरोना धीरे-धीरे पूरी दुनिया में फैला। कई रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा चुका है कि कोरोना वायरस चीन के वुहान स्थित वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी यानी उसके एक लैब से लीक हुआ था।

## चीन से कोई मिलिट्री एग्रीमेंट नहीं करेगा श्रीलंका

# प्रेसिडेंट बोले- हमारे देश का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देंगे; जल्द सुधरेगी इकोनॉमी

**कोलंबो।**
श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि उनके देश का इस्तेमाल कभी भारत के खिलाफ नहीं किया जा सकेगा। ब्रिटेन और फ्रांस के दौरे पर रवाना होने से पहले रानिल ने कहा- इस बात में किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए कि हम चीन से कभी मिलिट्री एग्रीमेंट नहीं करेंगे। विक्रमसिंघे ने कहा- चीन और श्रीलंका के रिश्ते मजबूत हैं, लेकिन हम ये भी साफ कर देना चाहते हैं कि हमारे देश में चीन का कोई मिलिट्री बेस नहीं हैं और न होगा। कोई भी देश श्रीलंका का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं कर सकेगा। हम देश की इकोनॉमी को भी जल्द पटरी पर ले आएंगे।

### श्रीलंका न्यूट्रल कंट्री

फ्रांस के मीडिया हाउस में रानिल से ज्यादातर सवाल चीन और श्रीलंका पर ही किए गए। एक सवाल के जवाब में रानिल ने कहा- श्रीलंका न्यूट्रल कंट्री है और हमने चीन के साथ कोई मिलिट्री एग्रीमेंट नहीं किया है। ऐसा करने का कोई प्लान भी नहीं है। भारत के बारे में पूछे गए सवाल पर श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने कहा- हमने भारत को कई बार भरोसा दिलाया है और इस बात को मैं दोहरा रहा हूं कि हमारे देश से भारत के खिलाफ कोई खतरा पैदा नहीं होने दिया जाएगा। कोई भी देश श्रीलंका को बेस के तौर पर इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। चीन से जुड़े एक सवाल पर रानिल ने कहा- चीन हमारे देश में 1500 साल से है, लेकिन उसका कोई मिलिट्री बेस यहां नहीं है। ऐसा होगा भी नहीं। ये सही है कि हम्बनटोटा पोर्ट चीन के पास 99 साल की लीज पर है, लेकिन ये भी याद रखें कि इसकी सिक्योरिटी हमारी फौज के पास है। इसका इस्तेमाल सिर्फ कारोबार के लिए किया जा सकता है। एक सवाल के जवाब में रानिल ने कहा- हम मुश्किल दौर से गुजरे हैं और अब हालात काफी बेहतर हुए हैं। भारत समेत कई देशों ने हमारी मदद की है। मुझे पूरी उम्मीद है कि श्रीलंका की इकोनॉमी बहुत जल्द पटरी पर लौट आएगी।

### श्रीलंका आया था चीन का जासूसी जहाज

पिछले साल चीन का स्पाई शिप युआन वांग-5 श्रीलंका के हम्बनटोटा पोर्ट पहुंचा था। तब



इससे भारतीय नौसेना और इसरो की जासूसी का खतरा बढ़ गया था। हालांकि, तब भारत ने भी जवाबी तैयारियां कर लीं थीं। चीन का यह स्पाई शिप करीब 750 किमी दूर तक आसानी से निगरानी कर सकता है। हम्बनटोटा पोर्ट से तमिलनाडु के कन्याकुमारी की दूरी करीब 451 किलोमीटर है। जासूसी के खतरे को देखते हुए ही भारत ने श्रीलंका से इस शिप को हम्बनटोटा में एंट्री न देने को कहा था। युआन वांग-5 को स्पेस और सैटेलाइट ट्रैकिंग में महारत हासिल है। चीन युआन वांग क्लास शिप के जरिए सैटेलाइट, रॉकेट और इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल की लॉन्चिंग को ट्रैक करता है। अमेरिकी रक्षा विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक- इस शिप को स्ट्रैटजिक सपोर्ट फोर्स ऑपरेट करती है। थिएटर कमांड लेवल का आर्गेनाइजेशन है। साइबर, इलेक्ट्रॉनिक, इंफॉर्मेशन, कम्युनिकेशन और साइकोलॉजिकल वारफेयर मिशन में मदद करती है। इससे पहले चीन ने 2022 में जब लॉन्ग मार्च 5बी रॉकेट लॉन्च किया था, तब यह शिप निगरानी मिशन पर निकला था। हाल ही में यह चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के पहले लैब मॉड्यूल की लॉन्चिंग की समुद्री निगरानी में भी शामिल था।

श्रीलंका ने कर्ज न चुका पाने के बाद 2017 में साउथ में स्थित हम्बनटोटा पोर्ट को 99 साल की लीज पर चीन को सौंप दिया था। ये पोर्ट एशिया से यूरोप के बीच मुख्य समुद्री व्यापार मार्ग के पास स्थित है। जो चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव प्रोजेक्ट के लिए काफी महत्वपूर्ण है। भारत और अमेरिका ने हमेशा ये चिंता जाहिर की है कि 1.5 अरब डॉलर की लागत से तैयार हुआ ये बंदरगाह चीन का नौसेना बेस बन सकता है। भारत के सिक्योरिटी एक्सपर्ट ने कई बार इसकी इकोनॉमिक फिजिबिलिटी पर सवाल उठाया है। साथ ही कहा है कि यह चीन की स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स स्ट्रैटजी में सही बैठता है। इसके तहत चीन जमीन के साथ ही समुद्र से भी हिंद महासागर के जरिए भारत को घेर सकता है। यह पोर्ट पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के शहर में है। 2008 में इसका कंस्ट्रक्शन शुरू हुआ था, लेकिन ज्यादा लागत की वजह से श्रीलंका कर्ज में डूबता गया। कर्ज न चुका पाने के बाद साल 2017 में साउथ में स्थित हंबनटोटा पोर्ट को 99 साल की लीज पर चीन को सौंप दिया था।

### भारत के अहसानमंद

फरवरी में रायसीना हिल्स डायलॉग में हिस्सा लेने आए श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साब्रे ने कहा था- मुश्किल वक्त में भारत ने हमारे देश की सबसे ज्यादा मदद की और इसके लिए श्रीलंका हमेशा भारत का शुक्रगुजार और अहसानमंद रहेगा।

# खान कालोनी के हिंदू परिवारों को सुरक्षा नहीं मिली तो करेंगे पलायन

**सोनीपत ( हिंस )।** शहर में बाहर आने वाले कुछ एक समुदाय के युवकों ने शहर में आतंक का माहौल बना दिया है। युवतियों पर अश्लील फब्तियां कस्ते हैं। हिंदू लड़कियों को निशाना बनाकर उनके चिरत्र का हनन करते हैं। खान कालोनी वासी बोल रहे हैं कि उनको सुरक्षा नहीं मिली तो वे यहां पलायन करेंगे। अभी एक हिंदू लड़की की मंगनी तुड़वाने के लिए षड़्यंत्र के तहत उसके मंगेतर को गलत सूचना दे दी। जब परिवार उनसे बातचीत करने को गया तो पत्थरों से हमला कर घायल कर दिया है। मामला यह है कि एक हिंदू लड़की की सगाई तुड़वाने के लिए खान कलोनी में एक समुदाय के कुछ शरारती तत्वों ने षड़यंत्र के तहत उसके मंगेतर को गलत संदेश भेजे जब लड़की परिवार वालों ने इस मामले पर बातचीत की तो मस्जिद पर चढ़ कर पत्थर बरसाने लगे जिससे राजकुमार सैनी घायल हो गया, उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसको पीजीआई रोहतक रेफर दिया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।



इस मामले की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने खान कॉलोनी में पहुंच गए। पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली और आश्वासन दिया कि बहन बेटियों की तरफ बुरी नजर रखने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इनका पक्का इलाज करवाएंगे ताकि भविष्य में कोई ऐसी घटना को अंजाम देने की हिम्मत ना करे। घायल राजकुमार सैनी का इलाज करवाने का आश्वासन दिया है। परिवार से बातचीत करने के बाद राजीव जैन ने बताया कि पीड़ित परिवार के साथ-साथ कॉलोनी में रह रहे दूसरे परिवार भी घबराए हुए हैं, पहले भी इन युवकों ने ऐसी वारदात की थी। कॉलोनी के बगल से गर्ल्स कॉलेज में आने जाने वाली लड़कियों पर भी यह युवक अश्लील फब्तियां कस्ते रहते थे। पुलिस अधिकारीयों से आग्रह किया कि पीड़ित परिवारों की सुरक्षा एवं कॉलेज की लड़कियों से किसी भी तरह की छेड़छाड़ ना हो इसके लिए स्थायी तौर पर पीसीआर गाड़ी खड़ी करवाई जाए। उधर कॉलोनी वासियों ने बताया कि शरारती तत्वों को रोका नहीं गया तो कॉलोनी से पलायन करने को विवश होंगे। राजीव जैन ने कहा कि कॉलोनी के मंदिर में हर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होगा। जल्दी ही गृह मंत्री अनिल विज से मिलकर शहर के बाहर से आ रहे लोगों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाने और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी स्कॉटिश संसद सदस्यों से की मुलाकात

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने स्कॉटलैंड पहुंच कर वहां की स्कॉटिश संसद के सदस्यों से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा भी मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने स्कॉटिश संसद के सदस्य संदेश गुलहने और पाम गोशल से एडिनबर्ग में स्कॉटलैंड की संसद में मुलाकात की। डॉ. जोशी ने दोनों सदस्यों को राजस्थान की विधानसभा, विधानसभा के सदस्यों, विधानसभा में निर्मित राजनीतिक आंख्यान संग्रहालय और सीपीए के माध्यम से राजस्थान में किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों व सम्मेलनों के बारे में बताया। डॉ. जोशी ने दोनों सदस्यों को राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम के तेरहवें संस्करण की प्रति भी भेंट की। अध्यक्ष डॉ. जोशी को दोनों सदस्यों ने स्कॉटलैंड संसद और वहां के सदस्यों के बारे में जानकारी दी।

## तीन ट्रकों में लगी आग से पांच लोग जिंदा जले, 12 से ज्यादा मवेशी भी जलकर मरे

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान में जयपुर-अजमेर हाइवे पर दूदू के रामनगर मोड़ पर बुधवार अलसुबह तीन ट्रक और ट्रेलर में टक्कर के बाद आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि ट्रक में बैठे ड्राइवर और खलासी को बचने का मौका भी नहीं मिल पाया। हादसे में पांच लोग जिंदा जल गए। करीब साढ़े चार घंटे तक तीनों वाहनों में आग की लपटें निकलती रहीं। हाइवे पर आग के बाद अफरा-तफरी मच गई। एक ट्रक में मवेशी लदे हुए थे। इस हादसे में वो मवेशी भी जिंदा जल गए। सूचना मिलने पर दूदू थाने का स्टाफ और फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सुबह करीब नौ बजे तक आग पर काबू पाया गया। दूदू थाना अधिकारी जयसिंह ने बताया दो ट्रेलर बुधवार को दूदू के करीब हाइवे पर स्थित रामनगर मोड़ पर रुके थे। यहां देवनारायण होटल पर चाय पी रहे थे। इसी दौरान जयपुर से अजमेर की ओर जा रहा ट्रक हाइवे पर बेकाबू हो गया और ट्रेलर से जा टकराया। ट्रक में डीजल टैंक के साथ सीएनजी किट भी लगा था। टक्कर के बाद अचानक डीजल टैंक फट गया और तेज धमाके होने लगे। कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगीं। इसी दौरान ट्रेलर में लगे डीजल टैंक भी फट गए। इससे आग और भड़क गई। ट्रक में बैठे ड्राइवर और उसके साथी समेत पांच लोगों को नीचे उतरने का मौका नहीं मिला और वे जिंदा जल गए। इसी ट्रक में 12 से ज्यादा मवेशी थे, सब जलकर मर गए। दूदू थानाधिकारी ने बताया कि हादसे में पांच लोगों के जिंदा जलने की पुष्टि हुई है। हादसे में हांसी हिसार हरियाणा निवासी पवन (28) पुत्र अमर सिंह, संजय (18) पुत्र जिले सिंह, धर्मवीर (34) पुत्र भाले राम यादव के साथ वहीं बिहार के छपरा जिले के साहरन निवासी जन विजय (35) पुत्र देवनंदन व बिजली (26) पुत्र अजीन राम ट्रक में सवार थे। पुलिस के अनुसार अन्य ट्रेलर में भी एक्स्ट्रा डीजल टैंक होने की आशंका जाहिर की जा रही है। उन्होंने बताया कि एक ट्रेलर में धागा और एक में प्लास्टिक कट्टे थे। ऐसे में आग तेजी से फैली। घटना की जानकारी के बाद एफएसएल टीम मौके पर पहुंची।

## करंट लगने से छात्रा की मौत

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के सीमावर्ती जिला फिरोजपुर के गांव नवां किला में खेत में धान की रोपाई कर रही 11वीं कक्षा की छात्रा की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। वह छुट्टियों के चलते अपने माता-पिता के साथ खेतों में काम करवा रही थी। गांव के सरपंच रणधीर सिंह के अनुसार गांव में धान की रोपाई का काम चल रहा है। 11वीं कक्षा की छात्रा प्रवीन कौर भी अपने परिजनों के साथ धान की रोपाई कर रही थी। प्यास लगने पर वह नलकूप पर पानी पीने के लिए गई तभी अचानक बिजली का तार छू लेने से उसे करंट का झटका लगा। परिजन प्रवीन कौर को लेकर फिरोजपुर के सिविल अस्पताल पहुंचे, लेकिन डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बना युवती के अश्लील फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार



**चित्तौड़गढ़ ( हिंस )।** युवती के नाम की इंस्टाग्राम फेक आईडी बनाकर साइबर फ्रॉड तरीके से इंस्टाग्राम आईडी से लड़की की अश्लील फोटो वायरल करने वाले अज्ञात आरोपी को ट्रेस कर साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि 23 मई को बेगूं थाना क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित हो रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि अज्ञात व्यक्ति उसकी व उसके परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने की नियत से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर उसके अश्लील फोटो वायरल कर रहा है। इससे उसकी सगाई के बाद ससुराल वाले भी परेशान है। युवती ने इंस्टाग्राम आईडी ब्लॉक करने व सारे अपलोड किए हुए फोटो डिलीट करने जा आग्रह किया था। मामले में साइबर थाने को तुरंत प्रकरण दर्ज कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। साइबर थाना पुलिस ने तकनीकी रूप से साक्ष्य एकत्रित कर आरोपी माल का नया गांव, मंडावरी तहसील बेगूं निवासी अंकुश कुमार पुत्र शिवलाल प्रजापत कुम्हार को भीलवाड़ा से डिटेन कर प्रकरण में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## जी-20 ग्रुप की जुलाई माह में गुरुग्राम में होंगी दो बैठकें


**गुरुग्राम ( हिंस )।** जी-20 ग्रुप के एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप और कृषि कार्य समूह की बैठकों की सफलतापूर्वक मेजबानी करने वाला हरियाणा अब गुरुग्राम में जुलाई माह के दौरान दो और बैठकों की मेजबानी करने के लिए तैयार है। पहला कार्यक्रम स्टार्टअप 20 शिखर है, जोकि औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) और भारत सरकार द्वारा हरियाणा सरकार के सहयोग से 3 और 4 जुलाई को गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा। दूसरा कार्यक्रम एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा पर सम्मेलन है। गृह मंत्रालय द्वारा यह कार्यक्रम 13 और 14 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बुधवार को राज्य और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में बताया कि 3 और 4 जुलाई को गुरुग्राम में होने वाले स्टार्टअप 20 शिखर के पहले कार्यक्रम में लगभग 800 प्रतिनिधिमंडलों के भाग लेने की




संभावना है। जिनमें से अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको सहित रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका से जी 20 देशों के लगभग 250 विदेशी प्रतिनिधि होंगे। इस जी-20 स्टार्ट अप एंगेजमेंट ग्रुप कार्यक्रम में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों के भी भाग लेने की उम्मीद है। इसके अलावा नौ देशों बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। डीपीआईआईटी के सचिव राजेश कुमार ने कहा कि स्टार्टअप 20 एंगेजमेंट ग्रुप वैश्विक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य को आकार देने के लक्ष्य के साथ भारत जी-20 प्रेसीडेंसी के तहत काम करता है। दूसरे जी-20 कार्यक्रम के बारे में हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा पर जी 20 सम्मेलन भी 13 और 14 जुलाई को गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य अपूरणीय टोकन (एनएफटी), आटिजफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मेटावर्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न चुनौतियों और अपराध और सुरक्षा पर उनके प्रभाव का समाधान करना है। बैठक में शामिल हुए डीसी निशांत कुमार यादव ने एक संक्षिप्त पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से गुरुग्राम में जी-20 स्टार्ट अप शिखर के लिए की जा रही जिला प्रशासन की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने भी बैठक में दोनों जी-20 आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और यातायात के सुचारू संचालन का आश्वासन दिया।

## पंजाब सरकार ने विस में पास गुरुद्वारा एक्ट व पुलिस संशोधन बिल राज्यपाल को भेजे

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब सरकार ने विधानसभा में पास किए गए दो बिलों मंजूरी के लिए राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के पास भेज दिया है। अब विधानसभा में पास किए गए बिलों को लेकर एक बार फिर से सरकार व राज्यपाल के बीच आमने-सामने होने की नौबत है। पंजाब सरकार ने बीती 19 जून को दो दिन के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर सिख गुरुद्वारा एक्ट संशोधन बिल पास किया था, जिसके तहत दरबार साहिब से गुरबाणी के प्रसारण के अधिकार केवल एक टीवी चैनल के पास नहीं रहेंगे। पंजाब सरकार अपने खर्च से दरबार साहिब परिसर में व्यवस्था करेगी और वहां से सभी टीवी चैनलों को मुफ्त लिंक दिया जाएगा। पंजाब विधानसभा में पारित इस बिल का एसजीपीसी पहले ही विरोध कर रही है। एसजीपीसी राज्यपाल से मुलाकात करके इस बिल को मंजूरी नहीं दिए जाने की मांग भी



कर चुकी है। अब एसजीपीसी ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात का समय मांग लिया है। इस उठापटक के बीच बुधवार को पंजाब सरकार ने यह बिल मंजूरी के लिए पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के पास भेज दिया है। इसी दौरान पंजाब सरकार ने विधानसभा में पंजाब पुलिस संशोधन बिल भी पास किया था। इस बिल के अनुसार पंजाब में पुलिस महानिदेशक लगाने के अधिकार पंजाब सरकार के पास होंगे। पंजाब में पिछले करीब 11 महीने से गौरव यादव कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक के पद पर काम कर रहे हैं। पंजाब सरकार ने पुलिस संशोधन बिल पास करके डीजीपी लगाने के अधिकार राज्य सरकार को देने की सिफारिश की है। यह दोनों बिल मंजूरी के लिए राज्यापाल के पास पहुंच गए हैं। अब राज्यपाल के फैसलों पर इन बिलों का भविष्य टिका हुआ है।

## सरकारी उदासीनता से कन्हैयालाल के हत्यारों को नहीं मिली सजा : रामलाल

**जयपुर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या हुए एक वर्ष बीत चुका है। तत्कालीन समय में सरकार ने कहा था कि हम न्यायिक प्रक्रिया को कानूनी रूप से जल्द पूर्ण करने का काम करेंगे और जल्द हत्यारों को सजा दिलाएंगे। परंतु एक साल बीत जाने के बावजूद भी सरकार उदासीन रवैए के साथ काम कर रही है। शर्मा ने कहा कि आज भी कन्हैया लाल के परिजनों के साथ साथ तमाम वो लोग इस प्रकार की निर्मम हत्या की निंदा करते हैं और विरोध भी करते हैं।

## बेरोजगारी के मुद्दे पर आप ने किया प्रदर्शन



**यमुनानगर ( हिंस )।** आम आदमी पार्टी जिला यमुनानगर ने जिला अध्यक्ष गगनदीप के नेतृत्व में हरियाणा में बढ़ रही बेरोजगारी को लेकर बुधवार को जिला उपायुक्त के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। गगनदीप ने बताया कि हरियाणा में एक लाख 80 हजार सरकारी नौकरी के पद खाली पड़े हैं। उन्होंने मांग की कि हरियाणा सरकार तुरंत इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करे और सीईटी पास सभी अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा में बैठने का मौका दे। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों में तीन लाख 57 हजार युवाओं ने सीईटी की परीक्षा पास की है। हरियाणा में इस वक्त करीब 25 लाख युवा बेरोजगार हैं। 19 लाख 22 हजार युवा बेरोजगार 20 वर्ष से 24 वर्ष तक की उम्र के हैं। हर तीन ग्रेजुएट युवाओं में से एक बेरोजगार है। जिला मीडिया प्रभारी अनिल प्रजापति ने कहा कि हरियाणा में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार होने से गलत काम जैसे नशा चोरी की लत में पड़ जाएंगे और फिर उन्हें। सरकार को तुरंत बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का प्रबंध करना चाहिए।

## बीकानेर में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की नसीहत, फ्लैग मार्च

**बीकानेर ( हिंस )।** कानून-व्यवस्था के लिहाज से बीकानेर मुख्यालय पर जहां पुलिस ने फ्लैग मार्च किया वहीं नोखा, जामसर तथा छत्तरगढ़ में सीएलजी मीटिंग की गई। ईद और जगन्नाथ यात्रा पर केंद्रित इन आयोजनों में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की नसीहत दी गई। ईद पर्व के मद्देनजर अलग-अलग थानाधिकारी क्षेत्रों में सीएलजी सदस्यों, सुरक्षा सखी समूह, ग्राम रक्षक एवं शांति समिति के सदस्यों की मीटिंग का आयोजन पुलिस थाना नोखा, जामसर एवं छतरगढ़ द्वारा किया गया। इस मौके पर पुलिस थानों द्वारा मौजिज व्यक्तियों की उपस्थिति में आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाए रखने, धार्मिक उन्माद फैलाने वाली झूठी अफवाहों से बचने, सोशल मीडिया पर अनावश्यक टिप्पणी नहीं करने की अपील की गई।

## समगौत्री विवाहों के खिलाफ खापों की सरकार से बातचीत शुरू

**झज्जर ( हिंस )।** समगोत्र में विवाह करने पर रोक लगाने की मांग के मुद्दे पर किसान नेता रमेश दलाल के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि मनोहर लाल के प्रतिनिधि के रूप में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजेश खुल्लर के बीच बुधवार को बातचीत हुई। पंचायत की ओर से रमेश दलाल ने अपनी बात रखी। इस पर राजेश खुल्लर ने उनसे पंचायत का विस्तृत प्रतिवेदन लिखित में मांगा। भारत भूमि बचाओ संघर्ष समिति के मुखिया रमेश दलाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश खुल्लर से वार्ता करने चंडीगढ़ पहुंचा। यह वार्ता सम गोत्र विवाह को अवैध घोषित करने मांग को लेकर निर्धारित की गई थी। जमीन का मुआवजा बढ़ाने की मांग को लेकर 170 दिन से केएमपी के मांडोठी टोल प्लाजा के पास धरना चला रहे रमेश दलाल की 25 मांगों में समगोत्र विवाह पर रोक लगाने की मांग भी शामिल है। बीते मंगलवार को आसौदा में झज्जर के डीसी कैप्टन शक्ति सिंह को दिए मांग पत्र में भी यह मांग शामिल थी। डीसी ने इन लोगों को मुख्यमंत्री से एक सप्ताह के भीतर वार्ता करवाने का आश्वासन दिया था। इसी संदर्भ रमेश दलाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को राजेश खुल्लर से वार्ता करने पंचकुला पहुंचा और बातचीत हुई। रमेश दलाल ने कहा कि समगोत्र विवाह पर रोक न होने के कारण रिश्ते में बहन-भाई भी न्यायालय के माध्यम से शादी कर रहे हैं। जिसके कारण हरियाणा की संस्कृति तो नष्ट हो ही रही है, इसके अतिरिक्त ऐसे मामलों से दो परिवारों में खूनी जंग भी आरंभ हो जाती है। इस कानूनी खामी की वजह से समाज में व्यापक स्तर पर बुराई फैल रही हैं। बैठक में दलाल व अन्य लोगों की बात सुन राजेश खुल्लर ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिया कि वह इस संदर्भ में मुख्यमंत्री को संपूर्ण तथ्यों से अवगत करवा देंगे। मुख्यमंत्री ही इस मामले में कार्यवाही आगे बढ़ा सकते हैं।

## लिव इन में रहकर करने लगे चूरा पोस्त तस्करी, एसटीएफ ने दबोचे

### आरोपियों से 57 किलोग्राम चूरा-पोस्त बरामद



**हिसार ( हिंस )।** हिसार एसटीएफ की टीम ने महिला सहित दो चूरा-पोस्त तस्करों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला है कि इन पर पहले भी एनडीपीएस के आधा दर्जन केस दर्ज है। एसटीएफ के डीएसपी प्रीतपाल सांगवान ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इनकी तस्करी के ठिकानों के अलावा लाने व ले जाने के स्थानों पर पता लगाया जा रहा है। आरोपियों पर पहले भी एनडीपीएस के छह मुकदमे दर्ज हैं, ये दोनों शादीशुदा है तथा लिव-इन में रहते हैं। आरोपी जब भी नशा लेने के लिए जाता था तो महिला को अपने साथ रखता था और जाने से पहले काली देवी माता की पूजा करता था। डीएसपी ने बताया कि एसटीएफ टीम को सूचना मिली कि दो तस्कर राजस्थान से गाड़ी में चूरा-पोस्त भरकर हिसार के रास्ते पंजाब में सप्लाई करने के लिए जा रहे हैं। एसटीएफ टीम ने नाकाबंदी करते हुए चौधरीवास टोल पर गाड़ी का रुकवाया। तलाशी लेने पर गाड़ी से 52 किलो चूरा पोस्त बरामद किया। पूछताछ करने पर पता चला कि नशा तस्कर हरविंदर तथा चरणजीत कौर पंजाब के मानसा जिले के गांव रौंद कलां के रहने वाले हैं।

## लोक देवताओं के रूप में होना चाहिए शहीदों का पूजन : ओम प्रकाश धनखड़

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बिलासपुर में शहीद कप्तान सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

**गुरुग्राम ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने बुधवार को गांव बिलासपुर में शहीद कप्तान सिंह गुरावलिया की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। कप्तान सिंह श्रीनगर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान शहीद हो गए थे। उन्होंने कहा कि शहीद देश की धरोहर है और इन शहीदों का लोक देवताओं के रूप में पूजन करना चाहिए। शहीद की मूर्ति अनावरण के मौके पर भंडारा का भी आयोजन किया गया। गांव में पहुंचने पर बिलासपुर कलां की सरपंच प्रमिला देवी व ग्रामवासियों ने प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ का स्वागत किया। इस मौके पर शहीद कप्तान सिंह की पत्नी राजबाला और उनके पुत्र मिथुन उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि शहीद कप्तान सिंह के सर्वोच्च बलिदान का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। महान वीर की प्रतिमा का अनावरण कर मैं स्वयं खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और मैं इस पुनीत कार्य में भागीदार बनकर कृतज्ञ हूं। उन्होंने कहा कि



हरियाणा वीरों की भूमि है, यहां की अगणित शौर्य गाथाएं हैं। भारत की फौज में हरियाणा के जवानों की भागीदारी 10 प्रतिशत है, लेकिन शहादत 25 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि शहीदों के सर्वोच्च बलिदान के लिए पूरा भारत अपने वीरों का सदैव ऋणी रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने 9 साल बेमिसाल हैं, न सिर्फ सेना के आधुनिकीकरण के लिए बल्कि ऐसे सुधारों के लिए भी जिसने सेना के आधुनिकीकरण के काम को और आसान बना दिया। हमारे सैनिकों के पास अति आधुनिक हथियार हैं। सेना के पास अब भारत में बने टैंक, मिसाइल हैं जो आत्म निर्भर भारत के नारे को साकार कर रहे हैं। मोदी सरकार ने चीन से लगी सीमा पर इंफ्रास्ट्रकचर पर जोर दिया है। सरकार दुर्गम स्थानों पर सड़कें बना रही है, ताकि जल्द पहुंचने का रास्ता आसान हो सके। धनखड़ ने कहा कि शहीद कभी भी भुलाए नहीं जा सकते। शहीद की मूर्ति अनावरण एवं प्रसाद वितरण के मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, जिला महामंत्री मनीष गाड़ौली, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत यादव, चेयरमैन दीपाली, कर्ण सिंह सरपंच, एक्स सरपंच बलबीर सिंह, महेश गुरावलिया, गौरव पंडित, महेश चौहान, वीरेंद्र यादव समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# 120 रुपये/किलो टमाटर : कीमतों पर लगाम लगाने के लिए केंद्र ने बनाई रणनीति ; तमिलनाडु में लोगों को मिली कुछ राहत

**नई दिल्ली ।**
टमाटर की आसमान छूती कीमतों को लेकर सरकार भी हरकत में आ गई है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा है कि यह कीमतें अस्थाई हैं और मौसमी हैं। जल्द ही कीमतें नीचे आ जाएंगी। कुछ इलाकों में बारिश से परिवहन पर असर पड़ा है। इसलिए कीमतों में तेजी है। इस बीच टमाटर की कीमतों में अचानक उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय टमाटर ग्रैंड चैलेंज शुरू करेगा। इसमें टमाटर के उत्पादन, प्रसंस्करण व भंडारण में सुधार के लिए नए विचार आमंत्रित किएजाएंगे। उपभोक्ता मामलों के सचिव ने बताया कि चैलेंज अब से शुरू होगा।नए विचारों से प्रोटोटाइप बनाएंगे और फिर इसे आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि हर साल इस समय ऐसा होता है। दरअसल, टमाटर बहुत जल्द खराब होने वाला खाद्य उत्पाद है और अचानक बारिश होने से इसकी ढुलाई पर असर पड़ता है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, 27 जून को अखिल भारतीय स्तर पर टमाटर की औसत कीमत 46 रुपये प्रति किलो रही। हालांकि, इसकी अधिकतम कीमत 122 रुपये प्रति किलो भी दर्ज की गई है। टमाटर के साथ कुछ सब्जियों के दाम भी तेजी से बढ़े हैं। इस बीच तमिलनाडु में सरकार ने टमाटर के बढ़ते दामों पर लगाम लगाना शुरू भी कर दिया है। यहां फार्म फ्रेश आउटलेट्स (एफएफओ) पर टमाटर बेचे जाएंगे। एफएफओ में टमाटर 68 रुपये प्रति किलो बिकेगा। एफएफओ में 60 रुपये प्रति किलोग्राम पर टमाटर बेचने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। तमिलनाडु सहकारिता, खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री पेरियाकरुप्पन ने बताया कि गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को राहत देने के लिए, टमाटर की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में दूध और फल-सब्जियों की बिक्री करने वाली मदर डेयरी के स्टोर पर भी टमाटर का भाव एक हफ्ते में ही दोगुना होकर करीब 80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच चुका है। प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में बारिश होने से टमाटर की आपूर्ति बाधित होने से इसके दाम में उछाल आया है। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने बताया कि मानसून आने से टमाटर की फसल इस समय मौसमी बदलावों से गुजर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### अगले पांच वर्षों में देश में 147 नए यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स बनेंगे

नई दिल्ली । हुरुन रिसर्च के अनुसार बढ़ती ब्याज दरों और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों का




उत्साह कम होने के बावजूद भारत में 147 स्टार्टअप ऐसे हैं जो अगले पांच वर्षों में यूनिकॉर्न बन सकते हैं। 27 जून को जारी किए गए एएसके प्राइवेट वेल्थ हुरुन इंडिया फ्यूचर यूनिकॉर्न इंडेक्स 2023 के अनुसार वर्तमान में भारत में 83 यूनिकॉर्न, 51 गजेल और 96 चीता स्टार्टअप हैं। हालांकि, यह पिछले साल की तुलना में इसमें मामूली गिरावट आई है, पिछले साल देश में 84 यूनिकॉर्न, 51 गजेल और 71 चीता स्टार्टअप थे। एक बिलियन डॉलर से अधिक के मूल्यांकन वाले स्टार्टअप्स कहलाते हैं यूनिकॉर्न हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट ने साल 2000 के बाद स्थापित 1 बिलियन डॉलर से अधिक के मूल्यांकन वाले स्टार्टअप्स को यूनिकॉर्न के रूप में परिभाषित किया है। वहीं गजेल्स को ऐसे स्टार्टअप के रूप में परिभाषित किया गया है जिनके अगले तीन वर्षों में यूनिकॉर्न बनने की सबसे अधिक संभावना है। ऐसे स्टार्टअप्स को चीता कहा कहा गया है जो अगले पांच वर्षों में यूनिकॉर्न बन सकते हैं। यह मूल्यांकन नियामक फाइलिंग, उद्यमियों और कुछ भारत-केंद्रित उद्यम पूंजी फंडों और एंजेल निवेशकों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर किया गया है। हुरुन रिसर्च के अनुसार देश के 25 शहरों से आने वाले पांच वर्षों में 147 स्टार्टअप्स यूनिकॉर्न बन सकते है। ये ऐसे स्टार्टअप्स हैं जिनकी स्थापना औसतन 2015 में स्थापित किए गए थे। इनमें से ज्यादा स्टार्टअप्स सॉफ्टवेयर और सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं। इन स्टार्टअप्स में से केवल 20 प्रतिशत भौतिक उत्पादों की बिक्री करते हैं; 37 प्रतिशत बी2बी कारोबार से जुड़े हैं यानी ये व्यावसायों को अपनी सेवाएं या उत्पाद बेचते हैं। इन स्टार्टअप्स में 63 प्रतिशत सीधे उपभोक्ताओं को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे स्टार्टअप्स जो आने वाले पांच वर्षों में फ्यूचर यूनिकॉर्न बन सकते हैं वे वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य देखभाल, व्यवसाय प्रबंधन समाधान और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अपना दखल रखते हैं।

### पीएमएलए कोर्ट में पेश हुए सुपरटेक के चेयरमैन आरके आरोड़ा, 10 जुलाई तक ईडी की कस्डटी में भेजे गए

नई दिल्ली । रियल स्टेट कंपनी सुपरटेक के चेयरमैन आरके अरोड़ा को दिल्ली के पटियाला



हाउस परिसर में पीएमएलए अदालत के समक्ष पेश किया गया है। उन्हें 10 जुलाई तक ईडी की कस्टडी में भेजा गया है। मनी लॉनंड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को उन्हें गिरफ्तार किया था। इस मामले में उनसे पिछले तीन दिन से पूछताछ की जा रही है। सुपरटेक के खिलाफ दिल्ली, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में कई एफआईआर दर्ज हैं और इसी के आधार पर ईडी ने सुपरटेक समूह, उसके निदेशकों व प्रमोटरों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था। इसी साल अप्रैल में ईडी ने सुपरटेक और उसके निदेशकों की 40 करोड़ से अधिक की संपत्तियां जब्त की थीं। एफआईआर में आरके अरोड़ा और सुपरटेक के खिलाफ फ्लैट बुक कराने के बाद अग्रिम राशि लेकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। ईडी के अनुसार इन्होंने फ्लैट खरीदारों की राशि के आधार पर बैंक से लोन लिए और बाद में राशि गबन कर गए।

### अलीबाबा के संस्थापक जैक मा चुपचाप काठमांडु पहुंचे, प्रधानमंत्री प्रचंड से मिलने का है कार्यक्रम

नई दिल्ली । चीन की दिग्गज ऑनलाइन रिटेलर कंपनी अलीबाबा के संस्थापक जैक मा नेपाल की राजधानी



काठमांडु पहुंचे हैं। नेपाली अधिकारियों की ओर से बताया गया है कि चीन के अरबपति कारोबारी जैक मा मंगलवार दोपहर नेपाल की राजधानी काठमांडू पहुंचे। वे यहां प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से मिलने वाले हैं। जानकारी के अनुसार अलीबाबा के संस्थापक सात सदस्यीय टीम के साथ नेपाल पहुंचे हैं और काठमांडू के एक होटल में ठहरे हुए हैं। नेपाल के आव्रजन विभाग के प्रमुख झलकराम अधिकारी ने जानकारी दी है कि कि, जैक मा अपने निजी विमान से मंगलवार को काठमांडू पहुंचे। अधिकारी ने कहा कि जैक मा ने चीन से नेपाल के लिए उड़ान भरी थी। नेपाल के आव्रजन विभाग के महानिदेशक अधिकारी ने कहा कि जैक मा को 15 दिन का पर्यटक वीजा दिया गया है। बताया जा रहा है कि उनका नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल से मिलने का कार्यक्रम है। चीनी उद्यमी के काठमांडू आगमन के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है और उन्होंने देश में अपने प्रवास के दौरान किसी भी सुरक्षा की मांग नहीं की है। उनकी नेपाल यात्रा के कारणों को भी सार्वजनिक नहीं किया गया है।

मोदी कैबिनेट का तोहफा

# सरकार ने गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाने का किया एलान ; पांच करोड़ किसानों को होगा फायदा

**नई दिल्ली ।**
**केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के गन्ना किसानों के लिए तोहफे का एलान किया है। कैबिनेट ने गन्ने की एफआरपी बढ़ाने का फैसला किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि सरकार ने 2023-24 सीजन के लिए गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 315 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। अनुराग ठाकुर ने बताया कि कैबिनेट ने चीनी सीजन 2023-24 के लिए गन्ना किसानों के लिए 315 रुपये प्रति क्विंटल के अब तक के उच्चतम उचित और लाभकारी मूल्य को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से पांच करोड़ गन्ना किसानों और उनके आश्रितों को फायदा होगा। इसके साथ-साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत पांच लाख श्रमिकों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गन्ना सत्र अक्टूबर से शुरू होता है। गन्ने का न्यूनतम मूल्य 2014-15 में 210 रुपये प्रति क्विंटल था।**



### पीएम-प्रणाम योजना को मंजूरी

मंत्रिमंडल ने वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिये नई योजना पीएम-प्रणाम (कृषि प्रबंधन के लिये वैकल्पिक पोषक तत्वों को प्रोत्साहन) को मंजूरी दी। उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद इसकी जानकारी दी। इस योजना का एलान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को 2023-24 के बजट के दौरान किया था। योजना के तहत केंद्र राज्यों को प्रोत्साहित करेगा कि वे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा दें और रासायनिक उर्वरकों को कम करेंगे।

उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि मान लीजिए कि कोई राज्य 10 लाख टन पारंपरिक उर्वरक का उपयोग कर रहा है और यदि वह अपनी खपत 3 लाख टन कम कर देता है तो सब्सिडी की बचत 3,000 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने कहा कि सब्सिडी बचत में से केंद्र वैकल्पिक उर्वरक के उपयोग और अन्य विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए राज्य को 50 प्रतिशत यानी 1,500 करोड़ रुपये देगा।

### नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की होगी स्थापना

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) की स्थापना के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बिल 2023 को संसद में लाया जाएगा। इसके साथ ही साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड एक्ट 2008 को रद्द किया जाएगा। एनआरएफ का संचालन एक गवर्निंग बोर्ड की ओर से किया जाएगा। इसमें 15 से 25 प्रतिष्ठित शोधकर्ता और पेशेवरों को शामिल किया जाएगा। इस गवर्निंग बोर्ड का नेतृत्व प्रधानमंत्री करेंगे।

### एसएपी और एफआरपी में क्या अंतर

सरकार की ओर से तय किया गया मूल्य है, जिस पर मिलें किसानों से खरीदे गए गन्ने का भुगतान कानूनी रूप से करने के लिए बाध्य हैं। हमेशा एफआरपी में बढ़ोतरी से देश के सभी किसानों को फायदा नहीं हो पाता। दरअसल, कुछ राज्यों में एफआरपी के अलावे गन्ने की पैदावार के लिए राज्य समर्थित मूल्य यानी एसएपी भी तय किया जाता है। जिन राज्यों में गन्ने का उत्पादन अधिक होता है, वह अपनी फसल की कीमत खुद तय करते है। इस कीमत को एसएपी कहा जाता है।

### किसानों को कैसे होगा फायदा

उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा राज्य के किसान अपनी फसल के लिए एसएपी तय करते हैं। साधारण तौर पर एसएपी का मूल्य केंद्र सरकार के एफआरपी मूल्य से अधिक होता है। ऐसे में केंद्र की ओर से एफआरपी बढ़ाने के बाद अगर राज्य सरकार ने एसएपी नहीं बढ़ाया तो इससे किसानों को कोई फायदा नहीं हो पाता।

# अदाणी पावर के इस प्लांट ने शुरू किया उत्पादन; बांग्लादेश को बेची जाएगी 1496 मेगावाट बिजली



**नई दिल्ली ।**
गौतम अदाणी के नेतृत्व वाली अदाणी पावर से जुड़ी एक अच्छी खबर सामने आई है। अदाणी पावर ने झारखंड के गोड्डा में स्थित अपने 1600 मेगावाट के प्लांट से बांग्लादेश को बिजली निर्यात करना शुरू कर दिया है। इसे लेकर मंगलवार को अदाणी पावर ने एक बयान भी जारी किया। इसमें कंपनी ने कहा कि अदाणी पावर लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदाणी पावर झारखंड लिमिटेड (एपीजेएल) ने अपनी 2×800 मेगावाट की गोड्डा अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की दूसरी इकाई ने कमर्शियल ऑपरेशंस शुरू कर दिए हैं। बयान के मुताबिक, गोड्डा बिजली संयंत्र की दूसरी इकाई के कमर्शियल ऑपरेशंस परीक्षण और विश्वसनीयता परीक्षण 25 जून को पूरा हो गया था। इस मौके पर बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी) और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ बांग्लादेश (पीजीसीबी) के अधिकारी भी मौजूद रहे थे। बता दें कि छह अप्रैल को, क्षमता वाले बिजली संयंत्र की पहली यूनिट ने अपनी कमर्शियल ऑपरेशंस डेट(सीओडी) हासिल कर ली थी। बयान में कहा गया है कि गोड्डा संयंत्र से बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति से पड़ोसी देश में ऊर्जा सुरक्षा और बढ़ेगी। वहीं, एपीजेएल बांग्लादेश ग्रिड से जुड़े 400 केवी समर्पित ट्रांसमिशन सिस्टम के माध्यम से 25 साल की अवधि के लिए नवंबर 2017 में निष्पादित बीपीडीबी के साथ पीपीए के तहत 2×800 मेगावाट गोड्डा यूएससीटीपीपी से 1,496 मेगावाट की शुद्ध क्षमता बिजली की आपूर्ति करेगा। इसमें कहा गया है कि गोड्डा बिजली संयंत्र से आपूर्ति की जाने वाली बिजली तरल ईंधन से उत्पन्न महंगी बिजली की जगह बांग्लादेश की बिजली स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। इसके जरिए बांग्लादेश को खरीदी गई बिजली की औसत लागत कम करने में मदद मिलेगी। बयान में कहा गया है कि गोड्डा यूएससीटीपीपी का चालू होना अदाणी समूह, बीपीडीबी के साथ-साथ दोनों देशों के बीच आर्थिक सह-संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अदानी पावर लिमिटेड के सीईओ एसबी ख्यालिया ने भी इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गोड्डा पावर प्लांट भारत और बांग्लादेश दोस्ती के प्रतीक के रूप में काम करेगा।

# सरकार ने ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम का मसौदा किया तैयार, पर्यावरण मंत्रालय ने बताया ये है लक्ष्य

**नई दिल्ली ।**
सरकार ने विभिन्न हितधारकों के स्वैच्छिक पर्यावरणीय कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम कार्यान्वयन नियम 2023 का मसौदा तैयार किया है। पर्यावरण मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना के अनुसार, ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम निजी क्षेत्र के उद्योगों और कंपनियों के साथ-साथ अन्य संस्थाओं को अपने मौजूदा दायित्वों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यक्तियों, किसान उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों, वानिकी उद्यमों, सतत कृषि उद्यमों, शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों, निजी क्षेत्रों, उद्योगों और संगठनों के लिए पर्यावरण से जुड़े सकारात्मक कार्य करने और ग्रीन क्रेडिट के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक बाजार आधारित तंत्र बनाना है। इस कार्यक्रम में पर्यावरण से जुड़े सकारात्मक कार्यों के लिए एक जन आंदोलन बनाने और मिशन लाइफ के



दृष्टिकोण को साकार करने की भी परिकल्पना की गई है।

### चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम

पर्यावरण मंत्रालय की ओर से कहा गया है, कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए एक चरणबद्ध और पुनरावृत्ति दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। शुरुआती (चरण) में सेक्टरों से दो से तीन गतिविधियां जैसे कार्यक्रम को डिजाइन और पायलट करने पर विचार किया जाएगा और फिर बाद के चरणों में चयनित क्षेत्रों से और अधिक गतिविधियों को जोड़ा जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि ग्रीन क्रेडिट कई क्षेत्रों और संस्थाओं से उत्पन्न होंगे, जिनमें आम लोगों, किसान उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों, वानिकी उद्यमों और टिकाऊ कृषि उद्यमों से लेकर शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों, निजी क्षेत्रों, उद्योगों और संगठनों को जोड़ा जा रहा है।

# विदेश मंत्री बोले- ताइवान के निवेशक भारत में इनवेस्ट करने के लिए बेताब, हमारे संबंध पकड़ रहे गति

**ताइपे ।**
चीन के साथ ताइवान का विवाद किसी से छिपा नहीं है। कई मुद्दों पर भारत ने ताइवान का समर्थन भी किया है। ताइवान के विदेश मंत्री जौशीह जोसेफ वू ने भारत के साथ संबंधों को और मजबूत करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते से ताइवानी कंपनियों को भारत में विनिर्माण के आधार पर स्थापित करने के लिए बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। विदेश मंत्री जोसेफ वू ने कहा कि ताइवान अपनी उन कंपनियों को प्रोत्साहित कर रहा है जिनको चीन का बाजार लाभदायक नहीं लगता है। ताइवान ने उनसे कहा है कि उन्हें उत्पादन सुविधाओं के लिए अपना कारोबार भारत में स्थानांतरित करना चाहिए। वू ने कहा कि भारत तेजी से उभरती हुई शक्ति है और तेजी से आर्थिक विकास की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत और ताइवान के बीच मुक्त व्यापार समझौता व्यापक व्यापार और निवेश संबंधों की बाधाओं को दूर करेगा और इससे ताइवान की कंपनियों को विभिन्न उपकरणों और कच्चे माल के लिए ज्यादा शुल्क का भुगतान किए बिना विनिर्माण केंद्र स्थापित करने में मदद मिलेगी।



### भारत के लिए क्यों लाभदायक है ताइवान

ताइवान दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत से अधिक सेमीकंडक्टर और 90 प्रतिशत से अधिक सबसे उन्नत चिप्स का उत्पादन करता है जो स्मार्टफोन, कारों, डेटा सेंटरों, लड़ाकू जेट और एआई प्रौद्योगिकियों जैसे लगभग सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए आवश्यक हैं। वहीं भारत ने दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन से कई समझौते किए हैं, इसके तहत कंपनी भारत में एक विनिर्माण सुविधा स्थापित कर रही है। इस कंपनी के सबसे बड़े ग्राहकों में एपल भी शामिल है।

### हमारे व्यापार संबंध पकड़ रहे गति

ताइवान के विदेश मंत्री ने कहा कि ताइपे और नई दिल्ली का एफटीए वार्ता शुरू करने का समय आ गया है। दोनों पक्ष पहले ही एफटीए के लिए अध्ययन कर चुके हैं और समझौते के लिए प्रारंभिक चर्चा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारे व्यापार संबंध गति पकड़ रहे हैं। ताइवान के निवेशक भारत में निवेश करने के लिए बेताब हैं और ताइवान और भारत के बीच सेमीकंडक्टर सहयोग को दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक उभरती हुई शक्ति है, यह तेजी से बढ़ रहा है। वहां के लोगों की मेहनत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भारत के पास भविष्य के लिए अपनी आर्थिक ताकत है। यह बहुत शक्तिशाली होने जा रहा है और निश्चित रूप से, हमें उम्मीद है ।

जुकरबर्ग से केज फाइट के लिए मस्क की ट्रेनिंग शुरू

# साथी फाइटर ने फोटो शेयर की, कहा- मस्क की पावर और स्किल से प्रभावित हूं

**वॉशिंगटन।**
टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और मेटा के सीईओ के बीच होने जा रही केज फाइट चर्चा में है। मस्क ने इस फाइट के लिए ट्रेनिंग शुरू कर दी है। ट्रेनिंग की फोटोज सामने आई हैं। इनमें वो पॉपुलर पॉडकास्टर और AI रिसर्चर लेक्स फ्रिडमैन के साथ लड़ रहे हैं। फ्रिडमैन ने ही तस्वीरें ट्विटर पर शेयर कीं और लिखा- मस्क की पावर से प्रभावित हूं। मस्क ने पिछले दिनों ट्विटर पर जुकरबर्ग को फाइट का चैलेंज दिया था। जुकरबर्ग ने इसे स्वीकार कर लिया था। फ्रिडमैन दोनों के साथ ट्रेनिंग कर चुके हैं और उन्होंने इसके फोटो और वीडियो अपने ट्विटर हैंडल पर ये शेयर किए हैं। जुकरबर्ग की कंपनी मेटा ने ट्विटर जैसा प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की बात कही थी। इसके बाद डेली मेल ने एक रिपोर्ट पब्लिश की, जिसकी हेडलाइन थी- ट्विटर को खत्म करने का जुकरबर्ग का मास्टर प्लान सामने आया। इस रिपोर्ट को ट्विटर पर शेयर किया जाने लगा।



ऐसी ही एक पोस्ट पर एलन मस्क ने जुकरबर्ग को चिढ़ाने वाली इमोजी पोस्ट की। मारियो नाफवाल नाम के ट्विटर हैंडल से जुकरबर्ग के नए प्लेटफॉर्म से जुड़ी और डीटेल्स शेयर की गई। नाफवाल को एलन मस्क फॉलो भी करते हैं। इसमें कहा गया कि मेटा के नए ऐप का नाम थ्रेड हो सकता है। इस पर एक ट्विटर यूजर ने लिखा- बेहतर होगा मस्क सावधान रहें मैंने सुना है कि जुकरबर्ग अब जु-जित्सु कर रहे हैं। यहीं से केज फाइट चैलेंज की शुरुआत हुई। मस्क ने पोस्ट पर जवाब दिया- मैं केज फाइट के लिए तैयार हूं। इसके बाद जुकरबर्ग ने मस्क से फाइट की लोकेशन पूछी और मस्क ने जवाब दिया- वेगास ऑक्टागन मस्क और जुकरबर्ग वेगास ऑक्टागन में लड़ेंगे या नहीं, ये अभी साफ नहीं है। मस्क की पोस्ट पर कमेंट बॉक्स मीम्स से भर गया है। एक यूजर ने मस्क की तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह हल्क की तरह दिख रहे हैं। 2 वर्षीय मस्क साउथ अफ्रीका में बड़े हुए हैं। मस्क ने बताया था कि साउथ अफ्रीका में उन्होंने रियल हार्ड-कोर स्ट्रीट फाइट्स में हिस्सा लिया। 39 साल के जुकरबर्ग एक एस्पिरेशनल फाइटर हैं, जिन्होंने पहले ही जु-जित्सु टूर्नामेंट जीते हैं। उन्होंने हाल ही में मर्फ चैलेंज वर्कआउट को 40 मिनट से कम समय में पूरा किया था। मस्क की ट्रेनिंग की तस्वीरें शेयर करने वाले फ्रिडमैन ने लिखा- मैंने कुछ घंटों के लिए एलन मस्क के साथ ट्रेनिंग सेशन किया। मैं उनकी स्ट्रेंथ, पावर और स्किल से बेहद प्रभावित हूं। एलन और मार्क को मार्शल आर्ट करते हुए देखना वास्तव में प्रेरणादायक है। अगर दोनों मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग करें तो ये दुनिया के लिए बेहतर होगा। पर ये ट्रेनिंग फाइट के लिए ना हो फ्रिडमैन ने जुकरबर्ग के साथ जु-जित्सू की ट्रेनिंग की थी, लिखा था- ये मेरे और मार्क जुकरबर्ग जु-जित्सु की ट्रेनिंग का वीडियो है। मैं एलन मस्क के साथ भी ट्रेनिंग के लिए उत्सुक हूं। जु-जित्सु अनआर्म्ड कॉम्बैट और फिजिकल ट्रेनिंग की जापानी तकनीक है। केज फाइट में दो फाइटर एक पिंजरे के भीतर लड़ते हैं। फाइटर कई फाइटिंग टेक्नीक्स का इस्तेमाल करते हैं। इसमें मार्शल आर्ट के मिक्स्ड टाइप जैसे बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, जु जित्सु, कराटे, मय थाई जैसी तकनीकों का इस्तेमाल होता है।

### वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था सही राह पर

नई दिल्ली । भारतीय रिज़र्व बैंक ने बुधवार को वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) का 27वां अंक जारी किया। यह वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप-समिति के सामूहिक मूल्यांकन को वित्तीय स्थिरता और भारतीय वित्तीय प्रणाली के लचीलेपन से जुड़ी जोखिमों को दर्शाता है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था कुछ देशों में बैंकिंग प्रणाली की नाजुकता, निरंतर भू-राजनीतिक तनाव और मुद्रास्फीति में कमी के बीच बढ़ी हुई अनिश्चितता का सामना कर रही है। एफएसआर रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था और घरेलू वित्तीय प्रणाली को मजबूत मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल (मजबूत व्यापक आधार) का समर्थन मिल रहा है।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा मेरे सबकुछ हैं : कियारा

**-खुद को खुशकिस्मत मानती हैं एक्ट्रेस**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा बी-टाउन के पावर कपल हैं। कुछ दिनों पूर्व ही दोनों शादी की। कियारा ने अपने पति सिद्धार्थ को अपना सबकुछ बताया है। एक्ट्रेस सिद्धार्थ से शादी करके खुद को खुशकिस्मत मानती हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि उनके पति ही अब उनका घर हैं। एक्ट्रेस ने कहा- अभी-अभी मेरी शादी हुई है। यह एक लव मैरिज थी। मैं सच्चे प्यार पर भरोसा करती हूं। घर दो लोगों से बनता है और मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि जो मेरे साथ हैं, जिनके साथ मैंने अपनी जिंदगी बिताने का फैसला किया, वह मेरे पति के साथ-साथ बेस्ट फ्रेंड भी हैं। मेरे लिए वह मेरा सब कुछ हैं। वह मेरा घर हैं। हम जहां भी रहे, चाहे दुनिया में कहीं भी हों, जिस शहर में हों, मेरे लिए वही मेरा घर हैं। कियारा और सिद्धार्थ के बीच प्यार की शुरूआत फिल्म शेरशाह के सेट पर हुई थी। करण जौहर की निर्देशित फिल्म में कपल ने लीड रोल प्ले किया था। इसके बाद से ही दोनों के बीच अफेयर की खबरें शुरू हो गई थीं। कपल ने गुपचुप तरीके से डेटिंग की और 7 फरवरी 2023 को शादी करके अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर दिया था। कियारा और सिद्धार्थ शादी के बाद अपनी-अपनी प्रोफेशनल लाइफ में बिजी हो गई हैं। सिद्धार्थ इन दिनों अपकमिंग फिल्म योद्धा की शूटिंग कर रहे हैं। कियारा अपनी अपकमिंग फिल्म सत्यप्रेम की कथा को लेकर सुर्खियों में हैं। इस मूवी में वह एक बार फिर कार्तिक आर्यन के साथ स्क्रीन शेयर करती हुई नजर आएंगी। ये मूवी 29 जून 2023 को रिलीज होगी। कियारा के पास रामचरण के साथ मूवी गेम चेंजर भी है, जिसकी रिलीज डेट अभी तक सामने नहीं आई है।साथ ही वह इंडियन पुलिस फोर्स से डिजिटल डेब्यू करने के लिए भी एकदम तैयार हैं। इस सीरीज में उनके साथ शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबरॉय नजर आएंगे। रोहित शेट्टी की निर्देशित सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

# भोला शंकर में चिरंजीवी एक पावर-पैक भूमिका में

**- फिल्म का टीजर जारी**




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के निर्देशक मेहर रमेश भोला शंकर में चिरंजीवी को एक पावर-पैक भूमिका में पेश कर रहे हैं। यह मेगास्टार के साथ मेहर रमेश पहली फिल्म है। फिल्म का टीजर आज लॉन्च किया गया है। टीजर की शुरूआत एक वॉयसओवर से होती है जिसमें कहा जाता है कि एक व्यक्ति ने 33 लोगों को बेरहमी से मार डाला है और कोलकाता पुलिस हत्यारे की तलाश कर रही है। टीजर चिरंजीवी के एक्शन से भरपूर अवतार को दिखाने के लिए आगे बढ़ता है क्योंकि वह अपना स्वैग दिखाते हैं और गुंडों को उनकी मांद में मारने के लिए तैयार हो जाते हैं। टीजर में कीर्ति सुरेश, तमन्ना भाटिया और सुशांत जैसे अभिनेताओं द्वारा निभाए गए अन्य पात्रों का भी परिचय दिया गया है।फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने टीजर के बारे में कहा, ह्लमेहर रमेश इस अवसर का पूरा उपयोग करना चाहते थे और चिरंजीवी को एक पुराने सामूहिक अवतार में दिखाना चाहते थे। वह फिल्म में प्रभावशाली संवाद और शक्तिशाली एक्शन दृश्यों को जोड़कर चिरंजीवी को एक मजबूत स्क्रीन उपस्थिति देना चाहते थे। चिरंजीवी के चरित्र को सही ऊंचाई देने के लिए थीम गीत जोड़ा गया था। कुल मिलाकर, वह एक ऐसा टीजर बनाने के इच्छुक थे जो उत्साह बढ़ा दे। सत्यानंद की कहानी और तिरुपति ममीडाला के संवादों के साथ, फिल्म में कार्यकारी निमार्ता के रूप में किशोर गैरीकिपति हैं। रामब्रह्मम सुनकारा और अनिल सुनकारा की एके एंटरटेनमेंट्स द्वारा निर्मित, भोला शंकर का काम पूरा होने वाला है। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस से पहले 11 अगस्त को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है। कलाकारों की बात करें तो फिल्म में रघु बाबू, मुरली शर्मा, रविशंकर, वेनेला किशोर, तुलसी, सुरेका वाणी, श्री मुखी, हाइपर आदि, विवा हर्ष, प्रदीप, अनी, बिथिरी साथी, सत्या, वेणु टिल्लू, थगुबोटु रमेश, रश्मी गौतम, उत्तेज, वीर, शाहवर अली और तरुण अरोड़ा गेटअप श्रीनु भी हैं। तकनीकी दल के बारे में बात करते हुए, डुडले ने सिनेमैटोग्राफी की है जबकि महती स्वरा सागर ने बैकग्राउंड स्कोर तैयार किया है। मार्तंड के वेंकटेश संपादक हैं, जबकि एएस प्रकाश प्रोडक्शन डिजाइनर हैं।


# सनी और पत्नी पूजा का रिश्ता रोलर कोस्टर राइड से कम नहीं

**-ब्रिटेन के शाही परिवार से संबंध है पूजा देओल का**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर सनी देओल और उनकी पत्नी पूजा देओल बहुत मौकों पर एक साथ नजर आते हैं। इन दोनों का रिश्ता भी किसी रोलर कोस्टर राइड से कम नहीं रहा है। सनी देओल ने साल 1983 में फिल्म बेताब से अपने करियर की शुरूआत की थी। सनी देओल ने अपनी पहली ही फिल्म से धूम मचा दी थी। बॉलीवुड में स्टार बनने के समय ही सनी देओल ने लंदन में गुपचुप शादी रचा ली थी। स्टार बनने के बाद कई साल तक सनी देओल अपनी शादी की खबर से इंकार करते रहे। इसी दौरान सनी देओल का उनकी हीरोइन्स के साथ अफेयर के चर्चे भी आम हो गए। अफेयर की खबरें आते ही सनी देओल और उनकी पत्नी पूजा देओल के रिश्ते में काफी उतार-चढ़ाव भी आते रहे। सनी देओल की पत्नी पूजा देओल ब्रिटेन की रहने वाली थी और उनका असली नाम लिंडा देओल है। पूजा देओल 21 सितंबर 1957 में इंग्लैंड में जन्मी थीं। पूजा की मां सारा महल एक ब्रिटिश महिला थीं और ब्रिटेन के शाही परिवार के ताल्लुक रखती थीं। शाही खानदान से आने के चलते पूजा देओल पर भी मीडिया की काफी नजरें रहती थीं। जब सनी देओल के अफेयर की खबरें अमृता सिंह और डिंपल कपाड़िया के साथ सामने आईं तो सनी देओल की शादी-शुदा जिंदगी में भी हलचल देखने को मिलने लगी। हालांकि समय के साथ सब ठीक हो गया और आज दोनों खुशी-खुशी जिंदगी बिताते हैं। पूजा देओल भी फिल्मों से जुड़ी हुई हैं और बतौर राइटर काम करती हैं। पूजा देओल ने कई फिल्मों की कहानियां भी लिखी हैं। हालांकि पूजा लाइमलाइट से दूर रहती हैं और कभी भी मीडिया के सामने नहीं आतीं। हाल ही में दोनों अपने बेटे करण की शादी में जश्न के मूड में नजर आए। इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर छाईं रहीं। पूजा देओल पर भी फैन्स की नजरें रहीं और उनकी खूबसूरती की जमकर तारीफ करते रहे। सनी देओल के बेटे करण देओल की शादी में उनका पूरा परिवार खूब जोश में दिखा। सनी देओल भी अपनी पत्नी पूजा देओल के साथ शादी में खूब जश्न मनाते नजर आए।

# गैंगस्टर गोल्डी बरार ने भाईजान को दी फिर जान से मारने की धमकी



**मुंबई, (हि.स.)।** बॉलीवुड के दबंग सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के हत्यारे कुख्यात गैंगस्टर सतविंदर सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ ने सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी है। उसने यह भी कबूल किया है कि उसके गैंग ने ही सिद्धू मूसेवाला की हत्या की थी। मीडिया से बात करते हुए गोल्डी बरार ने कहा, हम उसे जरूर मार डालेंगे। भाई साहब (लॉरेंस बिश्नोई) उससे माफी मांगने के लिए कहते हैं, लेकिन वह माफी नहीं मांगता। जैसा कि हमने पहले कहा है कि जो भी हमारा दुश्मन होगा, हम उसे मार डालेंगे। सलमान खान हमारे निशाने पर हैं। गोल्डी बराड़ ने सिद्धू मूसेवाला की हत्या के पीछे की वजह भी बताई है कि वह बहुत घमंडी और बिगड़ैल था और उसके पास जरूरत से ज्यादा पैसा था। उसके पास भारी राजनीतिक और पुलिस शक्ति थी, जिसका उसने दुरुपयोग किया, इसलिए उसे सबक सिखाने की जरूरत थी। इससे पहले भी कई बार सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। लगातार मिल रही इन धमकियों के चलते मुंबई पुलिस ने सलमान खान को सिक्योरिटी दी है। कुछ दिनों पहले सलमान ने सेफ्टी के लिए बुलेटफ्रूट कार भी खरीदी थी।

# जल्द ही एक्टिंग करते नजर आएंगे अब्दू रोजिक

**-अब्दू रोजिक है दुनिया के सबसे छोटे सिंगर**




**मुंबई (ईएमएस)।** तजाकिस्तानी सिंगर अब्दू रोजिक सबी को लेकर एक अच्छी खबर सामने आई है। दुनिया के सबसे छोटे सिंगर अब्दू रोजिक अब जल्द ही एक्टिंग करते नजर आने वाले हैं। वैसे तो लोगों को उम्मीद थी कि अब्दू किसी का भाई किसी की जान में नजर आएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, हां लेकिन अब अब्दू के फैंस उन्हें एक्टिंग करते देख पाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक तजाकिस्तानी सिंगर जल्द ही सीरियल प्यार का पहला नामः राधा मोहन में एट्री ले सकते हैं। इस सीरियल में शब्बीर अहलुवालिया और निहारिका रॉय लीड रोल निभा रहे हैं। इस सीरियल के आने वाले एपिसोड में दिखाया जाएगा कि, दामिनी (संभावना मोहंती) गुनगुन का अपहरण कराने की योजना बनाएगी। जिसके लिए वह अब्दु को हायर करेंगी। अब्दु का कैरेक्टर ऐसा होगा कि वह गुनगुन को चोट नहीं पहुंचाएगा, बल्कि पैसों के लिए वह दामिनी के आदेशों का पालन करता है। यह अब्दु का कैमियो ट्रैक होगा, जिसे शुरूआत में निगेटिव मगर बाद में पॉजिटिव एंगल से दिया जाएगा। बता दें कि, सिंगिंग एक्टिंग के साथ अब्दू रोजिक एक बिजनेसमैन भी बन गए हैं। उन्होंने कुछ दिनों पहले मुंबई में अपना रेस्ट्रां खोला है। जिसका नाम बुरगीर रखा है। बता दें कि अब्दू अक्सर अपनी क्यूट बातों की वजह से चर्चा में बने रहते हैं। अब्दू की क्यूटनेस का हर कोई दीवाना है। बिग बॉस में भी अब्दू को खूब पसंद किया हालांकि, वह शो जीत नहीं पाए।

# फिल्म 'बाप रे बाप' का धांसू फर्स्ट लुक आउट

भोजपुरी सिनेमा में फिटनेस आइकन के नाम से मशहूर अभिनेता विक्रांत सिंह और खूबसूरत अभिनेत्री यामिनी सिंह की फिल्म बाप रे बाप का धांसू फर्स्ट लुक आउट कर दिया गया है। फिल्म का फर्स्ट लुक फिल्म के मनोरंजन और फिल्म की कहानी को एक फ्रेम में दिखाने वाला है जिसे भोजपुरी जगत के स्नेह प्रेम पसंद कर रहे हैं। यह फिल्म कॉमेडी और ह्यूमर से भरपूर होने वाली है, ऐसा दावा पहले ही फिल्म के निमार्ता-निर्देशक कर चुके हैं। बाप रे बाप एक कमर्शियल भोजपुरी सिनेमा है जो दर्शकों को हेल्दी मनोरंजन देने वाली है। जी बाइस्कोप प्रस्तुत और मैडज मूवीज और एक्कुअल मूवीज प्रोडक्शन की फिल्म ह्यबाप रे बापह्ल के निमार्ता जी बाइस्कोप, अविनाश रोहरा और समीर आफताब हैं। फिल्म के निर्देशक फिरोज खान हैं। फिल्म को लेकर विक्रांत सिंह ने बताया कि यह एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों को खूब गुदगुदाएगी। इस तरह की कॉन्सेप्ट पर बनी फिल्में अक्सर आपने बॉलीवुड में देखा होगा लेकिन इस बार भोजपुरी स्क्रीन पर भी आप फिल्म का मजा ले सकेंगे। फिल्म की कहानी बेजोड़ है और दर्शकों के लिए यह पैसा वसूल फिल्म होगी। फिल्म का फर्स्ट लुक आउट हो गया है जल्द ही इसका ट्रेलर भी आएगा। जो फिल्म के कुछ और महत्वपूर्ण पहलुओं से सबों को रूबरू कराएगा। फिल्म में सभी कलाकारों ने अपना शत प्रतिशत दिया है। उम्मीद है कि भोजपुरी के दर्शक हमारी फिल्म को खूब प्यार और आशीर्वाद देंगे। फिल्म बाप रे बाप बन कर तैयार है। इसका फर्स्ट लुक आउट हो गया है और यह जल्द ही रिलीज भी होगी। फिल्म में विक्रांत सिंह, यामिनी सिंह,अमित शुक्ला, आदित्य मोहन, नितिका जायसवाल, प्रकाश जैस, सोनिया मिश्रा,संजय वर्मा मुख्य भूमिका में हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर ओम राउत की फिल्म "आदिपुरुष" का हुआ बुरा हाल



ओम राउत की "आदिपुरुष" फिल्म रिलीज होते ही विवादों में फंस गई है। यह फिल्म 16 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। पहले तीन दिन तक बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली इस फिल्म की कमाई में चौथे दिन से गिरावट शुरू हो गई और अभी भी जारी है। इनमें रविवार, 25 जून को फिल्म की कमाई में थोड़ी बढ़ोतरी देखी गई, लेकिन दूसरे हफ्ते की शुरूआत तक स्थिति संभलती नजर आ रही है। हालांकि रविवार को कमाई में थोड़ी बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन अब सोमवार के आंकड़े सामने आए हैं और वे निराशाजनक हैं। दूसरे सोमवार को "आदिपुरुष" ने 1.75 करोड़ की कमाई की है। यह अपने शुरूआती हफ्ते के बाद राजस्व में सबसे बड़ी गिरावट देखने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है। दूसरे सोमवार के आंकड़ों को ध्यान में रखें तो इस फिल्म का कुल कलेक्शन 277.50 करोड़ है। 500 करोड़ के बजट वाली ये मेगा बजट फिल्म अभी तक अपनी लागत भी नहीं निकाल पाई है। साफ है कि फिल्म का विरोध और बैन की मांग इस पर भारी पड़ी है। शुरूआत में फिल्म की कमाई के आंकड़ों की तुलना शाहरुख खान की "पठान" से की गई थी, लेकिन अब फिल्म की कमाई की रफ्तार को देखते हुए संदेह जताया जा रहा है कि क्या "आदिपुरुष" 300 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर पाएगी। भले ही मेकर्स ने विवादित डायलॉग्स को बदल दिया हो लेकिन फिल्म को कोई खास फायदा नहीं हुआ है। आदिपुरुष में प्रभास, कृति सेनन, सैफ अली खान और देवदत्त नागे मुख्य भूमिका में हैं।

# "सत्यप्रेम की कथा" के "पसूरी" गाने का रीमेक देखकर भड़के यूजर्स




कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की आने वाली फिल्म "सत्यप्रेम की कथा" में इस सुपरहिट गाने का रीमेक बनाया गया है। फिल्म का ये गाना हाल ही में रिलीज हुआ है और सोशल मीडिया पर लोगों ने इसे जबरदस्त तरीके से ट्रोल करना शुरू कर दिया है। साफ है कि लोगों को यह नया रीमेक गाना बिल्कुल भी पसंद नहीं आया। यह गाना कार्तिक और कियारा पर फिल्माया गया है, लेकिन लोगों ने इसे नापसंद किया। सोशल मीडिया पर इस गाने पर ट्रोल करने वाले ढेरों फनी मीम्स देखने को मिल रहे हैं। इस गाने को सुनने के बाद कई लोगों को फिल्म अपरिचित का डायलॉग "इसके लिए गरुड़ पुराण में अलग सजा है" याद आ जाता है। इन मीम्स के जरिए लोगों ने बॉलीवुड की क्रिएटिविटी पर शक जताया है। इस नए गाने को अरिजीत सिंह और शाय गिल दोनों ने आवाज दी है। फिल्म "सत्य प्रेम की कथा" इसी साल 29 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म का नाम पहले "सत्यनारायण की कथा" था लेकिन इसे बदलकर "सत्यप्रेम की कथा" कर दिया गया।

फिल्म में कार्तिक-कियारा के साथ गजराज राव और सुप्रिया पाठक भी अहम किरदार में हैं।

# मशहूर हुए यूट्यूबर देवराज पटेल का निधन

"दिल से बुरा लगता है भाई प्लीज भाई" मीम से सुर्खियां बटोरने वाले यूट्यूबर कॉमेडियन देवराज पटेल की छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस बारे में खुद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट किया है और देवराज को श्रद्धांजलि भी दी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा, ह्लइतनी कम उम्र में अविश्वसनीय प्रतिभा वाले कलाकार को खोना बहुत दुखद है। ईश्वर उनके परिवार और प्रियजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दे।" शांति।" मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक माना जा रहा है कि देवराज पटेल का एक्सीडेंट लावंडी चौक इलाके में हुआ है। यहां एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी और देवराज पटेल की जान चली गई।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसकी जानकारी देते हुए ट्वीट के साथ देवराज का एक वीडियो भी शेयर किया है। इसमें देवराज पटेल कहते नजर आ रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में दो ही लोग मशहूर हैं, एक मैं और एक हमारे चाचा। इस बीच अपनी मौत से कुछ घंटे पहले देवराज पटेल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, देवराज एक रील की शूटिंग के लिए रायपुर आए थे और लौटते वक्त ये हादसा हो गया। देवराज सिर्फ 21 साल का थे और फिलहाल बीए के अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे। देवराज पटेल ने भुवन बाम की ढिंढोरा सीरीज में भी काम किया था। दिल से बुरा लगता है भाई प्लीज मीम से सुर्खियों में आए देवराज के यूट्यूबर पर 1 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर और 56 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

## सूडोकु नवताल- 6476

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6475 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्दजाल - 7223

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | दि | ल | वा | ले | ह | ट | अं | क | र |
| छ | च | दी | ह | रिं | लै | ता | दि | त | को | घु |
| स | र | ह | वा | दा | चि | सिं | बे | ला | ल | वी |
| पू | म | दा | च | ने | क | ड़ | ढा | ल | र | र |
| त | बॉ | र्ड | र | हा | हु | री | चि | स | र | ट |
| ह | ह | प | व | दा | ह | ए | ती | ड़ | न | ती |
| ट | र | बु | अं | र | म | ट | पा | ला | ह | क |
| क | ज | क्ष | ला | क | छ | सौ | न | ग | जू | ट |
| ह | थो | तें | क | ह | ज | दा | ने | दा | ल | द |
| र | ल | प | ति | मो | ह | रा | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

*शब्द जाल में सुनील शेट्टी की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.*

अंत, दिलवाले, सपूत, रक्षक, रघुवीर, मोहरा, दीवाने हुए पागल, ढाल, बॉर्डर, कहर

### शब्दजाल - 7222 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | जि | मि | ल | न | का | र | प | श |
| न | का | क | ग | इं | डो | ने | ग | ति | मा | म |
| अ | दा | र | री | मा | ग | ब | द | ह | प | शी |
| जी | ग | ल | दो | भा | न | स | च | ह | लि | र |
| त | अ | अ | स्त | न | ई | मे | ह | प | न | दे |
| अ | नो | खी | रा | त | प | भा | त | ह | न | बां |
| ह | मा | ल | मा | व | मि | ला | ई | मा | न | ग |
| सा | न | भा | र | न | प | रे | रा | ल | वि | ला |
| न | न | बा | आ | ग | का | र | दो | न | जू | दे |
| र | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | स | स्त | प | श |
| ब | र | ब | ड़ी | दी | दी | स | त्ता | प | र | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6176

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | | 5 | | 1 | 6 |
| | 30 | 2 | 36 | | 32 | |
| 5 | | | 1 | 7 | | 4 |
| 6 | 38 | 4 | 34 | 1 | 26 | 5 |
| 4 | | 5 | 7 | | | 1 |
| | 31 | | 32 | 4 | 30 | |
| 2 | 3 | | 4 | | 6 | 7 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6175 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 3 | 32 | 6 | 36 | 2 | 30 | 1 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 5 | 26 | 1 | 34 | 4 | 38 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 30 | 4 | 32 | 3 | 31 | 7 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# वर्ल्ड कप क्वालिफायर में श्रीलंका ने स्कॉटलैंड को हराया : 82 रन से जीते, टेबल में टॉप पर फिनिश किया ; अब सुपर सिक्स में जाएंगे

**बुलवायो।**
आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के क्वालिफायर में मंगलवार को जिम्बाब्वे के बुलावायो में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने स्कॉटलैंड को 82 रन से हराया। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका 49.3 पर 245 रन बना कर ऑलआउट हो गई। जवाब में स्कॉटलैंड 29 ओवर में 163 रन बना कर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ ही क्वालिफायर राउंड में ग्रुप बी की भी फाइनल स्टैंडिंग पक्की हो गई। ग्रुप बी से श्रीलंका, स्कॉटलैंड और ओमान सुपर सिक्स में जाएंगे। वहीं ग्रुप ए से जिम्बाब्वे, वेस्टइंडीज और नीदरलैंड खेलेंगे।

**कैसे होगा सुपर 6 में होगा फैसला**

ग्रुप ए में जिम्बाब्वे के पास 8, वेस्टइंडीज के पास 4 और नीदरलैंड के 6 पॉइंट्स है। ग्रुप बी में श्रीलंका 8 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। हर ग्रुप में 5 टीम है। इसमें से दोनों ग्रुप की टॉप 3 टीम के बीच सुपर 6 टेबल के मुकाबले होंगे। इसमें सब एक दूसरे के खिलाफ मैच खेलेंगे और फाइनल टेबल के टॉप 2 टीम क्वालिफाई होंगी। लेकिन, इसमें ग्रुप टेबल के पॉइंट्स के साथ टीम सुपर 6 में जाएगी। यानी अगर स्कॉटलैंड सुपर 6 में जाएगी तो उसके ओमान और श्रीलंका के खिलाफ खेले मैच के पॉइंट काउंट होंगे।

**निसांका और असलंका के अर्धशतक**

स्कॉटलैंड ने टॉस जीत का रपहले बॉलिंग करने का फैसला किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी की। पथुम निसांका और दिमुथ करुणारत्ने ने ओपनिंग की। करुणारत्ने 7 रन बना कर बोल्ड हो गए। इसके बाद कुसल मेंडिस भी 1 रन पर इवांस का शिकार बने। सदीरा समविक्रमा ने निसांका के साथ 55 पार्टनरशिप की और 26 रन बना कर आउट हुए। वहीं, निसांका 75 रन बना कर आउट हो गए। चरिथ असलंका ने 63 रन की पारी खेली और टीम को मजबूती दी। उनके अलावा धनञ्जय डी सिल्वे 23, कप्तान दासुन शनाका 0 और वानिंदु हसारंगा 15, महीश तीक्षणा 16 और कासुन रजिथा 1 रन बना कर आउट हुए। लाहिरु कुमार 5 रन बना कर नॉट आउट रहे। टीम 49.3 ओवर में 245 रन बना सकी। बॉलिंग में क्रिस ग्रीव्स ने शानदार प्रदर्शन किया उन्होंने 4 विकेट लिए। वहीं मार्क वाट ने 3, क्रिस सोल ने 2 और अलसदेर इवांस को एक सफलता मिली।

**100 रन के अंदर स्कॉटलैंड के गिरे 7 विकेट**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्कॉटलैंड ने शुरूआती ओवर में ही विकेट गवा दिए। क्रिस्टोफर मैक्ब्रिज और मैथ्यू क्रॉस ओपनिंग करने उतरे। क्रॉस 7 रन और मैमुल्लेन 5 रन बना कर पवेलियन लौटे। वहीं, मैक्ब्रिज 29 रन ही बना सके। कप्तान रिची बेर्रिन्टन 10, टॉमस मैकिंटोश और माइकल लिस्क 5 रन बना कर पवेलियन लौटे। इसके बाद आए क्रिस ग्रीव्स ने शानदार पारी खेली, लेकिन वे एक चोर से अकेले ही रन बनाते रहे। दूसरे छोर से जैक जार्विस 0 और क्रिस सोल 17 रन बना कर आउट हो गए।

## न्यूज ब्रीफ

### मेसी की पेंटिंग में रंगा मियामी, आगमन से पहले ही टिकटों की बिक्री बढ़ी



**नई दिल्ली ।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार स्ट्राइकर लियोनल मेसी के आगमन से पहले मियामी शहर उनकी पेंटिंग से रंग गया है। इसके अलावा क्लब के टिकटों की बिक्री भी बढ़ गई है। स्थानीय अर्जेंटीनी रेस्त्रां के प्रवेश द्वार पर फुटबॉल स्टार की एक और पेंटिंग लगाई गई है। उनके नंबर 10 की अर्जेंटीनी जर्सियां शहर में ज्यादातर लोग पहनकर घूम रहे हैं। इस महीने 36 साल के हुए मेसी ने सात जून को घोषणा की थी कि वह इंटर मियामी में शामिल हो रहे हैं, जिसने फुटबाल जगत को चौंका दिया था। वह अमेरिका के इंटर मियामी से खेलेंगे जहां खेल के प्रति उत्साह बढ़ रहा है। पिछले दो साल पेरिस सेंट-जर्मन के साथ खेलने वाले मेसी अभी भी अपने नए क्लब के साथ कागजी कार्रवाई को अंतिम रूप दे रहे हैं। उनके 21 जुलाई को लीग कप में क्रूज अजुल के खिलाफ घरेलू मैदान पर इंटर मियामी में पदार्पण करने की उम्मीद है। मेसी के आने से 2026 फुटबॉल विश्वकप से पहले मेजर लीग सॉकर में लोगों की रुचि और भी बढ़ सकती है क्योंकि अमेरिका भी फुटबॉल विश्वकप का संयुक्त मेजबान है। मेसी की घोषणा के बाद से इंटर मियामी मैचों के टिकटों की कीमतें आसमान छू रही हैं और टीमें पहले से ही क्लब के खिलाफ भविष्य के मैचों के लिए अतिरिक्त टिकट बेच रही हैं। टिकटे खरीदने और बेचने वाले विविड सीट्स द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, क्रूज अजुल के खिलाफ इंटर मियामी के मैच के लिए औसत सूचीबद्ध मूल्य 6 जून को 126 अमेरिकी डॉलर (करीब 10,329 रुपये) (मेसी की घोषणा से एक दिन पहले) से बढ़कर 20 जून को 2,151 अमेरिकी डॉलर (करीब 1,76,346 रुपये) हो गया यानि 1,607 प्रतिशत की वृद्धि। एक और टिकट बेचने वाली सीट ग्रीक पर, 6 जून को इंटर मियामी मैच देखने का औसत टिकट 34 अमेरिकी डॉलर (करीब 2,787 रुपये) था। कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 7 जून को यह 178 अमेरिकी डॉलर (करीब 14,593 रुपये) था।

### पाक बोर्ड बोला-सरकार से अभी भारत जाने की इजाजत नहीं: आईसीसी ने कहा- पाकिस्तानी टीम ने एग्रीमेंट साइन किया है, पलटना नहीं चाहिए



**नई दिल्ली ।** भारत में अक्टूबर-नवंबर के बीच होने वाले वनडे वर्ल्ड कप का शेड्यूल बुधवार को जारी हुआ। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने पर बयान जारी किया। पीसीबी ने कहा कि वर्ल्ड कप में हिस्सेदारी को लेकर अभी पाकिस्तान सरकार से इजाजत नहीं मिली है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने पीसीबी के बयान पर जवाब दिया है। आईसीसी ने कहा कि पीसीबी ने वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने का एग्रीमेंट साइन किया है। हमें भरोसा है कि उनकी टीम इससे पलटेगी नहीं। नॉकआउट राउंड से पहले पाकिस्तान वर्ल्ड कप में 9 मैच खेलेगी। टूर्नामेंट का सबसे चर्चित मुकाबला यानी इंडिया-पाकिस्तान मैच 15 अक्टूबर को होना है। भारत में किसी भी दौरे के लिए पीसीबी को पाकिस्तान सरकार की मंजूरी लेनी होती है। भारत में जिन जगहों पर मैच खेलना है, उसके लिए भी हमें इजाजत लेनी होती है। जहां तक वर्ल्ड कप की बात है, तो अभी तक हमें मंजूरी नहीं मिली है। हम लगातार सरकार के संपर्क में हैं ताकि हमें वर्ल्ड कप के लिए गाइडलाइन मिल सके।

### टीम को जीत की आदत डालना लक्ष्य : उत्तम




**बेंगलुरू ।** जूनियर एशिया कप हॉकी की विजेता भारतीय टीम के कप्तान उत्तम सिंह की नजरें अब अब पांच से 16 दिसंबर तक कुआलालंपुर में होने वाले जूनियर विश्व कप पर टिकी हैं। उत्तम के अनुसार टीम के कोच का लक्ष्य टीम को जीत की आदत डालना है। उन्होंने कहा कि सीनियर टीम के साथ खेलने से भी टीम को हौंसल बढ़ा है और उसे अपने में सुधार का अवसर मिला है। उत्तम ने बेहद खराब आर्थिक हालतों के बाद भी यहां तक का सफर तय किया है। उत्तर प्रदेश के करमपुर जिले में उत्तम हॉकी के कारण लुधियाना अकादमी पहुंचे। उत्तम ने कहा, ''मेरा परिवार 2019 तक मिट्टी से बने घर में रहा करता था, हम एक बहुत ही सामान्य जीवन जीते थे और जब मैं छात्रावास गया तब मुझे अपने छात्रावास के कमरे में पंखा और कूलर रखने का अवसर मिला था। साथ ही कहा, ''मेरे माता-पिता ऐसी किसी सुविधा के बिना सोते थे और यह मुझे अच्छा नहीं लगता था।

एशेज...मैदान में घुसे प्रदर्शनकारी, बेयरस्टो ने उठाकर बाहर किया

# अश्विन बोले- दूसरे टेस्ट से पहले ही बेयरस्टो कुछ भारी काम कर चुके हैं

**नई दिल्ली ।**
लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर चल रहे द एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट के दौरान हंगामा हो गया। इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही सीरीज के दूसरे मुकाबले के पहले दिन ऑयल प्रोटेस्ट कर रहे 2 प्रदर्शनकारी मैदान पर घुस गए। जिसके कारण खेल थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की नाकाम कोशिश की। बाद में विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो प्रदर्शनकारियों में से एक को कंधे पर उठाकर मैदान से बाहर करते नजर आए। भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इस पूरे मामले का वीडियो पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- दूसरे टेस्ट का शानदार आगाज...बेयरस्टो पहले ही कुछ भारी काम कर चुके हैं।



**क्या है पूरा मामला**

लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर बुधवार को द एशेज सीरीज का दूसरा टेस्ट शुरू हुआ। पहले सेशन में एक ओवर ही डला था कि ऑयल प्रोटेस्ट कर रहे 2 प्रदर्शनकारी मैदान पर घुस गए। कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें रोकना चाहा, लेकिन प्रोटेस्टर नहीं रुके। ऐसे में इंग्लिश विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो ने एक प्रदर्शनकारी को कंधे पर उठाकर बाहर कर दिया, जबकि दूसरे को सिक्योरिटी ने बाहर पहुंचाया। दोनों प्रदर्शनकारियों ने जस्ट स्टॉप ऑयल टी-शर्ट पहन रखी थी। प्रदर्शनकारियों के हाथ में ऑरेंज कलर का पाउडर भी था। इसे उन्होंने बेयरस्टो पर फेंका जिसकी वजह से उनकी टीशर्ट भी खराब हो गई। घटना के बाद मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि घटना के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**जर्सी चेंजकर उतरे बेयरेस्टो**

इस पूरे वाकये के दौरान बेयरस्टो के कपड़े खराब हो गए। इसलिए बेयरस्टो तुरंत मैदान से बाहर गए और ड्रेसिंग रूम से टी-शर्ट चेंज करके लौटे।

**आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले बस रोकी थी**

इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने 1 जून को आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले टीम की बस रोकी थी। यह टेस्ट भी लॉर्ड्स मैदान पर खेला गया था। यह खुलासा बेयरस्टो ने सोशल मीडिया पर किया था।

**क्या है ऑयल प्रोटेस्ट**

इंग्लैंड में इन दिनों जस्ट स्टॉप ऑयल प्रदर्शन हो रहे हैं। ये प्रदर्शन जस्ट स्टॉप ऑयल ग्रुप कर रहा है। इन प्रदर्शनों के तहत प्रदर्शनकारी ब्रिटेन सरकार की नई तेल, गैस और कोयला परियोजनाओं का विरोध कर रहे हैं। जस्ट स्टॉप ऑयल के मुताबिक फॉसिल फ्यूल यानी जीवाश्म ईंधन क्लाइमेट के लिए अच्छा नहीं है। ग्रुप ने सरकारी नीतियों में बदलाव होने तक अपने हाई-प्रोफाइल विरोध प्रदर्शन जारी रखने का वादा किया है। यूके और अन्य सरकारें सभी नए तेल और गैस अनुसंधान बंद कर दें। ऑयल उत्पादन के लिए नए लाइसेंस जारी न किए जाएं। सरकार ऑयल परियोजनाओं से जुड़े लाइसेंसों को तुरंत प्रभाव से रद्द कर दे।

**5 खेलों के 7 मुकाबलों में प्रोटेस्ट कर चुका है ग्रुप**

जस्ट स्टॉप ऑयल ज्यादातर स्पोर्ट्स इवेंट्स में प्रोटेस्ट करता है। 2022 से लेकर अब तक इस ग्रुप ने 5 अलग-अलग खेलों में प्रोटेस्ट किया है। इंग्लिश प्रीमियर लीग : 20 मार्च 2022: दो समर्थकों ने लंदन में आर्सेनल के एमिरेट्स स्टेडियम में एक फुटबॉल मैच को बाधित करने की कोशिश की थी। 21 मार्च 2022: लिवरपूल के गॉडिसन पार्क में एक फुटबॉल मैच के दौरान एक समर्थक पिच पर आ गया और केबल ने उसकी गर्दन को गोलपोस्ट से बांध दिया। इसके अगले दिन भी एक समर्थक कुछ देर के लिए वॉल्वरहैम्प्टन के मोलिनेक्स स्टेडियम की पिच पर आ गया और प्रदर्शन किया। 24 मार्च 2022: 6 प्रदर्शनकारियों ने टोटेनहम हॉटस्पर स्टेडियम में एक मैच को बाधित करने का प्रयास किया। सभी को तुरंत हटा दिया गया, लेकिन मैच थोड़ी देर के लिए रुक गया। ब्रिटिश ग्रैंड प्रिक्स : 3 जुलाई 2022 को जस्ट स्टॉप ऑयल समर्थक 2022 ब्रिटिश ग्रैंड प्रिक्स में रेस के दौरान ट्रैक पर चले गए। लिहाजा पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप : 17 अप्रैल को, 2023 वर्ल्ड स्नूकर चैम्पियनशिप में, रॉबर्ट मिल्किन्स और जो पेरी के बीच एक मैच के दौरान, दो प्रदर्शनकारियों ने शेफील्ड शहर के क्रूसिबल थिएटर में स्नूकर टेबल पर चढ़ने का प्रयास किया। एक प्रदर्शनकारी मेज पर चढ़ने में कामयाब रहा, उसने टेबल पर ऑरेंज पाउडर फैला दिया, जिससे खेल रात भर के लिए रुक गया। दोनों प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। रग्बी प्रीमियरशिप फाइनल : प्रदर्शनकारियों ने पिच पर आक्रमण करके और मैदान पर ऑरेंज पाउडर फेंककर 27 मई को सार्केन्स और सेल शार्क के बीच रग्बी प्रीमियरशिप फाइनल को जबरन रोक दिया था। बाद में मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया।

# स्पेशल ओलंपिक में खिलाड़ियों ने भारत का नाम किया रोशन, पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने दी बधाई




**नई दिल्ली ।**
पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है कि स्पेशल ओलंपिक भारत के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि यदि मन में बुलन्द इरादे हों तो शारिरिक अक्षमता बाधा नहीं बनती है। स्पेशल खिलाड़ियों की जीत का महत्व उनके द्वारा जीते हुए मेडल से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि ये पूरी मानवता को सभी चुनौतियों से निबटते हुए आगे बढ़ने का संदेश देते हैं। इससे सामाजिक बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए सबको समाहित करने का संदेश मिलता है। महिला खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 89 पदक जीतने को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। इन खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि स्पेशल खिलाड़ियों की यह उपलब्धि उनके जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी है। अभी उन्हें अनेक सफलताएं अर्जित करनी हैं और उन्हें उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह देश का नाम रोशन करते रहेंगे। स्पेशल ओलंपिक भारत की चैयरपर्सन मल्लिका नड्डा ने बताया कि बर्लिन में आयोजित स्पेशल ओलंपिक में देश के 198 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन खिलाड़ियों ने दुनिया भर से आये कुल पांच हजार खिलाड़ियों के बीच अद्भुत खेल प्रतिभा दिखाते हुए 76 गोल्ड और 75 सिल्वर सहित कुल 202 मेडल जीतने में सफलता हासिल की। भारत के स्पेशल खिलाडियों ने सबसे ज्यादा रोलर स्केटिंग में 31 मेडल प्राप्त किये। 102 महिला खिलाड़ियों ने भी हिस्सेदारी की और लगभग सौ मेडल प्राप्त किये। शिवानी ने अकेले तीन मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया। मल्लिका नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में सबके साथ, सबके विकास और सबके प्रयास की बात करते हैं। इस आयोजन के जरिए स्पेशल खिलाड़ियों को भी मुख्य धारा में शामिल होने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि इससे इन्हें भी देश की मुख्यधारा में समहित करने को सफलता मिलती है। क्रिकेट खिलाड़ी गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान का विषय होता है।

# द बूडल्स में लगा टेनिस सितारों का मेला, नीता अंबानी ने पहला रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप प्रदान किया



**मुंबई ।**
रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने बकिंघमशायर के स्टोक पार्क में आयोजित, द बूडल्स टेनिस इवेंट में डिएगो श्वार्ट्जमैन को रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप प्रदान किया। द बूडल्स टेनिस इवेंट को विंबलडन चैंपियनशिप से पहले एक बेहतरीन अभ्यास टेनिस इवेंट माना जाता है। स्टोक पार्क में खेला जाने वाला यह टेनिस इवेंट अपनी 19वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह 27 जून - 1 जुलाई 2023 के बीच खेला जाएगा। पूरे पांच दिन चलने वाले इस टेनिस इवेंट में हर दिन रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप पुरस्कार दिए जाएंगे। टेनिस इवेंट के पहले दिन रिलायंस फाउंडेशन की नीता अंबानी ने विजेता डिएगो श्वार्टजमैन को पहला रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप प्रदान किया उन्होंने यूके के बकिंघमशायर में स्थित एक्शन4यूथ के लिए सहायता राशि भी दी। एक्शन4यूथ आज के विजेता डिएगो श्वार्टजमैन के दिल के करीब है। इस मौके पर रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने कहा, यहां का माहौल अद्भुत है। हमें कुछ बेहतरीन टेनिस देखने को मिला। खेल के साथ धर्मार्थ सेवा करने के अवसर ने इसे और भी सार्थक बना दिया है। मैं सभी युवाओं को शुभकामनाएं देती हूं और उम्मीद करती हूं कि वे अपनी पसंद का कोई भी खेल अपनाएंगे और अपने और अपने आस-पास के लोगों के लिए उत्साह, दृढ़ विश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण लेकर आएंगे। द बूडल्स 2023 में टेनिस के सुपरस्टार्स का मेला लगा हुआ है। दुनिया के शीर्ष 20 पुरुष टेनिस खिलाड़ियों में से सात इस साल द बूडल्स टेनिस में खेल रहे हैं, जिनमें टेनिस स्टार स्टेफानोस सितसिपास (विश्व नंबर 5), होल्गर रूण (विश्व नंबर 6) और एंड्री रुबलेव (विश्व नंबर 7) शामिल हैं। महामारी के बाद द बूडल्स के मैदान पर फिर से टेनिस की वापसी हुई है। लंबे अंतराल के बाद खेल जा रहे इवेंट को लेकर टेनिस दीवानों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। भारत की स्पोर्ट्स लीडर नीता अंबानी विभिन्न खेलों से सीधी जुड़ी हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य के रूप में चुनी जाने वाली पहली भारतीय महिला हैं। जिन्होंने भारत में खेल के बुनियादी ढांचे को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही विभिन्न एथलेटिक्स संगठनों और ओलंपिक खेलों में विभिन्न एथलीटों का समर्थन करके भारत में ओलंपिक आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# एसएएफएफ चैम्पियनशिप : आखिरी मिनट गोल से ड्रॉ हुआ भारत-कुवैत मुकाबला ; 2 खिलाड़ियों को रेड कार्ड मिला



**बेंगलुरु ।**
भारत में साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैम्पियनशिप जारी है। बेंगलुरु के कंतीरवा स्टेडियम में भारत और कुवैत के बीच ग्रुप-एक का आखिरी मुकाबला 1-1 से ड्रॉ हुआ। सुनील छेत्री ने फर्स्ट हाफ के 45वें मिनट में गोल किया, लेकिन 90वें मिनट में भारत के अनवर अली ने ही कुवैत के लिए गोल कर दिया और स्कोर लाइन 1-1 पर समाप्त हुई। आखिरी मिनट गोल के बाद कुवैत के खिलाड़ियों ने भारत की बेंच के सामने एग्रेसिव सेलिब्रेशन किया। इससे पहले ही मामला बढ़ता सपोर्ट स्टाफ और रेफरी ने खिलाड़ियों को शांत करा लिया। लेकिन रेफरी ने विवाद में शामिल दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को एक-एक रेड कार्ड दिखा दिखा दिया। विवाद के कारण ही भारत के हेड कोच इगोर स्टीमाक को भी रेड कार्ड मिला। उन्हें टूर्नामेंट में भारत के पहले मैच में भी रेड कार्ड दिखाया गया था। अब वह 1 जुलाई को टीम इंडिया के सेमीफाइनल के दौरान स्टेडियम में नहीं आ सकेंगे। उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ टीम के पहले मुकाबले में भी रेड कार्ड दिखाया गया था। भारत-कुवैत मैच के साथ ही ग्रुप-ए के लीग मुकाबले खत्म हो गए है। भारत और कुवैत ने सेमीफाइनल में क्वालिफाई किया। इनका सामना ग्रुप-बी की टॉप-2 टीमों से होगा।

**भारत की शुरुआत अच्छी**

भारत ने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी। डिफेंडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई बार कुवैत के खिलाड़ियों को बॉक्स के अंदर पहुंचने से रोका। पहले 20 मिनट में कुवैत ने गोल करने की कोशिश की लेकिन हर अटैम्प्ट नाकाम रहा। इसके बाद भारत ने कुवैत को बहुत कम मौके दिए।

**छेत्री ने दागा गोल**

मैच के 45वें मिनट के एक्स्ट्रा टाइम में भारत को कॉर्नर मिला। कॉर्नर से अनिरुद्ध थापा ने बॉल ली और बॉक्स के बीच में खड़े सुनील छेत्री को दी। छेत्री ने बिना समय गवाएं राइट फुट से लेफ्ट साइड पर शॉट मार कर गोल स्कोर किया। दूसरे हाफ के शुरुआती 5 मिनट में कुवैत ने 4 और भारत ने 3 फाउल किए। भारत और कुवैत ने लगातार शॉट मारने का अटैम्प्ट किया, लेकिन किसी को भी सफलता नहीं मिली।

रेसलर्स और बृजभूषण सिंह

# 3 दिन में 1500 पन्नों की चार्जशीट पर स्टडी करेगा कोर्ट ; 1 जुलाई को होगी सुनवाई

**पानीपत।**
भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर 6 बालिग पहलवानों के यौन शोषण केस की मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि अब इस मामले में 1 जुलाई से आरोप-पत्र पर बहस होगी, जिसके बाद कोर्ट आरोप-पत्र पर संज्ञान लेगा। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने कहा कि यह एक लंबा आरोप-पत्र है। जिसके बाद उन्होंने मामले में सुनवाई स्थगित कर दी। नया आरोप-पत्र दायर किया गया है। इस पर गौर करने दिया जाए। चूंकि यह एक लंबा आरोप-पत्र है, इसलिए इस पर कुछ दिन विचार करने दिया जाए। इन 3 दिनों में कोर्ट 1500 पन्नों की चार्जशीट पर स्टडी करेगा। पहलवानों ने इस मामले की जांच के लिए कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने कोर्ट की निगरानी में मामले की जांच कराने की मांग की थी। अब महिला पहलवानों ने इस याचिका को वापस लेने की मांग की है। इस पर कोर्ट ने कहा कि मामले में आरोप-पत्र दाखिल हो चुका है। ऐसे में जांच की निगरानी की मांग वाली याचिका का अब कोई औचित्य नहीं। कोर्ट ने पहलवनों के वकील से यह भी कहा, अगर आपको लगता है कि जांच की निगरानी की जरूरत है तो नई याचिका दाखिल कर सकते हैं। बता दें कि दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल 1500 पन्नों की चार्जशीट सुनवाई की गई है। दिल्ली पुलिस ने कुछ दिन पहले राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। आरोपियों में बृजभूषण के अलावा असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर का नाम भी है। चार्जशीट में पहलवानों के





मजिस्ट्रेट के सामने दिए गए बयान को अहम आधार माना गया है। बृजभूषण के खिलाफ करीब 7 गवाह मिले हैं। वहीं यौन शोषण की कथित जगह पर उनकी मौजूदगी के भी सबूत मिले हैं। चार्जशीट की पहली सुनवाई पर कोर्ट ने इसे एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर किया था। इसके अलावा, सोमवार को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को चार्जशीट की एक कॉपी शिकायतकर्ता पहलवानों को देने के आदेश दिए हैं।

**रास्ता रोकने या पीछा करने का केस 2012 का**

दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, बृजभूषण पर जो रास्ता रोकने या पीछा करने का केस है, वह 2012 का है। इसमें शिकायत करने वाली महिला पहलवान ने बताया था कि बृजभूषण ने एक टूर्नामेंट के दौरान उसकी मां से बात की और उसे अपने कमरे में बुलाकर कस कर गले लगाया। जब महिला पहलवान घर लौटी तो अलग-अलग बहाने से कई बार उसकी मां के नंबर पर फोन करना शुरू कर दिया। उसने यह भी दावा किया कि बृजभषण की कॉल से बचने के लिए उसे अपना फोन नंबर तक बदलना पड़ा। हालांकि, इन आरोपों को साबित करने के मामले में कोई टेक्निकल एविडेंस नहीं मिले हैं। बालिग पहलवानों के केस में पुलिस ने एक हजार पन्नों की चार्जशीट पेश की। इसमें पुलिस ने पहलवानों के धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के आगे दिए बयान को चार्जशीट का प्रमुख आधार माना है। पुलिस ने कहा कि बालिग पहलवानों ने जिस जगह पर उनके साथ यौन शोषण के आरोप लगाए हैं, वहां आरोपियों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं। पहलवानों ने पुलिस को जांच के दौरान सबूत के तौर पर 5 फोटो सौंपी हैं। इसके अलावा और भी डिजिटल सबूत दिए गए, उन्हें पेन ड्राइव में कोर्ट को सौंपा गया है। चार्जशीट में करीब 25 गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं। 7 गवाहों ने पीड़ित बालिग पहलवानों के आरोपों का सपोर्ट किया है। बाकी आरोपियों के पक्ष में बोले हैं। ट्रायल के दौरान इनका क्रॉस एग्जामिनेशन होगा। पुलिस ने कजाकिस्तान, मंगोलिया और इंडोनेशिया के कुश्ती संघों से उन जगहों की फुटेज और फोटो देने को कहा है, जहां महिला पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। अभी ये नहीं मिले हैं। इनके मिलने पर पुलिस केस में सप्लीमेंट्री चालान पेश करेगी।

# बलिदान का त्योहार है बकरीद



ईद-उल-जुहा को अरबी में ईद-उत्र-अजहा और भारत मैं बकरीद भी कहा जाता है। यह उर्दू मैं बकरे या *बक्र* की बलि दैने की परंपरा है 7 ईद-उल-जुहा का मतलब है कुर्बानी का त्योहार। इस दिन, मुसलमान पैगंबर इब्राहिम के बलिदान को याद करने के लिए एक बकरे की बलि देते हैं, जो स्वेच्छा से भगवान के आदेश पर अपने बैटे की बलि दैने के लिए सहमत हुए थे।



पैगंबर इब्राहिम अपने बैटे की बलि देने वाले थे, लेकिन उन्हें पता चला कि यह उनके विश्वास की परीक्षा थी और वह इसके बजाय एक मेढ़े की बलि दे सकते थे। यह त्यौहार मक्का मैं हज यात्रा के साथ भी मेल खाता है। मस्जिदों मैं नमाज अदा की जाती है और कुर्बानी का मांस बांटा जाता है। विशेष व्यंजन तैयार किए जाते हैं और परिवार के सदस्यों और दोस्तों के बीच परोसे जाते हैं। यह त्योहार हर साल चंद्र इस्लामी कैलैंडर के आखिरी इस्लामिक महीने धू अब-हिज्जा के 10वें, 11वें और 12वें दिन मनाया जाता है। दुनिया भर के मुसलमानों द्वारा सऊदी अरब के मक्का की वार्षिक हज यात्रा के बाद जैसे ही वे माउंट अराफात से नीचे आते हैं, उत्सव शुरू हो जाता है। यह तारीख रमजान महीने की समाप्ति यानी ईंद-उल-फितर के लगभग 70 दिन बाद आती है। अनुष्ठान धू अल-हिज्जा के 12वें दिन कै सूर्यास्त तक चलते हैं। यह त्यौहार दुनिया भर मैं मुसत्रमानों के बीच बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। दिन की शुरुआत पुरुषों और महिलाओं द्वारा नई पोशाकें पहनने से होती है और वे मस्जिद की ओर बढ़ते हैं। शांति और समृद्धि त्राने के लिए उनके द्वारा विशेष प्रार्थना की जाती है। अमीर त्रोग प्रति परिवार एक जानवर की बलि देते हैं और दो-तिहाई मांस गरीबों मैं बाँट देते हैं। गरीब परिवार मिलकर एक जानवर चढ़ाते हैं। तीसरे दिन की दोपहर से पहले किसी भी समय बलि दी जा सकती है। भारत मैं बकरियों और भेड़ों की बलि दी जाती है। गरीबों को भोजन बलिदान और दान दिया जाता है। मुसलमान एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं और अपने रिश्तेदारों और दोस्तों से मित्रते हैं। इस अवसर पर विशेष व्यंजन तैयार किए जाते हैं और परोसे जाते हैं और इस शुभ दिन पर उपहारों का आदान-प्रदान भी किया जाता है।



## ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति ने दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि ईद-उल-जुहा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों ओर विदेश में बसे हुए भारतीयों, विशेषकर हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि ईद-उल-जुहा प्रेम, त्याग और बलिदान का पवित्र त्योहार है। यह त्योहार हमें त्याग के मार्ग पर चलने और निस्वार्थ सेवा भाव से मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्रपति ने देशवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि इस अवसर पर हम सब समाज में आपसी भाईचारे और परस्पर सौहार्द्र को बढ़ाने की दिशा में काम करने का संकल्प लें। उधर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को शुभकामनाएं दीं। उपराष्ट्रपति ने शुभकामना संदेश में कहा कि ईद-उल-जुहा के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। ईद-उल-जुहा त्याग व निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अवसर है। यह सभी परिवारों और समुदायों द्वारा आपस में खुशियां और शुभकामनाएं साझा करने का भी अवसर है। यह ईद हम सभी के लिए शांति, समृद्धि और खुशियां लेकर आए, यही मंगल कामना है।




मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**